✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 52 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

ब्रिटेन में 16 साल की उम्र में युवा दे सकेंगे वोट

संक्षिप्त समाचार

रिटायर्ड होमगार्ड को गोली मारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सहरसा। सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक रिटायर्ड होमगार्ड को उनके ही पड़ोसियों ने गोली मार दी। घटना महेशपुर वार्ड संख्या 9 की है, जहां 61 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद यादव को सीने में गोली मार दी गई। गोली लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों ने घायलावस्था में उन्हें तुरंत सहरसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और पीड़ित का बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलु की जांच कर रही है।

युवती से गैंगरेप, चार आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा में मंगलवार को एक महादलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की शर्मनाक घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, युवती लखनऊ से इलाज कराकर लौट रही थी। इसी दौरान ई-रिक्शा से घर जाते समय चार युवकों ने उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया। घटना की जानकारी मिलते ही नवादा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 18 घंटे में सभी चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुमताज मंसूरी, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अरमान और मोहम्मद साबिर शामिल हैं। सदर एसडीपीओ-1 हुलास कुमार ने बताया कि सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

खगड़िया में डूबने से तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

खगड़िया (बेलदौर)। बिहार के खगड़िया जिले में बेलदौर थाना क्षेत्र के पीनगरा गांव में तालाब में नहाने के दौरान तीन मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में दो लड़के और एक लड़की शामिल हैं। हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, और गांव में गमगीन सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक बच्चों में ऋषव कुमार और राजकुमार नामक दो लड़के गांव के सरकारी विद्यालय में पढ़ाई करने के बाद लौट रहे थे। रास्ते में तालाब के पास पहुंचने पर गर्मी के कारण दोनों नहाने के लिए तालाब में उतर गए। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। वहीं, एक अन्य बच्ची भी पास के एक गहरे गड्ढे में चली गई, जिससे उसकी भी मौत हो गई।

गोपाल खेमका हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग

पटना। बिहार में हाल के दिनों में घटित गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने आज राज्यपाल से मुलाकात कर इन दोनों मामलों की सीबीआई जांच की मांग की है और कहा है कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

बिहार के हर गांव एवं टोला तक अच्छी सड़क पहुंचाना हमारा लक्ष्य : नीतीश

11,346 सड़कों और 730 पुलों का कार्यारंभ व शिलान्यास, इन सड़कों और पुलों से आवागमन में होगी और अधिक सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को 11,346 सड़कों और 730 पुलों का कार्यारंभ व शिलान्यास कर बिहार को 21,406 करोड़ 36 लाख रूपये की परियोजनाओं का तोहफा दिया। ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कार्यारंभ एवं शिलान्यास किए गए ग्रामीण सड़कों एवं सेतु की योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण में दीपक कुमार सिंह ने ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत योजनावार ग्रामीण सड़कों एवं पुलों के निर्माण की अद्यतन स्थिति, निर्मित ग्रामीण पथों के नवीनीकरण / उन्नयन की विवरणी, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना तथा सुलभ संपर्कता योजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति को भी साझा किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण तथा रख-रखाव काफी अच्छे ढंग से किया जा रहा है, इसके लिए मैं विभाग को बधाई देता हूं। उन्होने कहा कि ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, सुलभ समपर्कता योजना सहित अन्य कई योजनाओं के माध्यम से हर गांव के टोलों तक पक्की सड़कों का निर्माण सुनिश्चित किया गया है ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत मिल सके। हम लोगों ने पूरे बिहार में शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण इलाके, हर जगह के लोगों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाया है उसे और बेहतर बनाने की हरसंभव कोशिश जारी है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन योजनाओं का कार्यारंभ एवं शिलान्यास किया गया है, वह तय समय-सीमा के अंदर पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। इन सड़कों तथा पुलों के बन जाने से लोगों को आवागमन में और अधिक सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के मध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम संपर्कता हेतु ग्रामीण पथों पर छूटे हुए हुए पुल पुल/ पहुंच / पथ इत्यादि के निर्माण हेतु पूर्व में मुख्यमंत्री सेतु योजना लागू थी जिसे पुनः प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अंतर्गत 409 पुलों जिसकी कुल स्वीकृत राशि 1 हजार 859 करोड़ रुपये तथा राज्य योजना अंतर्गत कुल 5 योजनाओं, जिसकी कुल स्वीकृत राशि 48 करोड़ रुपये है, का कार्यारम्भ किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कुल 295 पुलों, जिसकी स्वीकृत राशि 1 हजार 792 करोड रुपये है तथा राज्य योजनान्तर्गत कुल 24 योजनाओं, जिसकी स्वीकृत राशि 279 करोड़ रुपये है, का शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत बिहार राज्य में 100 या इससे अधिक आबादी वाले छुटे बसावटों / टोलों को बारहमासी एकल सड़क सम्पर्कता प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस0 सिद्धार्थ उपस्थित थे।

कांव नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अकोढ़ीगोला। थाना क्षेत्र के बाघाखोह गांव में गुरुवार की शाम कांव नदी में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। हादसे में दस वर्षीय मुन्ना कुमार व आठ वर्षीय शशि कुमार, दोनों पुत्र रामश्रवण सिंह यादव, तथा बारह वर्षीय कुंदन कुमार, पुत्र बिनोद सिंह की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, गांव के पांच बच्चे नहाने के लिए नदी गए थे। नहाने के दौरान तीन बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ नहा रहे दो बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव का प्रयास किया। जब तक बच्चों को नदी से बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही अकोढ़ीगोला राजपुर पुलिस एवं अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना घटनास्थल पर पहुंची। घटना से गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

बिहार को आज कई योजनाओं की सौगात देंगे पीएम मोदी बिहार :125 यूनिट मुफ्त बिजली का तोहफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जुलाई को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। वह सुबह 11:30 बजे मोतिहारी जिले में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वह पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और दोपहर 3 बजे दुर्गापुर में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सम्पर्क और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें समस्तीपुर-बछवाड़ा रेल लाइन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग शामिल है, जिससे इस खंड पर कुशल रेल संचालन संभव होगा। दरभंगा-थलवाड़ा और समस्तीपुर-रामभद्रपुर रेल लाइनों का दोहरीकरण, 580 करोड़ रुपये से अधिक की दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण परियोजना का हिस्सा है और इससे रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी और देरी में कमी आएगी। प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। रेल परियोजनाओं में पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव हेतु बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। भटनी-छपरा ग्रामीण रेल लाइन पर स्वचालित सिग्नलिंग से सुव्यवस्थित रेल संचालन संभव होगा। 4,080 करोड़ रुपये की लागत वाली दरभंगा-नरकटियागंज रेल

लाइन दोहरीकरण परियोजना से रेल लाइन की क्षमता बढ़ेगी। अधिक यात्री और मालगाड़ियों का संचालन संभव होगा और उत्तर बिहार और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क मज़बूत होगा। क्षेत्र में सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री एनएच-319 पर 4-लेन के आरा बाइपास की आधारशिला रखेंगे जो आरा-मोहनिया एनएच-319 और पटना-बक्सर एनएच-922 को जोड़ेगा, जिससे निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री 820 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले एनएच-319 के परारिया से मोहनिया तक 4-लेन वाले खंड का भी उद्घाटन करेंगे। यह एनएच-319 का वह हिस्सा है जो आरा शहर को एनएच-02 से जोड़ता है। इससे माल और यात्री यातायात में सुधार होगा। इसके अलावा, एनएच-333सी पर सरवन से चकाई तक पक्की सड़क के साथ 2-लेन का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे माल और लोगों की आवाजाही सुगम होगी और बिहार और झारखंड के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगा। प्रधानमंत्री दरभंगा में नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया और पटना में एसटीपीआई की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधा का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बिहार में मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र को मज़बूत करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मंजूर मत्स्य विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला का उद्घाटन करेंगे। भविष्य के लिए तैयार रेलवे नेटवर्क की अपनी कल्पना के अनुरूप, प्रधानमंत्री राजेन्द्र नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली, दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर) और मालदा टाउन से लखनऊ के बीच भागलपुर के रास्ते चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। प्रधानमंत्री दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहार में लगभग 61,500 स्वयं सहायता समूहों को 400 करोड़ भी जारी करेंगे। महिला-नेतृत्व वाले विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री 12 हजार लाभार्थियों के गृह प्रवेश के तहत कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपेंगे और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 40 हजार लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करेंगे।

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजनीति में इन दिनों बिजली की तरह गर्मी बढ़ गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी रण में उतरने से पहले प्रदेश की 14 करोड़ जनता को एक बड़ी सौगात देकर सियासी बिसात पर नया पासा फेंका है। उन्होंने ऐलान किया है कि 1 अगस्त 2025 से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। यह योजना जुलाई के बिल से ही प्रभावी होगी और इससे करीब 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को सीधा लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि हम शुरू से ही सस्ती दरों पर बिजली दे रहे हैं। अब तय किया गया है कि 1 अगस्त से 125 यूनिट तक की बिजली मुफ्त होगी। लोगों को इसका असर जुलाई बिल में ही दिखने लगेगा।

हर घर बिजली, अब सोलर भी

नीतीश कुमार ने यह भी ऐलान किया कि अगले तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की सहमति से उनके घरों की छतों या आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए इसकी पूरी लागत राज्य सरकार वहन करेगी। शेष उपभोक्ताओं को भी सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2028 तक राज्य में 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता विकसित की जाए, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आएगी और प्रदूषण भी घटेगा।



चुनाव से पहले बड़ा मास्टरस्ट्रोक

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला नीतीश सरकार का चुनावी 'गेमचेंजर' साबित हो सकता है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के करोड़ों मतदाताओं पर सीधा असर होगा। एक समय था जब बिहार में लालटेन की रोशनी ही सहारा होती थी, अब सरकार हर घर को रोशन और सशक्त करने के मिशन पर है। बिजली सब्सिडी को लेकर अक्सर दिल्ली सरकार के मॉडल की चर्चा होती है, जहां 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती है। अब बिहार भी इस राह पर चल पड़ा है। राज्य सरकार का दावा है कि बिजली का यह राहत पैकेज ना सिर्फ आर्थिक बोझ कम करेगा, बल्कि टिकाऊ ऊर्जा की ओर भी एक मजबूत कदम होगा।

एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने एनटीपीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। वे 1 अगस्त 2025 से अपने सेवानिवृत्त होने की तिथि के बाद भी 31 जुलाई 2026 तक अनुबंध के आधार पर पद पर बने रहेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने इस संबंध में बिजली मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नियुक्ति का कार्यकाल या तो एक वर्ष तक रहेगा, या फिर नियमित नियुक्ति होने तक, अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, नियुक्ति की शर्तें बिजली मंत्रालय और सार्वजनिक उद्यम विभाग के बीच परामर्श के बाद तय की

जाएगी। गुरदीप सिंह एनटीपीसी में बीते कई वर्षों से शीर्ष पद पर हैं और उनके नेतृत्व में कंपनी ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी कई नए कदम उठाए हैं। उनके कार्यकाल विस्तार को ऊर्जा क्षेत्र में अनुभव और नेतृत्व की निरंतरता से जोड़कर देखा जा रहा है।

मेला समिति अध्यक्ष की बेरहमी से हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोगरी (खगड़िया)। बिहार के खगड़िया जिले में अपराधियों का तांडव एक बार फिर देखने को मिला है। गोगरी थाना क्षेत्र के जमालपुर बाजार में विषहरी मेला समिति के अध्यक्ष राजकिशोर निषाद की बुधवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, जबकि परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकिशोर निषाद विषहरी स्थान से पूजा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाकर बैठे बदमाशों ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य : शिवराज सिंह चौहान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज डॉ. राजेंद्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विक्रमशिला छात्रावास और आर्यावर्त अंतरराष्ट्रीय अतिथि गृह का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने दो महत्वपूर्ण पुस्तकों - पूसा बिहार दी बर्थप्लेस ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च एंड एजुकेशन और टेक्स्टबुक ऑन नेचुरल फॉर्मिंग का विमोचन किया। श्री चौहान ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिथिलांचल का प्रवेश द्वार समस्तीपुर है। उन्होंने भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद और कर्पूरी ठाकुर को इस अवसर पर याद करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त किया। श्री चौहान ने बिहार में मक्का, लीची और मखाना के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि की सराहना करते हुए मखाना बोर्ड के गठन के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने हाल ही में घोषित प्रधानमंत्री धन धान्य योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत 100 जिलों में कृषि उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और अनुसंधान को व्यावहारिक उपयोग में लाएं और भारत की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान दें। इस दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, कृषि राज्य मंत्री, भारत सरकार; उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, सूचना जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, समस्तीपुर सांसद शाम्भवी भी उपस्थित रहे।

जदयू प्रखंड अध्यक्ष के पिता की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। बिहार में अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत अमरा गांव से सामने आया है, जहां अज्ञात हमलावरों ने जदयू के युवा प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ भोला के पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान 55 वर्षीय पारसनाथ सिंह के रूप में हुई है। पारसनाथ सिंह ने दो महीने पहले ही गांव में एक गोशाला का निर्माण कराया था और वहीं रहकर मवेशियों की देखरेख कर रहे थे। बुधवार देर रात अपराधियों ने गोशाला में घुसकर धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब लोग गोशाला पहुंचे तो खून से लथपथ उनका शव देखकर इलाके में सनसनी फैल गई। पारसनाथ सिंह तीन बेटों के पिता थे। उनके बड़े बेटे राकेश कुमार उर्फ भोला जदयू के युवा प्रखंड

अध्यक्ष हैं। पारसनाथ सिंह समय मिलने पर ऑटो चलाकर परिवार की आर्थिक मदद भी करते थे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है और उनकी पत्नी शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही तिलौथू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने गांव में संभावित संदिग्धों से पूछताछ भी शुरू कर दी है।

स्वच्छता में पटना की बड़ी छलांग

▶ पटना देश भर के 21 शहरों में शामिल ▶ गंगा टाउन में चार नंबर पर पहुंचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कभी स्वच्छता की दौड़ में पीछे माना जाने वाला शहर आज देशभर के हजारों शहरों के बीच अपनी एक स्वच्छ पहचान के साथ एक अलग छवि प्रस्तुत कर रहा है। पटना नगर निगम को स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन हेतु दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मान प्राप्त हुआ।

स्वच्छता की राह पर तेजी से बढ़ता पटना

नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि पटना ने स्वच्छता के क्षेत्र में बीते वर्षों में असाधारण प्रगति की है और यह सम्मान कर्मियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। आमजनों को सुविधा देने वाला पिंक टॉयलेट, लू कैफे एवं निगम नीर एवं मेवहॉल एम्बुलेंस की गाड़ियां पटना नगर निगम की वेस्ट गाड़ियों से तैयार कर सफल पूर्वक इस्तेमाल किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत सिटीजन फीडबैक कैटेगरी में पटना 4था स्थान मिला। यह स्थान केवल सरकारी प्रयासों का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें शहरवासियों की जागरूकता और भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई है। नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए फीडबैक जुटाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए।

जनजागरूकता से बदली छवि- पटना नगर निगम द्वारा मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया पोस्ट, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैलियां और स्कूलों-कॉलेजों में प्रतियोगिताएं आयोजित कर आम लोगों को इस मुहिम से जोड़ा गया। नगर निगम की टीम ने घर-घर जाकर लोगों से फीडबैक फॉर्म भरवाए जिससे न केवल सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ी बल्कि स्वच्छता के प्रति नागरिकों की सक्रियता और समझ भी गहरी हुई। यह प्रयास पटना के समग्र प्रदर्शन में एक मजबूत आधार साबित हुआ। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर उन्हें स्वच्छ स्थल के रूप में विकसित किया गया। इन स्थलों पर सफाई कर्मियों के साथ मिलकर पिकनिक आयोजित की गई ताकि न केवल स्वच्छता का संदेश दिया जा सके बल्कि कर्मियों का मनोबल भी बढ़ाया जाए।

जन जागरूकता – सड़क पर कचरा फेंकने 'सड़क शत्रु': इसके साथ ही शहर में 'नो लिटरिंग जोन', 'स्वच्छता एप्लिकेशन' और 'स्वच्छ गार्डन' जैसी योजनाएं लागू की गई जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। सड़क पर कचरा फेंकने वालों को 'सड़क शत्रु' के रूप में चिह्नित किया गया और उन्हें न केवल जागरूक किया गया बल्कि सार्वजनिक रूप से शहर को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई।

स्वच्छता का राष्ट्रीय सम्मान, हर पटनावासी का सम्मान

सब मिलकर आदतें सुधारें तो और बड़ी बनेगी पहचान : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में पटना नगर निगम को मिले सम्मान से हर्षित पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने सभी पटनावासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी के लिए तथा बिहार में सबसे बेहतर स्वच्छता के लिए पटना नगर को मिला सम्मान पटना के हर व्यक्ति का सम्मान है। स्वच्छता के क्षेत्र में सभी ने मिलकर काम किया है जिससे पटना की रैंकिंग में सुधार आया है। फिर भी हमें बहुत काम करना बाकी है। हम सबको संयुक्त रूप से अपनी आदतों में सुधार लाना होगा। घर पर ही गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग करना होगा ताकि उनका आसानी से डिस्पोजल हो सके। इसी तरह इधर-उधर थूकने और मलमूत्र त्यागने की आदत बंद करनी होगी। समेकित प्रयासों से ही शहर स्वच्छ और सुंदर होगा।

एसबीआई में राजभाषा की समीक्षा बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक के. वि. बंगारराजु ने की। बैठक का आरंभ मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल के स्वागत भाषण तथा उद्देश्य व्याख्या से हुआ। उक्त बैठक में बैंक के राजभाषा विभाग द्वारा तैयार की गई गृह-पत्रिका का विमोचन किया गया। पत्रिका का विमोचन करते हुए करते हुए पटना नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं सफाई कर्मचारी सुलेखा एवं मानती और नगर निगम की टीम उपस्थित रही। मंडल के नव मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने कहा कि पत्रिका हमारी संस्थागत गतिविधियों का आईना ही नहीं बल्कि एक ऐसा मंच है जो बैंक स्टाफ सदस्यों की रचना धर्मिता को प्रोत्साहन देती है। महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं आर. नटराजन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि व्यवसाय में हिंदी के प्रयोग से हमें प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। अतः हिंदी का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व होने के साथ-साथ हमारी व्यावसायिक जरूरत भी है। वक्ताओं ने हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने वाले स्टाफ सदस्यों एवं हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बैठक में सभी उप महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। डॉ संजय कुमार सिंह सहायक महाप्रबंधक राजभाषा ने बैठक का संचालन किया तथा देवेश कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक राजभाषा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पारस अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या पर गरमायी सियासत

पप्पू यादव ने बिहार में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना के पारस अस्पताल के आईसीयू में घुस कर गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोली मार कर हत्या की घटना पर सियासत भी शुरू हो गई है। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव घटनास्थल पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें अस्पताल के अंदर जाने से रोक दिया जिस पर सांसद पप्पू यादव भड़क गए और पुलिस-प्रशासन के साथ-साथ एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। मीडिया से बात करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। यहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। इसके बाद पप्पू यादव ने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। राज्यपाल से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं, बल्कि भाजपा शासन चला रही है। राज्य का पूरा सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। अब सिर्फ राष्ट्रपति शासन ही विकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने गोपाल खेमका हत्याकांड और बालू व्यवसायी रमाकांत यादव हत्याकांड की सीबीआई जांच की भी मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार पुलिस जाति देखकर कार्रवाई करती है और हर बड़े मामले को दबाने में लगी रहती है। उन्होंने कहा हर जगह अपराधी बेखौफ हैं, पुलिस सिर्फ दिखावा कर रही है। इसलिए हम राज्यपाल से मिले हैं और स्पष्ट मांग की है कि बिहार में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। वहीं ललन सिंह के मटन पार्टी आयोजन को लेकर पप्पू यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब राज्य में लोग सुरक्षित नहीं हैं तो कौन क्या पार्टी करेगा? मटन पार्टी करें या कुछ और क्या फर्क पड़ता है? जब आदमी ही नहीं बचेगा तो पार्टी कौन खाएगा? वहीं प्रशांत किशोर और ललन सिंह को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी अपनी राजनीति है और हमारी राजनीति बिहार की 14 करोड़ जनता की सुरक्षा को लेकर है। उधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अपराधियों ने अस्पताल में भर्ती मरीज को आईसीयू में घुसकर मारी गोली। बिहार में कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं। 2005 से पहले ऐसे होता था क्या। वहीं कांग्रेस ने कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि बिहार देश का क्राइम कैपिटल है। एक कैदी को अस्पताल के वार्ड में गोली मारी जाती है। इससे यह साफ है कि बिहार में पुलिस का इकबाल खत्म हो चुका है। नीतीश कुमार आपके राज में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। इस बीच तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि भतीजा, याद है न आपके डैडी और मम्मी ही साक्षात बिराजमान हैं 10 नंबर में। 2005 के पहले आपके दल के नेता बृज बिहारी प्रसाद को सरेआम गोलियों से भून डाला गया था। पुलिस अभिरक्षा में थे वे। उस समय आपके पिता जी को राजनैतिक कोरोना हो गया था। नीतीश कुमार के राज में अपराधी के खिलाफ मुकम्मल कार्रवाई होता है। ये बिहार की जनता जानती है। नीरज कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल में जो विभिन्न मामलों के आरोपी पर गोली चलाने की घटना हुई वो निजी अस्पताल का मैटर है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड है।

आज कैबिनेट की दूसरी बैठक

बड़े फैसलों को दी जा सकती है मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीन दिनों के अंदर शुक्रवार को फिर कैबिनेट की बैठक बुलाई है। मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में शाम पांच बजे से यह बैठक शुरू होगी। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा सभी विभागों के मंत्री मौजूद रहेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि चुनावी साल में मुख्यमंत्री राज्य के लोगों को बड़ी सौगात दे सकते हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है। चुनाव से पहले सरकार जनता से अब तक किए गए सभी वादे पूरे कर लेना चाहती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कई बार इस बात को कह चुके हैं कि चुनाव से पहले सभी काम को पूरा कर लेना है। सभी काम को पूरा करने के बाद ही जनता के सामने वोट मांगने के लिए जाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव से पहले जो भी कैबिनेट की बैठक होगी, वह काफी अहम होगा। कैबिनेट की बैठक में सरकार उन प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाएगी जो काफी अहम हैं। बिहार में अब तक लाखों लोगों को नौकरी मिल चुकी है और सरकार लगातार इस पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बिहार के युवाओं से एक करोड़ नौकरी और रोजगार का वादा किया था जिसे वह हर हाल में पूरा कर लेना चाहते हैं। शुक्रवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में मुफ्त बिजली को लेकर प्रस्ताव आ सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सुबह ही अपने सोशल मीडिया एकाउंट से 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने इसी माह से इस घोषणा को लागू करने की बात भी कही है। ऐसे में माना जा रहा है कि कैबिनेट में इसको लेकर प्रस्ताव आ सकता है। चुनावी साल में सरकार और भी कई सौगात राज्य के लोगों को दे सकती है।

रेलवे बोर्ड के सतीश कुमार ने राजेन्द्रनगर-राजेन्द्रपुल-कर्पूरीग्राम-बापूधाम मोतिहारी रेलखंड का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा राजेन्द्रनगर टर्मिनल-राजेन्द्रपुल-कर्पूरीग्राम-बापूधाम मोतिहारी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार द्वारा सर्वप्रथम पटना जं. के समीप हार्डिंग पार्क में निर्माणाधीन 5 टर्मिनल प्लेटफॉर्म का जायजा लिया।

टी सी एच एडुसर्व में नया बैच शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा 4.O, सी-टेट, एस टी ई टी, की तैयारी हेतु बिहार की अग्रिम शिक्षण संस्थान टी सी एच एडुसर्व में नया बैच मंगलवार से शुरू होगी। एस एस सी एवं बैंकिंग की बैच 15 जुलाई से शुरू हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बैच में टेस्ट सीरीज बिल्कुल मुफ्त दी जाएगी एवं प्रतिदिन 3 घंटे की क्लास चलेगी। संस्थान ने पिछले 5 वर्षों में 10,000 से अधिक विद्यार्थियो के सफलता में भूमिका निभाई है। संस्थान के निदेशक सौरव झा ने बताया कि अभी सभी तरह के कोर्स पर छूट दी जा रही है एवं एस एस सी, रेलवे, बैंकिंग के बैच में नामांकन पर विद्यार्थियों के अंक के आधार पर छूट दी जा रही है।

विधान सभा के दलीय नेताओं की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। 21 जुलाई से प्रारंभ हो रहे बिहार विधान मंडल के आगामी सत्र के सफल संचालन हेतु बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय कक्ष में 5 बजे अपराह्न में बिहार विधान सभा के दलीय नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि इस सत्र के सफल और शांतिपूर्ण संचालन हेतु यह महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। यह 17वीं विधान सभा का अंतिम सत्र है जिसमें आप सभी का सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। मेरा मानना है कि यदि सत्र सुचारू रूप से चले तो इस सत्र में अधिकाधिक कार्यों को निष्पादित किया जा सकेगा। मुझे विश्वास है कि आगामी सत्र में इस सदन में जनहित के विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श होगा एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष परस्पर सहयोग से जन समस्याओं का समाधान करेंगे। इस सत्र के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु मेरा यह प्रयास रहेगा कि स्थापित परंपराओं, नियमों एवं बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के प्रावधानों के तहत आप सभी के सहयोग से सदन में सकारात्मक माहौल में चर्चा हो। व्यवस्थित ढंग से सदन चलाने में सभी दलों से सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा, ऐसी मेरी अपेक्षा है। प्रश्नोत्तर काल बाधित न हो, इसका ध्यान सभी को रखना है। बैठक में पक्ष एव विपक्ष के सभी नेताओं ने प्रश्न काल सहित सदन के सभी बिजनेस को गंभीरता से चलाने में अध्यक्ष को सकारात्मक सहयोग देने पर अपनी सहमति दी। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सदस्य जनक सिंह, अख्तरुल इमाम, अजय कुमार, राजेश कुमार, अख्तरुल ईस्लाम शाहीन, अनिल कुमार तथा बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह एवं सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

वर्षों से लंबित प्रोन्नति के मामलों का होगा निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार के आदेशानुसार, कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने गुरुवार शाम बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर नवीन कुमार अग्रवाल से विकास भवन, पटना स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुंगेर विश्वविद्यालय हेतु भूमि अधिग्रहण एवं स्नातकोत्तर विभाग की मान्यता के संबंध में बताया गया कि आगामी विधानसभा सत्र, जो 22 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक आयोजित हो रहा है, में अनुमति प्राप्त कर ली जाएगी। तत्पश्चात राज्यपाल सह कुलाधिपति के अनुमोदन के पश्चात इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। भूमि अधिग्रहण हेतु प्राक्कलन जिलाधिकारी द्वारा तैयार कर भेजा जाएगा जिसके पश्चात प्राक्कलित राशि जारी की जाएगी। स्नातकोत्तर विभाग में कुछ नए पाठ्यक्रमों की मान्यता की जानकारी प्राप्त हुई है जो अन्य को प्राप्त नहीं हुई होगी। रेशनलाइजेशन से संबंधित पत्र प्राप्त किया गया जो तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय का है। अब मुंगेर विश्वविद्यालय को अपने स्तर से ही युक्तिकरण, रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। मुंगेर विश्वविद्यालय के दो सेवानिवृत्त प्राध्यपकों की प्रोन्नति से संबंधित मामले को कुलाधिपति के समक्ष पांच सप्ताह में निष्पादित करने का आश्वासन दिया गया।

चुनाव आयोग पूरी तरह भाजपा के इशारे पर काम कर रहा : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को चुनाव आयोग पर जम कर हमला बोला। राजद के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि अब कोई संदेह नहीं बचा है चुनाव आयोग पूरी तरह से भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। तेजस्वी ने एसआईआर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के गहन परीक्षण के नाम पर दलित और वंचित तबके के लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने खासकर यादव बहुल क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की आशंका जताई है। तेजस्वी ने इस मुद्दे पर जल्द ही ठोस कार्रवाई का ऐलान किया है। तेजस्वी ने कहा कि तीन दिन पहले 35 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की खबर आई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह काम अभी शुरू ही होना है तो यह जानकारी कैसे सामने आई।

इनर ह्वील क्लब आशियाना पटना की अध्यक्ष बनीं सुजाता शर्मा

सावन उत्सव के साथ नए सत्र की भव्य शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। इनर ह्वील क्लब आशियाना पटना ने अपने नए कार्यकाल 2025-26 की शुरुआत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के इंस्टॉलेशन समारोह के साथ की। इस अवसर पर सुजाता शर्मा ने क्लब की अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। उनके साथ उपाध्यक्ष भारती सिंह, पूजा वर्मा, अंजली प्रसाद, निशा गुप्ता तथा पूर्णिमा ने भी अपने-अपने दायित्व ग्रहण किए। इंस्टॉलेशन समारोह के उपरांत क्लब की सभी सदस्यों ने मिलकर पारंपरिक उल्लास के साथ सावन फेस्टिवल का आयोजन किया। हरियाली और उत्साह से सजे इस कार्यक्रम में गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सामाजिक समर्पण की झलक देखने को मिली। अध्यक्ष बनने के बाद अपने संबोधन में सुजाता शर्मा ने कहा इनर ह्वील क्लब आशियाना सदैव समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य करता रहा है और आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित रहेगा। हमारा उद्देश्य सेवा को संस्कार में बदलना है। इस अवसर पर क्लब की पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहीं और नए कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एकता, सेवा और नारी शक्ति की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली।

ऑटिज्म पर विशेष कार्य करेगी रोटरी पटना सिटी : डॉ. बी.एम. प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बैठक में रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी का 35वां इंस्टॉलेशन समारोह सह डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. बी. एम. प्रसाद, सचिव रोटेरियन विष्णु झुनझुनवाला एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन रव्यांशु प्रीत ने 2025-26 सत्र के लिए अपने दायित्वों का विधिवत रूप से ग्रहण किया। समारोह में रोटरी मंडल 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो नम्रता नाथ, असिस्टेंट गवर्नर उमेश कुमार सहित अनेक गणमान्य सदस्य, पूर्व अध्यक्षगण और समाजसेवी शामिल हुए। वहीं अध्यक्ष डॉ. बी. एम. प्रसाद ने बताया कि सत्र 2025-26 में रोटरी पटना सिटी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के साथ-साथ ऑटिज्म के क्षेत्र में विशेष कार्य किया जाएगा। बैठक में आइपीएस विकास वैभव, पूर्व मंत्री श्याम रजक सहित कई गणमान्य सामाजिक व्यक्तियों ने रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की सदस्यता ग्रहण की।

अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त चार नये अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त 04 नये अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। 18 जुलाई 2025 को इन 04 नये अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन 18.07.2025 को गाड़ी सं. 03261 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली उद्घाटन स्पेशल के रूप में राजेन्द्रनगर से किया जाएगा। यह स्पेशल राजेन्द्रनगर से 11.45 बजे खुलकर पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, डीडीयू, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी एवं गाजियाबाद रूकते हुए अगले दिन 04.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन 18.07.2025 को गाड़ी सं. 05561 दरभंगा-गोमतीनगर उद्घाटन स्पेशल के रूप में दरभंगा से किया जाएगा।

बासा भवन में सावन मिलन का सांस्कृतिक उल्लास, पारंपरिक गीत-नृत्य से सजी शाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सावन के सौंदर्य और भारतीय परंपराओं की सरसता को समर्पित सावन मिलन समारोह का आयोजन गुरुवार को बिहार प्रशासनिक सेवा वाइफ्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी स्थित बासा भवन, इनकम टैक्स, पटना में बड़े ही पारंपरिक और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष नीलू कुमारी ने की जबकि आयोजन की समग्र रूपरेखा सचिव राखी माधुर एवं कोषाध्यक्ष छाया दर्द के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां, रैंप वाक, पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियां, गीत, झूला एवं सावन क्वीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बिहार प्रशासनिक सेवा वाइफ्स एसोसिएशन की सदस्याओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सावन के लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर 'नमो नमो हे संकरा', 'आया सावन झूम के', 'चूड़ी मजा न देगी', 'सावन में मोरनी बन कर छम छम नाचूं', जैसे सावनी गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। प्रीति, अर्चना, निहारिका, अनीता, राखी, छाया, सुनीता और कविता ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया। वहीं कार्यक्रम में श्वेताम्बरी, पूनम, स्वीटी, राधा, मोनिका, नीलिमा, सुषमा समेत अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं और पूरे आयोजन को उल्लास और आत्मीयता से भर दिया।

विकसित भारत के लिए विकसित बिहार

₹ 7200 करोड़ से अधिक की
रेल, सड़क, मत्स्य, ग्रामीण विकास और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी विकास परियोजनाओं
का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण

- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा • मछली पालकों की आय में वृद्धि • क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी
- दरभंगा–नरकटियागंज रेलखंड के दोहरीकरण से सेक्शनल क्षमता में वृद्धि जिससे उत्तर बिहार का देश के अन्य हिस्सों से होगा बेहतर संपर्क
- 12,000 लाभार्थियों का घर का सपना हुआ साकार • डीएवाई–एनआरएलएम के तहत 61,500 स्वयं सहायता समूहों को ₹400 करोड़ की सामुदायिक पूँजी का वितरण
- पीएमएवाई–जी के तहत 40,000 लाभार्थियों को किश्तें • सॉफ्टवेयर आईटी पार्कों से तकनीकी स्टार्ट–अप इकोसिस्टम को बढ़ावा

तथा

4 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों

- बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल)
- राजेन्द्र नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली
- मालदा टाउन से भागलपुर होते हुए लखनऊ (गोमती नगर)
- दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर)

का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

- बेहतर इंटीरियर डिजाइन • एयर स्प्रिंग सस्पेंशन से यात्रा बनेगी आरामदायक • मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप से सुसज्जित • सीसीटीवी और कवच जैसी उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ • कम समय में तेज और ऊर्जा–कुशल यात्रा
- किफायती कीमत पर पूरी तरह से नॉन–एसी कोच

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 | प्रात: 11:00 बजे | मोतिहारी, बिहार

गरिमामयी उपस्थिति

आरिफ मोहम्मद खान
राज्यपाल, बिहार

नीतीश कुमार
मुख्यमंत्री, बिहार

नितिन जयराम गडकरी
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

जीतन राम मांझी
केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री

राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह
केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री

गिरिराज सिंह
केंद्रीय कपड़ा मंत्री

अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

चिराग पासवान
केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

राम नाथ ठाकुर
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री

नित्यानंद राय
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

सतीश चंद्र दुबे
केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री

राज भूषण चौधरी
केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री

सम्राट चौधरी
उपमुख्यमंत्री, बिहार

विजय कुमार सिन्हा
उपमुख्यमंत्री, बिहार

DD NEWS डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण देखें
भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें: /RailMinIndia

संक्षिप्त समाचार

यदुनन्दन पासवान बनें जदयू अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष

कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत के पनसगवा गांव निवासी यदुनन्दन पासवान को जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देवनन्दन मांझी ने पत्र जारी कर इसकी मनोनयन की सूचना जिला उपाध्यक्ष को दिया है। यदुनन्दन पासवान को जिला उपाध्यक्ष बनने पर जदयू प्रखण्ड सह 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,ईश्वरी महतो,शिवालक प्रसाद आदि ने बधाई दिया है।

कौआकोल में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत

कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में वज्रपात से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी लगभग 45 वर्षीय राजेश साव उर्फ राजो साव,पिता-स्व० शिवनन्दन साव अपने खेत में काम कर रहे थे। अचानक गुरुवार को तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में उनकी मौत हो गई। आनन फानन में स्वजनों द्वारा इसकी सूचना 102 को दी गई। जिसके बाद सरकारी एम्बुलेंस से शव को कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

आश्रितों को दिया गया 4 लाख रुपए का चेक

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रहुई थाना क्षेत्र के चंदुआरा गांव में बुधवार को ठनका गिरने से एक व्यक्ति राम विलास यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मराज कुमार ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और आपदा प्रबंधन के तहत चार लाख रुपए की अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया।

लूट के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पुलिस ने दो सड़क लुटेरे को गिरफ्तार किया। उसके पास से लुट का मोबाइल मिला। घटना नालंदा थाना क्षेत्र के नालंदा सैनिक स्कूल पथ की है। थाना प्रभारी निशि कुमार ने बताया कि 17 मई को हिसार की रहने वाली महिला ई रिक्शा से सैनिक बेटी को लाने जा रही थी। महिला के पति फौज में हैं। तभी कुल भदारी गांव के पास ईंट भट्ठे के समिप बाइक सवार लुटेरे पर्स छीनकर फरार हो गया था। श्याम नगर के अनिल यादव का पुत्र धर्मेंद्र कुमार उर्फ मल्ली एवं मिथिलेश सिंह का पुत्र अभिषेक कुमार को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया। अभिषेक के पास से मोबाइल बरामद हुआ। दोनों को न्यायालय के सुपूर्त कर दिया गया।

जेवर दुकान का शटर तोड़ पांच लाख के जेवरात चोरी

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने शटर तोड़कर उसमें रखे जेवरात ले भागे। घटना नालंदा खंडहर के समिप सारिलचक मोड़ के पास की है। दुकानदार अजित वर्मा ने बताया कि गुरु वार को सुबह स्थानिय लोगों ने शटर टुटे होने की खबर दी। हमने बैंक तथा महाजन से कर्ज लेकर दुकान खोला था। लुटेरे दुकान में रखे करीब पांच लाख के जेवरात ले गये। थाना प्रभारी निशि कुमार ने बताया कि दुकानदार ने घटना की सूचना नहीं दी। सूचना मिलते हीं हमलोग घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दिया है। लेकिन घटना के 12 घंटे बाद भी दुकानदार ने आवेदन नहीं दिया है। हर स्तर पर जांच की जा रही है।

पानी में डूबने से एक की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिंद थाना क्षेत्र के मदनचक गांव में पानी में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मदनचक गांव निवासी रामचरण यादव के 51 वर्षीय पुत्र मनोज यादव के रूप में की गई है। जानकारीनुसार मनोज यादव गुरुवार को सुबह चचेरे भाई के दशकर्म के बाद गांव के ही पुल के पास भैंस को बांधने गए थे। जहां पुल के पास पैर फिसलने से वह पानी भरे गहरे खाई में चले गए और पानी में डूबकर मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जहां सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया।

अलग-अलग घटना में दो की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चंडी थाना क्षेत्र के जैतीपुर से हरनौत जाने बाली सड़क एनएच 431 पर शेखपुरा मोड़ के करीब अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बदरवाली से पैदल नरसंडा बाजार जाने के दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बदरवाली निवासी 40 वर्षीय संजय कुमार के रूप में हुई है। घटना के सबन्ध में मृतक के पत्नी ज्योति देवी ने कही की गुरुवार को सुबह 9 बजे बदरवाली से पैदल बाजार नरसंडा जा रहे थे। तभी शेखपुरा मोड़ से 100 मीटर आगे बढ़े थे कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गया। मौत की खबर सुनते ही पत्नी समेत परिवार के लोग चीत्कार मार कर रोने लगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया, थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी।

व्रजपात से किसान की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सारे थाना क्षेत्र के ओंदा गांव के खंधा में ठनका गिरने से भैंस चरा रहें किसान की मौत हो गई तथा घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि ओंदा गांव के कामत खंधा में भैंस चरा रहे बदुरी यादव के लगभग 76 वर्षीय नंदे यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पास के खेत में काम कर रहे अरविंद यादव की पत्नी सुशीला देवी व स्व संजय यादव की पुत्री नीलम कुमारी घायल हो गई।

बिंद में टूटे तटबंधों का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिंद प्रखंड के जिराइन नदी का जलस्तर बढ़ने से गोबिंदपुर खंधा समेत तीन पंचायतों में तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम काजले वैभव नितिन व अंचलाधिकारी रामायण कुमार तटबंध पर पहुंचकर तटबंध का निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त तटबंध पर मरम्मती का काम शुरू करवाया। अंचलाधिकारी रामायण कुमार ने बताया कि बिंद प्रखंड के तीन पंचायतों में लोदीपुर पंचायत के महदीपुर, जमसारी पंचायत के गोबिंदपुर और ताजनीपुर पंचायत के रसलपुर गांव में तटबंध क्षतिग्रस्त का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि तटबंध को लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जगह जगह पर ईसी बैग और बोरी में बालू भरकर रख दिया गया है।

बिहार के स्वीकृत 12 केंद्रीय विद्यालयों में से दो नवादा में खुलेंगे : विवेक ठाकुर

नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सौजन्य से बिहार को वर्तमान समय में 12 केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति मिली है । जिसमें दो केंद्रीय विद्यालयों का तोहफा नवादा संसदीय क्षेत्र को ही मिलेगा। जो अपने आप में नवादा वासियो की एक चिरप्रतीक्षित मांगे पूरी होगी । वे केंद्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों के साथ नवादा संसदीय क्षेत्र के शेखोपुरसराय तथा नवादा के कृषि फार्म में अधिकृत किए गए भूमि के सर्वेक्षण के बाद नवादा परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, लोजपा के अध्यक्ष मनोज कुमार , वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, मुकेश दिनकर, महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, गोपाल कुमार आदि उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि आज बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन है । जहां एनडीए सरकार ने नागरिकों के लिए 125 यूनिट बिजली फ्री की है। जिससे बेहतर असर नवादा तथा शेखपुरा जिले पर पड़ेगी ।उन्होंने कहा कि पुल -पुलिया योजना के तहत नवादा जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में आज साढ़े चार सौ परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। जिसकी निविदा भी पहले आमंत्रित किये जा चुके हैं। साढ़े चार सौ पुल पुलिया के माध्यम से जिले के सभी गांव सड़कों से जुड़ जाएगी ।उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के सौजन्य से शुक्रवार से शुरू होने वाले बिहार में अमृत भारत एक्सप्रेस नवादा से होकर गुजरेगी। जिसका ठहराव तिलैया, नवादा तथा शेखपुरा में होगी। इस ट्रेन के माध्यम से काशी, अयोध्या तथा लखनऊ की यात्रा की जा सकेगी। लखनऊ इलाज कराने जाने वाले मरीजों के लिए भी इस ट्रेन को एक बड़ा उपादान माना जा रहा है ।उन्होंने कहा कि 35 हजार करोड़ की लागत की योजनाएं पारित की है ।जिसके तहत ही पुल- पुलिया का निर्माण कराया जाएगा ।उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की पढ़ाई जल्द ही नवादा के कन्हाई लाल साहू महाविद्यालय में शुरू करा दी जाएगी। जिसका प्रशासनिक भवन भी बनने की तैयारी शुरू हो गई है। कृषि फार्म में केंद्रीय विद्यालय भूमि निरीक्षण के दौरान नवादा जिले के प्रसिद्ध व्यवसाई राजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ो नागरिकों ने सांसद का स्वागत करते हुए केंद्रीय विद्यालय स्वीकृति के लिए उन्हें बधाई दी है । उन्होंने कहा कि इससे नवादा के नौनिहालों की शैक्षणिक विकास बेहतर हो पाएगी।

125 यूनिट तक मुफ्त बिजली के नीतीश सरकार के ऐतिहासिक फैसले का भाजपाइयों ने किया स्वागत

रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार की डबल इंजन एनडीए सरकार ने राज्य के आम जनता और गरीब बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 1 अगस्त 2025 से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की ऐतिहासिक घोषणा की है।बिहार की एनडीए सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस जन-कल्याणकारी फैसले का भाजपा कार्यकताओं ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में रंजीत कुमार सिंह, कुमार मनीष देव, रितेश कुमार कौशल, संतोष कुमार, पवन सिंह, संतोष कुमार सिंह नुनु, राजन कुमार, कृष्ण मुरारी कुमार, युवा नेता बबलू कुमार राम, मुन्ना सिंह, शिव शंकर कुमार, सकलदेव राजवंशी, प्रमोद कुमार यादव, कन्हैया साव, मनोज कुमार निराला, अरविंद कुमार सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घोषित इस योजना से राज्य के 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा नेताओं ने इस फैसले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में जन-कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। भाजपा नेता रंजय कुमार ने कहा कि यह निर्णय बिहार की जनता को जुलाई माह के बिजली बिल से ही राहत देना शुरू कर देगा, यानी 1 अगस्त से उपभोग की गई 125 यूनिट तक बिजली का कोई शुल्क नहीं लगेगा।

सौर ऊर्जा को बढ़ावा और 'लालटेन मुक्त बिहार' का लक्ष्यः-

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत, बिहार सरकार ने अगले तीन वर्षों में सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घरों की छतों पर या नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का भी लक्ष्य रखा है। रंजय कुमार ने बताया कि कुटीर ज्योति योजना के तहत अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

अतिपिछड़ा राज्य आयोग के अध्यक्ष ने नवादा में की बैठक

नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय कपूरी सभागार नवादा में 237 नवादा विधानसभा के प्रखंड अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता नवादा प्रखंड अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि अति पिछड़ा राज्य आयोग अध्यक्ष नवीन कुमार आर्य, जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, विधानसभा प्रभारी मोहम्मद महमूद बखो जी उपस्थित हुए। 237 नवादा विधानसभा के प्रखंड अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों को संबोधित करते हुए अति पिछड़ा राज्य आयोग अध्यक्ष नवीन कुमार आर्य जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी की जा रही है। अक्टूबर- नवंबर में अगामी विधानसभा चुनाव 2025 होना संभावित है। सभी बुथ केंद्रों पर पार्टी के द्वारा बी एल ए 2 स्थापित करना है। निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है । पार्टी ने तय किया है कि वास्तविक मतदाता कोई छूटे नहीं और फर्जी मतदाता का नाम जुड़े नहीं । निर्वाचन आयोग के द्वारा बी एल ए 2 स्थापित करने के लिए फॉर्मेट जारी किया है। पार्टी के द्वारा स्थापित बुथ लेवल एजेंट अपने-अपने मतदान केंद्र पर कोई भी मतदाता छूटे नहीं इसका पूरा-पूरा ख्याल रखना है और खास कर दलित, अति पिछड़ा वर्गों के टोलों पर विशेष निगरानी कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का काम करेंगे। पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिना भेदभाव किए सत्य और न्याय के रास्ते बिहार को प्रगति के पथ पर लाने का काम किया है । मुझे गर्व है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। बिना भेदभाव किये सभी वर्ग धर्म के लोगों लिए काम किया गया है। वृद्धि जन ,दिव्यांगजन एवं विधवाओं के पेंशन राशि को 400 से ₹1100 बढ़ाकर जून माह से दिया जा रहा है ।माननीय मुख्यमंत्री जी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए ऐतिहासिक फैसला लिया है की 1 जुलाई से 125 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा की गई है। जिसके लिए मुख्यमंत्री जी को नवादा जिला संगठन की ओर से धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आभार प्रकट करता हूं। मुख्यमंत्री को जितना भी बधाई दी जाए वह कम है।संगठन जिला नवादा में निर्वाचन आयोग के पूर्व निदेर्शानुसार बी एल ए 2 स्थापित कर लिया गया था। इसे जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा भी कर दिया गया था । परंतु निर्वाचन आयोग के द्वारा फॉर्मेट में बी एल ए 2 का फोटो एवं तीन हस्ताक्षर के साथ मांगा गया है। जिसे भी दो दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में जयराम प्रसाद कुशवाहा ,शशि कुमार शेष ,अनिल कुमार मंडल, विनय कुमार साव, निरंजन कुमार सिंह, डॉक्टर रियाज खान ,विपिन कुमार चौधरी, अशोक सिंह ,प्रिंस कुमार दांगी ,अशोक चौहान, रामबाबू चौहान ,वीरेंद्र राजवंशी, सुजीत कुमार, कुश चौहान ,मिथुन कुमार ,राम नंदन कुमार, सुनील कुमार,चौठी चौहान के अलावे सभी पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल का डीएम ने किया निरीक्षण

नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरुवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान रजौली अनुमंडल अंतर्गत धमनी गांव में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुल टूट जाने के कारण दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने मौके पर ही ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि पुल निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था भी तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।साथ ही विभाग को वहाँ के जल प्रवाह के अनुरूप और लंबे स्पैन के पुल का प्रस्ताव भेजने हेतु कहा गया। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अकबरपुर प्रखंड के सभागार में बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से एन्यूमरेशन फॉर्म से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों का भौतिक सत्यापन करेंगे, ताकि एक त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि एन्यूमरेशन फॉर्म को शीघ्रता से पोर्टल पर शत-प्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिक से अधिक फॉर्म की प्रविष्टि वेबसाइट पर कर कार्य को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि एन्यूमरेशन फॉर्म की प्रविष्टि के बाद सभी मतदाताओं से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निदेर्शों के अनुसार उनके कागजात लेना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी नवादा मो. अबु परवेज हैदर हैदरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इसलामपुर हुलासगंज मुख्य सड़क मार्ग पर गोपालगंज गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रक के चपेट मे आने से एक व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए इसलामपुर सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां स्थानीय चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जख्मी व्यक्ति को चिंताजनक स्थिति मे पावापुरी विम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के लिए पावापुरी ले जाने के क्रम रास्ते मे जख्मी वयक्ति की मौत हो गयी। मृतक व्यक्ति इसलामपुर थाना क्षेत्र के अमरूद्विया विगहा गांव निवासी 65 वर्षीय राजेंद्र दास बताया जाता है। आक्रोशीत ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर मृतक व्यक्ति के शव को सड़क पर रखकर इसलामपुर हुलासगंज मुख्य सड़क मार्ग को अमरूद्विया बिगहा गांव के समीप सड़क को अवरूद्ध कर करीब एक घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक राजेन्द्र दास गुरूवार को सुबह अपने घर अमरुद्विया बिगहा गांव से पैदल कृषि कार्य के लिए जा रहे थे कि गोपालगंज गांव के नजदीक एक अनियंत्रित ट्रक चालक ने धक्का मार दिया।

भाजपा कार्यालय में मतदाता सत्यापन जागरूकता कार्यशाला आयोजित

नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के द्वारा भाजपा कार्यालय मे मतदाता सत्यापन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने किया। कार्यक्रम की शुरआत पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पं दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सांसद विवेक ठाकुर, डॉ पूनम शर्मा, जिला भाजपा के प्रभारी राजेश कुमार सिंह, लोजपा र के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संदीप पासवान के साथ अन्य उपस्थित हुए।

इस कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा की हम सभी कार्यकर्त्ता को एकजुट होकर किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटे इसके लिए हमें सजग रहना है । साथ ही उन्होंने कहा की एनडीए सरकार के जनकल्याणकारी योजना को लोगो को लाभ पहुँचाने मे मदद करे। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा एक एक कार्यकर्त्ता लोगो के घर जाइये उन्हें बीएलओ के पास जाकर उनका नाम जुडवाइये हमें 2025 के चुनाव मे फिर से एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार लाने के संकल्प ले। जिला प्रभारी राजेश सिंह ने कहा की आपको जहाँ मेरी जरूरत रहे मुझे साथ ले चले एक भी लोग जो वास्तविक रूप से सही हो उनका नाम नहीं छूटे । इस कार्यक्रम मे राज्य नागरिक परिषद की सदस्य डॉ पूनम शर्मा, निर्वतमान अध्यक्ष संजय मुन्ना, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियरंजन श्रीनिवास, विजय पाण्डेय, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा मुकेश कुमार, नीतू गुप्ता,मंत्री शिव यादव, निशा राजवंशी, मिथलेश पासवान, सुनीता चन्द्रवंशी, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु,मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनीष सिन्हा, चंदन राजवंशी, सोशल मीडिया संयोजक संदीप कुमार, गोविंदपुर विधानसभा संयोजक मुन्ना प्रभाकर, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, राहुल सिन्हा, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अजित शंकर एवं अन्य उपस्थित थे ।

उच्च विद्यालय कारा में पौधारोपण कार्यक्रम

ओबरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उच्च विद्यालय कारा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक नजीबुल्लाह की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान उन्होंने पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की और सभी छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि पौधा प्रकृति का श्रृंगार है और इसे सुरक्षित रखना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। पेड़ हमारे जीवन के लिए जरूरी हैं, ये न केवल तापमान को नियंत्रित करते हैं बल्कि बारिश के मौसम को भी संतुलित बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि जब गांवों में हरियाली बढ़ेगी तो लोग स्वस्थ और निरोग रहेंगे। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि प्रत्येक छात्र कम से कम दो पौधे अवश्य लगाए। पेड़ जहरीली हवा को स्वच्छ बनाते हैं और जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राओं के साथ राजेश कुमार उर्फ मंटू समेत विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

नवादा में केंद्रीय विद्यालय के लिए सांसद व अधिकारियों ने किया स्थल चयन

नवादा वासियों के लिए हो सकती है बड़ी सौगात

नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले को पहला केंद्रीय विद्यालय बहुत जल्द ही मिलने वाला है, और उसको लेकर नवादा जिला प्रशासन के तरफ से कवायद शुरू कर दी गई है। गुरुवार को नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय के चिन्हित स्थल का दौरा किया। नवादा शहर से सटे नवादा हिसुआ पथ पर शोभिया मंदिर के पास केंद्रीय विद्यालय की जमीन कृषि विभाग से दी जा रही है।

इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय के बिहार रीजन के डिप्टी कमिश्नर अनुराग भटनागर भी मौजूद रहे। सांसद सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एडीएम, एसडीएम एवं सीओ ने केंद्रीय विद्यालय को मिलने वाली जमीन का दौरा कराया।जहां लगभग 5 एक-ड़ से अधिक जमीन केंद्रीय विद्यालय को कृषि विभाग के तरफ से आवंटित की गई है और उसी जमीन पर बहुत जल्द केंद्रीय विद्यालय का निर्माण होना है। पिछले 16 साल से केंद्रीय विद्यालय के निर्माण का कार्य अटका हुआ था। मगर इस बार सांसद ने जिले वासियों को आस्वस्त कराया है कि इस बार केंद्रीय विद्यालय नवादा में जरूर बन कर रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह गारंटी है कि जिस योजना का वह शिलान्यास करते हैं , उसका उद्घाटन भी करते हैं। बहुत जल्द एक कार्यक्रम का आयोजन कर देश के 16 केंद्रीय विद्यालय के निर्माण का शिलान्यास पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया जाएगा । जिसमें नवादा जिला का भी एक केंद्रीय विद्यालय होगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, समाजसेवी राजीव कुमार सिन्हा सहित अनेक गण्यमान्य लोग चिन्हित स्थल पर मौजूद रहे ।

सिविल सर्जन ने बाबा मणिराम की समाधि पर चढ़ाया लंगोट

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। लंगोट मेले के अवसर पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बाबा मणिराम अखाड़ा पर लंगोट चढ़ा कर जिलेवासियों की सुख-शांति, सौहार्द व समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबा मणिराम साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक थे। उनकी और बाबा मखदूम साहब की दोस्ती आज भी समाज के लिए एक आदर्श मिसाल है। बाबा से हमने यही प्रार्थना की है कि जिले में अमन-चैन बना रहे, लोग आपसी भाईचारे के साथ रहें और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। ऐसे आयोजन हमें अपनी साझी सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाते हैं। आज जब समाज में विभाजन की प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं, तब बाबा मखदूम और बाबा मणिराम की दोस्ती हम सभी के लिए प्रेरणा बन सकती है।

डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिलाव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का व्यापक और गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने साफ-सफाई, दवा आपूर्ति, चिकित्सकों की उपस्थिति, आपातकालीन सेवाओं और मरीजों की संतुष्टि जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, वार्डों, ओपीडी कक्ष, शौचालय, दवा वितरण केंद्र तथा अस्पताल के अन्य हिस्सों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने हेल्थ मैनेजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण रोगियों के शीघ्र उपचार में सहायक होता है और यह अस्पताल की कार्यप्रणाली का आधारभूत हिस्सा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने जीवनरक्षक दवाओं की सूची की जांच की तथा स्टोर रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिया कि सभी रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट किए जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी जानकारी को तुरंत उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त, प्रशिक्षु समाहर्ता, अपरसमाहर्ता आपदा, अनुमंडलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, डॉक्टर्स , हेल्थ मैनेजर ,एम ओआइसी आदि उपस्थित थे।

पितृपक्ष मेला में कमियों को युद्धस्तर पर ठीक करवाएं : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर 2025 तक आयोजित रखेगा। इस वर्ष पिछले वर्ष के अपेक्षा और अधिक तीर्थयात्रियों की आने की पूरी संभावना है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से किये जा रहे तैयारियों का समीक्षा जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने कोषांगवार किया। उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभी से ही अपने कोषांग में अधीनस्थ पदाधिकारी, अभियंता एवं संबंधित नामित स्वमं सेवी सम्मानित व्यक्तियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए जो भी कमियां पायी जाती है उसे युद्धस्तर में ठीक करवाये, ताकि मेला अवधि में पितृपक्ष मेला की खूबसूरती में और चार चांद लग जाये। आज मुख्य रूप से मेल क्षेत्र के विधि व्यवस्था,

यातायात एवं परिवहन व्यवस्था एवं खाद्य सामग्री व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि बारिश का पानी कम होते ही सभी पार्किंग स्थलों को जिला खनन पदाधिकारी के माध्यम से मोरम दलवाते हुए समतल करवाये ताकि पार्किंग में कोई समस्याएं नही आ सके। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 13 स्थानों पर छोटे वाहन को पड़ाव स्थल/ पार्किंग स्थल चिन्हित किये गए हैं जिनमें पुराना संवाद सदन गवालबीघा, प्रेतशिला की पहाड़ तली किसान कॉलेज के मैदान, केंदुई सूर्य मंदिर परिसर, आईटीआई कॉलेज मैंदान, रेलवे स्टेशन कैम्पस, पंचायती अखाड़ा रेलवे अंदर पास के सटे पूर्व क्षेत्र में, कोरला हॉस्पिटल, सीताकुंड के पास/ पंचदेव धाम, रामशिला मोड़ के पास, पूल निर्माण निगम कार्यालय मैदान, बोधगया नोड 01, हरिदास सेमनरी विद्यालय एवं धर्मारण्य वेदी के पास मैदान में छोटे वाहनो को पार्किंग व्यवस्था रखी जायेगी।

बड़े वाहनों की पार्किंग

सिकड़िया मोड़ बस स्टैंड, गया कॉलेज खेल परिसर, केंदुई सूर्य मंदिर पास, आईटीआई कैम्पस, भुसुंडा मैदान, पूल निर्माण कार्यालय मैदान, बोधगया नोड 01, हरिदास सेमनरी स्कूल मैदान, धर्मारन्य वेदी के पास बड़े वाहनो की पार्किंग व्यवस्था रखी जायेगी। डीएम ने निर्देश दिया है कि सभी पार्किंग स्थलों का निरीक्षण करते हुए मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध करवाने के लिये आकलन करवाने को कहा है साथ कि उपरोक्त पार्किंग स्थलों को समतलीकरण करवाने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अतिरिक्त और कही पार्किंग एरिया बनाना है तो इसके लिये अभी से ही निरीक्षण करते हुए अवगत करवाये। डीएम के निर्देश के आलोक में डीटीओ द्वारा टूर ट्रेवेल एवं टेम्पू असोसिएशन के साथ बैठक बैठक के पश्चात रुट वार भाड़ा का दर निर्धारण करवा दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि कौन सा रुट एकल मार्ग रहेगा, कौन सा रुट नो एंट्री रहेगा इसके लिये ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। रिंग बस सर्विस के परिचालन के सम्बंध में रुट चार्ट तैयार किया गया है जो खतकाचक- घुगड़ी ताड- सिटी पब्लिक स्कूल- रामशिला- प्रेतशिला- हनुमान चौक- मेडिकल कॉलेज अंडर पास- बोधगया दोमोहन- गेट नंबर 05- बिपार्ड- खटका चक तक रहेगा। रिंग बस सर्विस प्रति व्यक्ति किराया का भी निर्धारण किया गया है, जो खटका चक से रामशिला तक 50 रुपया, रामशिला से प्रेतशिला तक 30 रुपया, प्रेतशिला से बोधगया भाया हनुमान चौक मेडिकल कॉलेज अंदर पास तक 60 रुपया, बोधगया दोमोहान से गेट नंबर 05 खटकाचक तक 25 रुपया किराया निर्धारित किया गया है।

सहकारिता मंत्री ने किया विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

गयाजी के बच्चों को मिलेगा बेहतर शैक्षिक वातावरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। सहकारिता विभाग बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गया जिले के नगर प्रखंड में विभिन्न विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के अंतर्गत कराया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान शहीद मध्य विद्यालय का जीर्णोद्धार 10,68,320 रुपये की लागत से आदर्श नवबालिका मध्य विद्यालय का जीर्णोद्धार 3,99,796 रुपये की लागत से और प्राथमिक विद्यालय शंकर बालिका का जीर्णोद्धार 1,25,742 रुपये की लागत से शुरू किया गया। इस मौके पर डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि विद्यालयों की मरम्मत और विकास से बच्चों को बेहतर पढ़ाई का माहौल

मिलेगा। शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। ताकि विद्यार्थियों को सुविधा मिल सके और पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी न हो। स्थानीय लोगों और विद्यालय के बच्चों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार जताया। सभी ने कहा कि इन कार्यों से इलाके में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में सुनील सिन्हा, प्रेम सागर, शंभू यादव, अभय सिंह, जयप्रकाश यादव, शिवनारायण चंद्रवंशी, कौशलेंद्र, अनिल गुप्ता, मालती देवी, राधे राधे, राजनंदन गांधी, समीर चटर्जी, मोहन कुशवाहा, राकेश कुमार, गौतम कुमार, मुन्ना कुमार, साकेत कुमार, पप्पू नीलकर, कमल प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित रहे।

दिव्यांगजन के लिए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। रुद्राक्ष वेलफेयर ट्रस्ट, बोधगया के प्रांगण में दिव्यांगजन के लिए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिन्होंने नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया था। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अविनाश कुमार एडीएसएस गया, द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे संबल योजना जिसमें दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं मोटराइस ट्राई साइकल निशुल्क देने का प्रावधान है उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात पंचशील नेत्रहीन विद्यालय बोधगया में नेत्रहीन बच्चों को एडीएसएस गया के द्वारा ब्रेल किट का वितरण किया गया ताकि वे अपनी पढ़ाई को सहजता एवं सुचारू रूप से जारी रख सकें। इस कार्यक्रम में साइटसेवर्स इंडिया के जिला समन्यवयक मनीष कुमार, शाहिद रजा एवं ट्रस्ट की सचिव विभा रानी एवं उनके सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी ने 40 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को सुना

समस्या निदान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि 'जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है, इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है।' जनता दरबार मे आज 40 से अधिक लोगों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनता दरबार मे कुछ आवेदक भूमि कब्जा मुक्त करवाने का अनरोध किया है। डीएम ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार मे सुनवाई करवाने का निर्देश दिए है। जनता दरबार में कुछ आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें जिला लोक शिकायत निवारण में मामलों को हस्तांतरण किया है, ताकि पूरी टाइम लाइन में सही से मामलों का निराकरण एवं समाधान हो सके। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

हिलसा में लोकायन नदी का तटबंध टूटने से दर्जनों गांवों में घुसा पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा (नालंदा)। झारखंड में लगातार हो रही अत्यधिक बारिश के बाद हिलसा प्रखंड क्षेत्र के धुरी बिगहा गांव के समीप बुधवार की शाम लोकायन नदी का पश्चिमी तटबंध धुरी बिगहा गांव के पास करीब 60 फीट कटाव हो जाने से हिलसा प्रखंड के तीन पंचायत में धुरीविगहा छीयासठ बिगहा, फुलवरिया,लक्कड़ बीघा, कुसेता, डोमना बिगहा ,मुरलीगढ़ ,सोहरापुर आदि गांव के दर्जनों घर में रात में ही पानी घुस गया था एवं गांव के खेतों में 5 फीट एवं सड़क पर 2 फिट पानी बह रहा था।पानी फैलने के कारण लगभग सैकड़ो एकड़ से ज्यादा खेत में लगे फसल जल मग्न हो गया। इन सभी जगहों के अलावे गुरुवार की सुबह शोहरापुर , दामोदरपुर, गिलानी चक, बेलदारी बिगहा,फिरोजपुर गांव के समीप सड़क के ऊपर से पानी निकलकर हिलसा प्रखंड क्षेत्र के नए इलाकों में जमुआरा, चमंडी, रसलपुर, गिलानीपुर, हरिहर खंधा , मिर्ज़ापुर, मराची, लुच्चन टोला सहित अन्य गांव की ओर पानी बह रहा था। तभी बेलदारी विगहा चिकसौरा मार्ग संपर्क मार्ग टूटने से चिकसौरा बाजार दर्जनों घर में दुकान में पानी फैलकर अपना आगोश में ले रहा है। करीब 5 से 6 फीट पानी तेजी से उत्तर चिकसौरा पंचायत अन्य गांव की ओर फैल रहा है। जिसके कारण करीब सैकड़ो बीघा धान, सब्जी, जिनोरा धान का बिछडा जलमग्न हो गया है। दर्जनों गांव में तेजी से पानी की धारा गली में चल रहा है।

दानापुर में गंगा के तेज धारा व उफान से कटाव शुरू

दानापुर। गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि के साथ तेज धारा व उफान से कासीमचक पंचायत में कटाव शुरू हो गया है। साथ ही हेतनपुर पंचायत में भी कटाव शुरू हो गया है। दियारा वासियों ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा दो माह पूर्व हेतनपुर व कासीमचक पंचायत में गंगा कटाव को रोकले के लिए विभाग द्वारा कटाव अवरोध व जीओ बैग पीचिंग किया गया था।

आंधी पानी में 11 हजार का पोल गिरा, विद्युत बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखंड के असलेमपुर पंचायत अंतर्गत लिमड़ी गांव में गुरुवार को आई तेज आंधी पानी में 11 हजार विद्युत का पोल गिर गया जिसमें सिंदुआरी फीडर का लाइन बाधित हो

गया। विद्युत कर्मी समरेश कुमार ने बताया कि पानी के साथ आयी आंधी में लिमड़ी में पोल गिर जाने से सिंदुआरी फीडर का लाइन बाधित हो गया है। पोल को खड़ा करने के लिए टीम को भेजा गया है। जल्द ही विद्युत चालू कर लिया जाएगा।

बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। आदर्श कन्या मध्य विद्यालय कोच डीह में गुरुवार को बोधगया मठ के पुजारी डॉक्टर कल्याण प्रिया द्वारा बच्चों के बीच पुस्तक, कलम कॉपी के अलावा चॉकलेट और बिस्किट वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार बोधगया मठ के पुजारी डॉक्टर कल्याण प्रिया ने आदर्श कन्या मध्य विद्यालय कोंच डीह में लगभग 550 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री और बिस्किट चॉकलेट का वितरण किया गया। इस दौरान डॉक्टर प्रिया ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा वह कूंजी है जिससे आप सफलता के हर ताला

को खोल सकते हैं। यह पुरस्कार छोटी सी है आप लोग आगे बढ़िये हम हमेशा मदद को तैयार रहेंगे। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रवण नारायण शांडिल्या ने भी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। मौके पर जितेंद्र कुमार सहित और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

थानाध्यक्ष के निलंबन से आमजन दुखी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। थानाध्यक्ष चाहत कुमार को वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा निलंबित कर दिए जाने से आमजन हतप्रभ एवं दुखी हैं। गौरतलब है कि नवयुवक थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने काफी सक्रियता से थानाध्यक्ष का कर्तव्य निर्वहन किया। इस संबंध में बाजार के कुछ नवयुवकों ने बताया कि चाहत कुमार अपने नाम के अनुसार सभी वर्ग एवं समुदाय के चहेते रहे हैं। आज तक जितने भी पूर्व थानाध्यक्ष रहे हैं किसी भी प्रकार की घटना एवं अपराध की सूचना मिलने पर कनीय पदाधिकारी को हीं भेजा करते थे, परन्तु श्री कुमार हमेशा घटनास्थल पर स्वयं उपस्थित रहते थे। इनके द्वारा कई कांडों का उद्भेदन मात्र कुछ घंटों में ही किया जाता था। डॉ.यदुनंदन शर्मा ने बताया कि मुझसे दस लाख रूपए अपराधी द्वारा मांग किया जा रहा था। श्री कुमार ने मात्र आठ-दस घंटों में ही उसे गिरफ्तार कर लिया। श्री कुमार कभी पैसे के पीछे नहीं भागे, न ही जातिवाद किया। युवाओं में इनकी काफी पैक्ट थी। सामाजिक कार्यों में हमेशा सहभागिता बढ़-चढ़ कर निभाते थे। पूर्व पत्रकार अनिल चंद्रवंशी ने बताया कि अन्य दारोगा की तरह इन्होंने वर्दी का खनक नहीं दिखाया परन्तु अपराध पर हमेशा नियंत्रण रखा। थानाध्यक्ष को क्षेत्र की जनता हमेशा इनके कार्यकाल को याद रखेगी।

आंती गढ़ के मैदान में जनसुराज की बिहार बदलाव सभा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। जनसुराज पार्टी ने आंती गढ़ के मैदान में बिहार बदलाव सभा का आयोजन गुरुवार को किया जिसमें प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस सभा का उद्देश्य बिहार में बदलाव लाने और जनता के राज को स्थापित करने के लिए लोगों को जागरूक करना था। सभा की अध्यक्षता कनक कुमार सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश युवा उपाध्यक्ष सह टिकारी विधानसभा के संभावित जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ बी डी शर्मा ने कहा कि जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को बिहार में बदलाव लाने के लिए वोट देना आवश्यक है और यह वोट नेताओं के नाम पर नहीं बल्कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में जनता का राज स्थापित करना है न कि नेताओं का राज। इसके लिए लोगों को जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग करना आवश्यक है। पार्टी नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और उन्हें सम्मानित करने के लिए काम कर रही है। ताकि वे पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ा सके। मौके पर मास्टर आरिफ रजा, प्रो.कृष्णा सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह, रामाधार सिंह, सनोज चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

ZILA PARISHAD PALAMU

E-MAIL: zilaparishad.palamu@gmail.com

NIT No :- DOPR/ZP/PALAMU / EOI-07/2025-26 Date: 17/07/2025

Very Short Notice Inviting Expression of Interest

1.	Name of the Work	REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF CONSULTANTS FOR PREPARATION OF DETAILED PROJECT REPORT (DPR) FOR CONSTRUCTION OF VAREOUS MAJOR CIVIL WORKS LIKE COMMERCIAL BUILDING, MULTI PUSPOSE BUILDING, DAK BANGLOW, RESIDENCIAL BUILDING, OFFICE BUILDING, PARK BEAUTIFICATION / CONSTRUCTION ETC. IN ZILA PARISHAD PALAMU.
2.	Mode of bid submission	Offline Tender
3.	Tender Fee & Bid Security	Cost of Tender Document: Rs. 5,000/- *(Rupees Five Thousand) only* ***(Non-Refundable)*** Earnest Money Deposit (EMD) : Rs. 25,000/- *(Rupees Twenty Five Thousand) only*
4.	Date & Time of publication of Tender on website	18/07/2025 & 10:00Hrs
5.	Last Date & Time of submission of Pre Bid queries	23/07/2025 & 16:00Hrs
6.	Last Date & Time for submission of offline bids	25/07/2025 & 15:00Hrs
7.	Last Date & Time of submission of EMD and Tender fee in form of Bank Guarantee/FDR and Tender Fee in form of Demand Draft of any Nationalized/ Scheduled Bank (Hard Copies)	25/07/2025 & 15:00Hrs
8.	Date & Time of bid opening	25/07/2025 & 16:00Hrs
9.	Bid submission address	Office, Zila Parishad Palamu Kutchery Campus (Daltonganj) Palamu, Jharkhand -822101.
10.	Helpline no.	9006083521

Further details are available on Zila Parishad notice board and Palamu NIC website www.palamu.nic.in

ह0/–उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, पलामू

PR 357565 (District)25-26*D

पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क'

झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :–690B भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–रामपुर उर्फ मेंहदीनगर, थाना सं0–349, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा– रामपुर उर्फ मेंहदीनगर, थाना सं0–349, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 3.627 एकड़ यानि 1.4678 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–रामपुर उर्फ मेंहदीनगर, थाना सं0– 349 कुल रकबा– 3.627 एकड़

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा(भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	
1	14	6	गै0मा0	–	0.0020	–					
2	14	7	गै0मा0	–	0.0340	कंचन कुमार सिंह वो प्रवीण कुमार सिंह					
3	14	22	गै0मा0	–	0.101	विवादित					
4	18	23	केशरे हिन्द	–	2.3890	–					
5	14	26	गै0मा0	–	0.054	रामचन्द्र सिंह वो रघु सिंह वो मुन्नी सिंह पिता स्व0 अलियार सिंह					
6	15	111	गै0 आम	–	0.009	–					
7	14	127	गै0मा0	–	0.0700	1. अब्दुल रजाक साह पिता मौला साह 2. मुमताज हुसेन वो फजुल रहमान पिता औलाद हुसेन वो फातमा निशा एवं साइदा बीबी पति मौलबी मोहम्मद हुसेन 3. मनव्वर आलम पिता अब्दुल रजाक सोह 4. शेख अलीमुदीन शेख नसीरुदीन पिता जलालुदीन					
8	14	141	गै0मा0	–	0.0010	गै0 मालिक					
9	14	144	गै0मा0	–	0.1140	1. फकरे आलम पिता शेख अब्दुल रहीम 2. खुर्शीद आलम वो सागीर आलम पिता याद अली 3. शेख मकसुद आलम पिता शेख अब्दुल रहीम					
10	14	145	गै0मा0	–	0.0740	फातमा निशा वो शाइदा बीबी पति मौलवी हुसैन वो मुमताज हुसैन वो फजुल रहमान पिता औलाद हुसैन					
11	14	146	गै0मा0	–	0.0040	–					
12	2	109	बकास्त	–	0.0040	1. अजमेरी खातून पिता समसुदीन अंसारी 2. बीबी अमीषा खातून पति मो0 कमर					मकान
13	3	61	रैयती	–	0.0140	1. रामजन्म वगै0 पिता वृक्ष राम 2. सकुन्ती देवी वो राजमनी देवी वो राजा देवी पिता बोध राम					
14	3	117	रैयती	–	0.0320	मोख्तार अहमद वो वकील अहमद वो रसुलन बीबी वो दुलन बीबी पिता गुलजार अली					
15	4	134	रैयती	–	0.0310	समसुद्दीन अंसारी पिता अली हुसैन अंसारी					मकान
16	6	20	रैयती	–	0.0100	रामचरित्र सिंह वगैरह पिता स्व0 धनुकी सिंह					
17	7	25	रैयती	–	0.0370	1 रामचन्द्र सिंह वो रघु सिंह वो मुन्नी सिंह पिता स्व0 अलियार सिह 2. वशिष्ट कुमार सिंह पिता स्व0 मुनी सिंह					पेट्रोल पम्प
18	8	142	रैयती	–	0.082	1. पानपति देवी पति रामगहन प्रजापति 2. संतोष सिंह पिता सुरेश प्रसाद सिंह					
19	16	29	बकास्त	–	0.101	इम्तेयाह हुसैन पिता मुमताज हुसैन वो मुमताज हुसैन पिता औलाद हुसैन					
20	16	115	बकास्त	–	0.1140	1. इम्तेयाह हुसैन पिता मुमताज हुसैन वो मुमताज हुसैन पिता औलाद हुसैन 2. मनउवर आलम पिता अब्दुल रज्जाक शाह					
21	14	24	गै0मा0	–	0.0270	रामचन्द्र सिंह वो रघु सिंह वो मुन्नी सिंह पिता स्व0 अलीयार सिंह					
22	14	30	गै0मा0	–	0.0140	गै0 मालिक					
23	14	31	गै0मा0	–	0.0030	गै0 मालिक					
24	14	116	गै0मा0	–	0.0190	लाल मोहन वगै0 पिता हरिचन्द्र राम					
25	14	118	गै0मा0	–	0.0170	रामजन्म राम वगै0 पिता वृक्ष राम					
26	16	122	बकास्त	–	0.080	मुमताज हुसैन वो फजुल रहमान पिता औलाद हुसैन वो फातमा निशा वो सईदा बीबी पति मौलवी मुहम्मद हुसैन					
27	14	110	गै0मा0	कब्रस्तान	0.0340	–					
28	14	114	गै0मा0	–	0.009	–					
29	14	137	गै0मा0	–	0.0210	–					
30	14	143	गै0मा0	–	0.0090	–					
31	14	216	गै0मा0	–	0.0210	1. विजय सिंह वगै0 2. रामचन्द्र सिंह वगै0					
32	2	218	बकास्त	–	0.0760	मुमताज हुसैन वो फजुल रहमान पिता औलाद हुसैन वो फातमा निशा वो सईदा बीबी पति मौलवी मुहम्मद हुसैन					
33	2	220	बकास्त	-	0.0200	–					

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR.NO.357522 Palamu(25-26):D

संपादकीय

पायलटों को दोषी ठहराने की साजिश ?

अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान क्र. AI-171 के भीषण हादसे में 270 लोगों की जान चली जाने और उड़ान भरते ही विमान के क्रैश हो जाने की विरल घटना की जांच जिस दिशा में जाती दिख रही है, उससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि जांच एजेंसी एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन यह कोशिश होती साफ दिख रही है कि इस विमान को बनाने वाली बोइंग और बीमा कंपनियों को किसी भी तरह से मुआवजा देने से या तो बचा लिया जाए या फिर वह न्यूनतम हो। इस पूरी जांच का अमेरिकी मीडिया में जिस एंगल से कवरेज हो रहा है, वह भी इसी तरफ संकेत करता है। विमान निर्माता बोइंग कंपनी भी अमेरिकी है। सारी कोशिश इस बात की होती दिख रही है कि दुर्घटना का दोष विमान के पायलटों के मत्थे मढ़ दिया जाए, क्योंकि ये दोनों ही पायलट अब दिवंगत हो चुके हैं और उनका पक्ष जानने का कोई तरीका नहीं है। गौरतलब है कि भारत के भीषणतम विमान हादसों में से एक अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच एएआईबी (एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो) कर रहा है। इसकी प्राथमिक जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि रिपोर्ट अभी सार्वजनिक हुई भी नहीं है कि अमेरिकी मीडिया इस हादसे का सारा दोष दिवंगत पायलटों पर डालने की साजिश में लगा है। यह आशंका यह आशंका एविएशन एक्सपर्ट की ओर से भी जताई जा रही है। अब तक जांच में महत्वपूर्ण क्लू यह है कि हादसे की वजह फ्यूल स्विच ऑफ होना था। जब फ्यूल ही नहीं मिला तो इंजन बंद हो गए और उड़ान भरने के कुछ क्षणों में विमान नीचे आ गिरा। अब सवाल यह कि क्या विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का फ्यूल स्विच पायलटों ने जानबूझकर बंद किया? या फिर किसी तकनीकी खराबी के कारण इंजन बंद हो गया? जांच रिपोर्ट में इसका सीधा जवाब देते हुए, इसके लिए 'ट्रांजिशन' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, न कि 'मैनुअल स्विच-ऑफ' का । जबकि वॉयस डेटा रिकॉर्डर में दोनों पायलटों के बीच बातचीत का जो हिस्सा जारी किया गया है, उससे जाहिर है कि किसी पायलट ने फ्यूल स्विच बंद किया हो, इसका सवाल ही नहीं पैदा होता। ऐसे में पायलटों के सिर हादसे का ठीकरा फोड़ने के पीछे कोई बड़ी कारपोरेट साजिश तो नहीं है। अमेरिका में भी इस पर बड़ी बहस जारी है। लेकिन सबसे संदिग्ध सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल जैसी पश्चिमी मीडिया की जल्दबाजी की वजह से पैदा हो रहा है। इस अखबार ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आने से पहले ही दुर्घटना का दोष पायलटों पर डालना शुरू कर दिया था और दावा किया गया कि विमान में कोई खराबी नहीं थी। यह भी कहा गया कि सॉफ्ट वेयर बंद होने से भी विमान के इंजन बंद हो सकते है। एएआईबी की रिपोर्ट में कहा कि 08:08:42 यूटीसी पर विमान की गति 180 नॉटिकल मील प्रति घंटा थी। इसके तुरंत बाद, इंजन 1 और इंजन 2 के फ्यूल कटऑफ स्विच 'रन' से 'कटऑफ' में चले गए। इससे टेकऑफ के बीच में ही इंजन बंद हो गए और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एविएशन समुदाय के लोगों का मानना है कि पायलटों पर दोष डालने से विमान निर्माता कंपनी, एविएशन रेगुलेटर्स और इंश्योरेंस कंपनियों को फायदा हो सकता है। उन्हें कम पैसा देना पड़ेगा और कानूनी झंझटों से भी मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन मैकेनिकल खराबी पाई जाती है, तो उन पर मुकदमे हो सकते हैं और करोड़ों रुपये का जुर्माना भी लग सकता है। पायलटों को दोषी ठहराने से बोइंग कंपनी देनदारियों से बच जाएगी। ऐसा हुआ तो मामला भोपाल गैस कांड की तरह होगा, जहां यूका मुआवजा देने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाती रही।

मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा - निर्देश : अनुकूल कम

अजय टम्टा

पिछले कुछ सालों में लाखों ड्राइवर ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े हैं क्योंकि इसमें उन्हें काम करने की आजादी, अनुकलता और तकनीकी सुविधा मिलती है। हालाँकि बढ़ते कमीशन, अस्पष्ट नीतियों, मनमाने निलंबन और सुरक्षा के अभाव ने इस वादे को कई लोगों के लिए निराशा में बदल दिया। भारत भर में तीन मिलियन से अधिक गिग ड्राइवरों द्वारा अनुभव की गई इन चुनौतियों ने व्यापक और लागू करने योग्य विनियमन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।

इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने पहले ही मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत ÷मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2020÷ जारी किये थे। इन दिशानिर्देशों ने राज्य सरकारों को एग्रीगेटर्स को लाइसेंस देने और उनकी निगरानी करने का अधिकार देते हुए एक नियामक ढाँचा प्रदान किया, जिससे वाहन-परिचालन उद्योग के विकास को बढ़ावा मिला। ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और जवाबदेही से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अब मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 पेश किया है। ÷यह भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में संरचना, सुरक्षा और समावेशिता लाने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अपडेट है÷।

मोटर वाहन अधिनियम 1988 के कानूनी आधार पर निर्मित इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ओला, उबर, रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब एग्रीगेटर्स के संचालन को विनियमित करना है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिशानिर्देश संवैधानिक कार्यादेशों और न्यायिक निर्देशों के अनुरूप ड्राइवरों और यात्रियों दोनों को संतुलित लाभ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

2025 के दिशानिर्देशों का सबसे उल्लेखनीय पहलू है- ड्राइवरों के हितों की सुरक्षा। अब तक एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवर, अक्सर खुद को कम कमाई, मनमाने ढंग से कार्य से हटाना (ऑफ-बोर्डिंग), बीमा का न होना और अपर्याप्त कानूनी उपायों के साथ अनिश्चित परिस्थितियों के बीच काम करते थे। नए नियम दिशानिर्देश इन प्रणालीगत कमियों को दूर करने का प्रयास करते हैं।

दिशानिर्देशों में एग्रीगेटर्स को राज्यों द्वारा अधिसूचित मूल किराए के आधार पर प्रति घंटे या न्यूनतम गारंटीकृत आय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर और ड्राइवर के बीच किराया निपटान, आपसी सहमति से दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर किया जाना चाहिए। इस कदम से हजारों ड्राइवरों को खासकर आय-प्राप्ति वाले समय में, आय में होने वाले उतार-चढ़ाव से निजात मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, सरकार ने अब प्रत्येक एग्रीगेटर को कम से कम 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रूपये का सावधि बीमा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है। उम्मीद है कि ये सुरक्षा उपाय गिग श्रमिकों को औपचारिक श्रम संरचनाओं के दायरे में लायेंगे।

इसके अलावा, नए दिशानिर्देश कमीशन में पारदर्शिता लाते हैं तथा एग्रीगेटर के हिस्से को अधिकांश मामलों में प्रत्येक किराए के 20त्न तक सीमित करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है, कि ड्राइवर अपनी आय का एक उचित हिस्सा रख सकेंगे। एग्रीगेटर्स को भुगतान कटौती, किराया विभाजन और जुर्माने के बारे में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी भी प्रदान करनी होगी।

दिशानिर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक एग्रीगेटर एक औपचारिक शिकायत निवारण प्रणाली की स्थापना करेगा, जहाँ यात्रा रद्दीकरण, भुगतान विवाद या निलंबन जैसे मुद्दों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान हो सके। ड्राइवरों को समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें ऐप उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, लैंगिक संवेदनशीलता, दिव्यांगजन जागरूकता, ग्राहक से बातचीत, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर आधारित 40 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होगा, ताकि वे भविष्य के यातायात से जुड़ी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।

यात्रियों के लिए भी ये दिशानिर्देश समान रूप से परिवर्तनकारी हैं। यात्रा सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और किराए में हेरफेर से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नए दिशानिर्देश सुरक्षा उपाय लेकर आए हैं, जिनकी बहुत आवश्यकता थी।

एग्रीगेटर प्लेटफ़ॉर्म पर सभी ड्राइवरों को अनिवार्य पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य जांच और व्यवहार प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसके अलावा, प्रत्येक वाहन में इन ऐप आपातकालीन बटन, जीपीएस-आधारित निगरानी और यात्राओं को साझा करने की सुविधाएँ होनी चाहिए, जो सभी यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाती हैं। राज्य की निगरानी में एग्रीगेटर्स द्वारा एक 24×7 नियंत्रण कक्ष और हेल्पलाइन प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए।

यात्रियों के लिए एक और बड़ा लाभ किरायों और विशेष परिस्थितियों में किराये में वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) का नियमन है। दिशानिर्देशों में स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित की गई हैं-राज्य की नीति के आधार पर किराए में वृद्धि की सीमा आधार किराए के 1.5 से 2 गुना तक सीमित की गयी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च माँग के समय यात्रियों का शोषण न हो। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म को किराए का विवरण पारदर्शी रूप से प्रदर्शित करना आवश्यक है, जिसमें आधार किराया, गतिशील शुल्क, एग्रीगेटर का हिस्सा और सरकारी कर शामिल हैं।

महत्वपूर्ण रूप से, दिशानिर्देश उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का भी ध्यान रखते हैं। एग्रीगेटर्स को भारत-स्थित सर्वरों पर उपयोगकर्ता डेटा का संग्रह करने और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम सहित डेटा सुरक्षा रूपरेखा का पालन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि डेटा का दुरुपयोग या लीक न होना सुनिश्चित हो सके और भारत की संप्रभु डेटा नीतियों के अनुसार इसे सुरक्षित रखा जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के विजन, जो समावेशी और सतत विकास पर जोर देता है तथा दिव्यांगजनों के सम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, दिशानिर्देश में इस बात को अनिवार्य किया गया है कि एग्रीगेटर बेड़े का एक हिस्सा दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाएं और कार्यबल में ड्राइवरों के रूप में दिव्यांगजनों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। ऐसे वाहनों की संख्या राज्यों द्वारा स्थानीय जरूरतों और आवश्यकताओं के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

स्थायित्व के लिए एक बड़े प्रयास के तहत, एग्रीगेटर्स को अपने बेड़े में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, वैकल्पिक ईंधन या शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को शामिल करने की आवश्यकता है। संबंधित वायु नियामक निकाय वाहन-परिचालन प्लेटफार्मों के लिए राज्यवार ईवी लक्ष्य निर्धारित करेंगे, तथा यह भारत के जलवायु और स्वच्छ वायु लक्ष्यों के अनुरूप है। दिल्ली की 'देवी' (डीईवीआई) बसें जैसी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियाँ ईवी एकीकरण के उदाहरण हैं, जो पहले से ही मौजूद हैं।

ये दिशानिर्देश राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों, विशेष रूप से अनुच्छेद 39 के अनुरूप हैं, जो राज्य को निर्देश देता है कि गिग श्रमिकों सहित नागरिकों के लिए आजीविका के पर्याप्त साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, संविधान के अनुच्छेद 21, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, की न्यायालयों द्वारा की गयी व्याख्या में सुरक्षित कार्य वातावरण के अधिकार और सम्मान के साथ आवागमन के अधिकार को शामिल किया गया है।

कई न्यायिक निर्णयों ने यात्रा वाहन परिचालन क्षेत्र में उचित नियमन की आवश्यकता पर बल दिया है। पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघ (1982) और ओला टेलिस बनाम बॉम्बे नगर निगम (1985) में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 2 के एक अभिन्न अंग के रूप में आजीविका के अधिकार पर जोर दिया। उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड बनाम भारत संघ (2020) के मामले में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एग्रीगेटर के मूल्य निर्धारण और लाइसेंस प्रक्रिया को विनियमित करने के राज्य सरकारों के अधिकार को बरकरार रखा, जहाँ यह कहा गया कि उपभोक्ता हितों को पूरी तरह से बाजार-संचालित मूल्य निर्धारण मॉडल के ऊपर रखा जाना चाहिए।

ये फैसले 2025 के दिशानिर्देशों के तहत गिग श्रमिकों को दी गई कई सुरक्षाओं के कानूनी आधार हैं। दिशानिर्देश मोटर वाहन एग्रीगेटर्स के लाभ और यात्रियों के हितों के बीच संतुलन बनाने का एक प्रयास है, साथ ही यह अक्सर उपेक्षित गिग श्रमिकों के अधिकारों को प्राथमिकता देता है।

माननीय प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के दृष्टिकोण के अनुरूप, नए दिशानिर्देश एक सरल नियामक प्रणाली प्रदान करते हैं। अब एग्रीगेटर 60 दिनों के भीतर सभी राज्यों में लागू सभी प्रकार के मोटर वाहनों के लिए एकल लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। इससे यात्री वाहन परिचालन कंपनियों के लिए ड्राइविंग टेस्ट सुविधा की व्यवस्था करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसके बजाय, अब उन्हें मंत्रालय की वाहन परिचालन प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर), क्षेत्रीय वाहन परिचालन प्रशिक्षण केंद्र (आरडीटीसी) और वाहन परिचालन प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित इन केंद्रों का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में भी वैज्ञानिक प्रशिक्षण को सुलभ बनाना है, जिसमें जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति के आधार पर आईडीटीआर के लिए 17.25 करोड़ रुपये, आरडीटीसी के लिए 5.5 करोड़ रुपये और डीटीसी के लिए 2.5 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जाता है।

ये संस्थान न केवल व्यक्तियों को उच्च-गुणवत्ता वाले वाहन परिचालन कौशल प्रदान कर रहे हैं, बल्कि देश भर में पेशेवर रूप से प्रशिक्षित ड्राइवरों का एक समूह बनाने में भी योगदान दे रहे हैं। इस पहल से सड़क सुरक्षा बढ़ाने और भारतीय सड़कों पर यातायात दुर्घटनाओं को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है। सरकार ने वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को 50त्न तक कम करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, यह स्वीकार करते हुए कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में अनुमानित 3त्न का आर्थिक नुकसान होता है।

इन दिशानिर्देशों का जारी होना भारत के मज़बूत संघीय ढाँचे और संवैधानिक प्रावधानों को प्रतिबिंबित करता है। भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार परिवहन समवर्ती सूची का विषय है, जो राज्यों को एग्रीगेटर्स के लाइसेंस और संचालन के लिए नियम बनाने का अधिकार देता है। अधिनियम की धारा 93 विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केंद्र सरकार को इस उद्देश्य के लिए ऐसे दिशानिर्देश या लाइसेंस प्रक्रिया जारी करने में सक्षम बनाती है।

यद्यपि केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए, मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025 का राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा स्थानीय अनुकूलन सुनिश्चित करते हुए पालन किया जा सकता है। लेकिन, राज्यों को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित अधिकार दिए गए हैं। एग्रीगेटर्स को लाइसेंस जारी करना, किराया संरचना और उच्च मांग की अवधि में किराया वृद्धि (सर्ज प्राइसिंग) की निगरानी करना, चालक प्रशिक्षण और सत्यापन लागू करना, अनुपालन का उल्लंघन करने वाले प्लेटफार्मों को दंडित करना, साझा गतिशीलता मॉडल के तहत यात्रियों के लिए गैर-परिवहन मोटरसाइकिलों के उपयोग को अधिकृत करना, एग्रीगेटर बेड़े के लिए इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य निर्धारित करना और उन्हें लागू करना।

ज़िम्मेदारियों का यह विभाजन भारत के सहकारी संघवाद के मॉडल को प्रतिबिंबित करता है, जहाँ नीति निर्माण केंद्रीकृत है, लेकिन कार्यान्वयन संदर्भ-संवेदनशील और राज्य-विशिष्ट है।

मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 भारत के डिजिटल मोबिलिटी इकोसिस्टम में सुधार की दिशा में एक प्रगतिशील और समय-अनुकूल कदम है। इस पहल की सफलता प्रभावी कार्यान्वयन, जन जागरूकता और प्लेटफ़ॉर्म अनुपालन पर निर्भर करेगी। यदि राज्य इसका पालन करते हैं, तो इसमें यात्री वाहन परिचालन सेवाओं को शहरी परिवहन के एक सुरक्षित, अधिक जवाबदेह और अधिक समावेशी साधन में बदलने की क्षमता है, जो पूरे देश में ड्राइवरों और यात्रियों दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा। ऐसे देश में जहाँ अनौपचारिक श्रमिकों का नीति-निर्माण में अक्सर प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता है, ये दिशानिर्देश एक महत्वपूर्ण बदलाव के प्रतीक हैं। ये दिशानिर्देश ऐप-आधारित ड्राइवर को न केवल एक सेवा प्रदाता के रूप में बल्कि अधिकारों, सम्मान और आकांक्षाओं वाले एक श्रमिक के रूप में देखते हैं। ये दिशानिर्देश यात्री को केवल एक उपभोक्ता के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे नागरिक के रूप में मान्यता देते हैं जो सुरक्षित, सस्ती और पारदर्शी सेवाओं का हकदार है। मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश, 2025 भारत में डिजिटल मोबिलिटी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एग्रीगेटर्स के लिए स्पष्ट मानक और ज़िम्मेदारियाँ निर्धारित करके, ये दिशानिर्देश ड्राइवरों के लिए उचित आय और सामाजिक सुरक्षा, यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा और सुविधा तथा पर्यावरण की दृष्टि से सतत प्रथाओं पर ज़ोर देते हैं। यह संतुलित और समावेशी फ्रेमवर्क न केवल भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की नींव को मज़बूत करता है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के भी अनुरूप है।

(लेखक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, भारत सरकार हैं।)

बुनियाद ही कमजोर हो तो इमारत कैसे होगी बुलंद?

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख में जो शिक्षा की दयनीय हालत पाई गई, वह दुखद और सोचनीय है। केन्द्र शासन और राज्यों को यह सोचने की आवश्यकता है कि शिक्षा की यह बद्तर हालत क्यों और कैसे हुई ? इसके कारणों की पड़ताल करने की भी सख्त आवश्यकता है। अच्छा होता सर्वेक्षण में उन कारणों की भी खोज-खबर ली होती। शिक्षा की इस दयनीय हालत के लिए मुख्य रूप से कुप्रबंध ही जिम्मेदार है। जहाँ प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए एक मात्र शिक्षक ही तैनात किया जायेगा, तो यह हालत तो होनी ही है। जब बुनियाद ही कमजोर होगी, तो ईमारत बुलंद नहीं बनाई जा सकती। माध्यमिक विद्यालयों में भी पर्याप्त शिक्षक नहीं है।

डॉ. चन्दर सोनाने

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख में हाल ही में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण में यह पता लगा है कि कक्षा तीसरी के 45 प्रतिशत छात्र 99 तक के अंक बढ़ते या घटते क्रम में नहीं रख पाते। इसी कक्षा के 42 प्रतिशत छात्र 2 अंकों की संख्याएँ जोड़-घटा भी नहीं सकते। छठी कक्षा के 47 प्रतिशत बच्चे 10 तक के पहाड़े भी नहीं सुना पाते।

उक्त सर्वेक्षण गत 4 दिसम्बर को देश के 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 781 जिलों में स्थित 74,229 स्कूलों में हुआ था। इसमें कक्षा तीसरी, छठी और नौवीं के 21.15 लाख छात्र शामिल हुए थे। कुल 2.70 लाख शिक्षक और स्कूल प्रमुखों की भी भागीदारी इस सर्वेक्षण में रही। इस सर्वे के नतीजों में कक्षा तीसरी और कक्षा नौवीं में पंजाब राज्य का प्रदर्शन देशभर में सबसे अच्छा रहा। कक्षा छठी में केरल के छात्रों का प्रदर्शन देशभर में सबसे अच्छा रहा।

कक्षा तीसरी में पढ़ने वालों बच्चों में टॉप-5 राज्यों के नाम है- पंजाब, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर और राजस्थान। इसके साथ ही बॉटम-5 राज्यों के नाम इस प्रकार है- मेघालय, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, बिहार और गुजरात। कक्षा तीसरी के सर्वेक्षण में 50 प्रतिशत बच्चे ही 100 रूपए तक का लेनदेन कर पाते हैं। अर्थात 50 प्रतिशत बच्चे 100 रूपए का लेनदेन करने में नाकाम पाए गए। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि 58 प्रतिशत छात्र ही 2 अंकों का जोड़ घटाव कर पाते है। अर्थात 42 प्रतिशत छात्र 2 अंकों का जोड़ घटाव करने में असमर्थ पाए गए। सर्वे में यह भी पाया गया कि कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले छात्रों में शहरी क्षेत्र से ग्रामीण बच्चे आगे पाए गए।

कक्षा छठी में हुए सर्वे में देशभर में टॉप-5 राज्य इस प्रकार हैं- केरल, पंजाब, दमन-दीव, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश। इसी प्रकार बॉटम-5 राज्य इस प्रकार हैं- झारखंड, नागालैंड, उत्तराखंड, गुजरात और तमिलनाडु। इस सर्वे में यह भी पाया गया कि इस कक्षा के 51 प्रतिशत बच्चे मूल्यों के प्रति जागरूक हैं। जैसे कतार में खड़े होना, डस्टबिन का उपयोग, मदद के लिए तैयार। अर्थात 49 प्रतिशत बच्चे मूल्यों के प्रति उदासीन पाए गए। इस कक्षा के 29 प्रतिशत बच्चे ही आधा और चौथाई का अर्थ समझ पाते हैं। इसका मतलब ये हुआ कि 71 प्रतिशत बच्चे आधा-चौथाई का अर्थ ही नहीं जानते !

कक्षा नौवीं में टॉप-5 राज्यों के नाम इस प्रकार हैं- पंजाब, केरल, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली। इसी प्रकार बॉटम-5 राज्यों में इन राज्यों के नाम शामिल हैं-उत्तराखंड, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, गुजरात और उत्तरप्रदेश। इस सर्वे में यह भी पाया गया कि 37 प्रतिशत छात्र ही किशोर अवस्था में वृद्धि, हार्मोनल चेंज और कुल मिलाकर शारीरिक देखभाल के बारे में समझ रखते हैं। अर्थात 63 प्रतिशत छात्र इस उम्र में शारीरिक देखभाल के बारे में कोई जानकारी नहीं रखते हैं। इस कक्षा के 59 प्रतिशत बच्चे आँकड़ों का औसत नहीं बता पाते।

इसका मतलब ये भी है कि कक्षा 9वी में 41 प्रतिशत बच्चे ही आँकड़ों का औसत बता पाए।

इस सर्वेक्षण में एक विशेष बात देखने में यह आई कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात कक्षा तीसरी, छठी और कक्षा नौंवी में तीनों स्तरों में एक भी स्तर में टॉप-5 में जगह नहीं बना पाया। बॉटम-5 में जरूर तीनों स्तर में गुजरात ने स्थान प्राप्त किया है। कक्षा तीसरी में गुजरात राज्य बॉटम-5 में सबसे आखिर में देखा गया। कक्षा छठी में बॉटम-5 में गुजरात राज्य चौथे स्थान पर देखा गया। इसी प्रकार कक्षा नौवीं में भी बॉटम 5 में गुजरात ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। देश का कोई भी राज्य गुजरात को छोड़कर ऐसा नहीं है जो कक्षा तीसरी, छठी और नौवीं में बॉटम-5 में आया हो। गुजरात राज्य के लिए यह शर्मनाक बात है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख में जो शिक्षा की दयनीय हालत पाई गई, वह दुखद और सोचनीय है। केन्द्र शासन और राज्यों को यह सोचने की आवश्यकता है कि शिक्षा की यह बद्तर हालत क्यों और कैसे हुई ? इसके कारणों की पड़ताल करने की भी सख्त आवश्यकता है। अच्छा होता सर्वेक्षण में उन कारणों की भी खोज-खबर ली होती। शिक्षा की इस दयनीय हालत के लिए मुख्य रूप से कुप्रबंध ही जिम्मेदार है। जहाँ प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए एक मात्र शिक्षक ही तैनात किया जायेगा, तो यह हालत तो होनी ही है। जब बुनियाद ही कमजोर होगी, तो ईमारत बुलंद नहीं बनाई जा सकती। माध्यमिक विद्यालयों में भी पर्याप्त शिक्षक नहीं है।

कहीं-कहीं दो या तीन शिक्षक ही कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को पढ़ा रहे है। इसी प्रकार हाई स्कूल में भी विषय विशेषज्ञ नहीं होने से यह देखा गया है कि कला विषय के शिक्षक विज्ञान विषय पढ़ा रहे हैं और विज्ञान विषय का शिक्षक कला विषय पढ़ा रहे हैं। यही नहीं, अनेक ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं, जो भवनविहीन है। वे किसी टापरे में स्कूल लगा रहे है। माध्यमिक विद्यालयों में भी जितने कक्षाओं के मान से कक्ष उपलब्ध होना चाहिए, वे कहीं नहीं है। संसाधनों की अत्यधिक कमी है। शिक्षण सामग्री का स्कूलों में अभाव है। शिक्षक अपने जुगाड़ से शिक्षण सामग्री जुटा पाते हैं। किस प्रकार प्राथमिक विद्यालय के बच्चे शिक्षा अध्ययन कर रहे है, इसका यहाँ एक उदाहरण देना पर्याप्त होगा। मध्यप्रदेश के गुना जिले के बमौरी विकासखंड के सांगई गाँव में शिक्षा की बदहाली की तस्वीर आपको बता रहे हैं। ग्रामीण ईलाकों के बदहाल स्कूलों की तस्वीरे तो आम है, लेकिन यदि ये पता चले कि शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायत ने ही अपने प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए टपरा स्कूल बना दिया है, तो उसे क्या कहेंगे ? यकीन नहीं आता तो सांगई गाँव के एक ऐसे स्कूल पर नजर डाले। यहाँ 3 साल से बच्चे एक टापरे में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस गाँव में सरकारी भवन के नाम पर एकमात्र भवन इसी स्कूल का था, जो पिछले 3 साल से जर्जर अवस्था में है। इसमें खतरे के कारण क्लास नहीं लगाई जा सकती तो विभाग और पंचायत ने इस स्कूल के होनहार नौनिहालों के लिए टपरा स्कूल ही बना दिया ! शिक्षा की बदहाल हालत के लिए केन्द्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को गंभीरता पूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। इस बदहाली के कारणों की खोज कर उसे प्राथमिकता पर दूर करने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए पर्याप्त स्कूल भवन, शिक्षक और पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता की सूची में आना ही चाहिए। अन्यथा जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहेगा !...

आज का कार्टून

राशिफल

मेष

आप सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेगा। परिवार के बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य प्राप्त होगा।

वृषभ

स्वास्थ्य को लेकर समस्या दूर होगी। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। अतिथियों का आगमन हो सकता है।

मिथुन

दिन कुछ निराशाजनक हो सकता है। वर्तमान मौसम में परिवर्तन के कारण सर्दी-खाँसी की समस्या होने की आशंका है। स्वास्थ्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे।

कर्क

नया काम आरम्भ करने के लिये दिन बहुत अच्छा है। दोपहर के समय शुभ समाचार मिल सकते हैं। पूरी मेहनत से आप अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

सिंह

प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। बच्चों के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न होगा।

कन्या

परिस्थितियाँ आपके लिये शानदार रहने वाली हैं। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं।

तुला

शीघ्रता और भावुकता में लिये गये निर्णय आपको समस्या में डाल सकते हैं। भाइयों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। वाहन का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

वृश्चिक

परिवार के सदस्य आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिये जा सकते हैं।

धनु

आपकी पाचन क्रिया थोड़ी कमजोर हो सकती है। किसी को उधार धन देने से पहले पेपरवर्क अवश्य कर लें। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है। जीवनसाथी का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा।

मकर

कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। प्रतियोगी परीक्षा में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। थोक व्यापारियों के कारोबार में वृद्धि होगी। अध्यात्म में आप अत्यन्त रुचि ले सकते हैं।

कुंभ

मांसपेशियों में जकड़न की समस्या हो सकती है। धैर्य बनाकर रखें और प्रयास करते रहें। क्योंकि आपके काम देरी से ही सही पर पूर्ण अवश्य होंगे।

मीन

समाज के प्रभावशाली लोगों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कारोबार में आपकी आय बढ़ेगी। प्रेमी जन के साथ आप समय बिताना पसन्द करेंगे।

बेगूसराय जिले में 1812487 मतदाताओं का गणना प्रपत्र अपलोड

विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिलान्तर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के आलोक में पूर्ण निष्ठा से किया जा रहा है। अभी तक जिला में कुल-2245144 मतदाताओं में से 1812487 मतदाताओं का गणना प्रपत्र ऑनलाईन अपलोड किया जा चूका है। संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा शेष बचे मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है। जिन मतदाताओं का दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है। बीएलओ को पुनः उनके पास भेजा जा रहा है और दस्तावेज प्राप्त किया जा रहा है। जो मतदाता क्षेत्र के बाहर हैं। बीएलओ उनसे संपर्क स्थापित कर आनलाईन माध्यम से भी उनका हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र प्राप्त कर अपलोड कर रहें है।अभी तक सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में गणना प्रपत्र संग्रहन और अपलोडिंग का कार्य सुगमता से किया जा रहा है। 144-मटिहानी विधानसभा के बरौनी प्रखंड के बीएलओ द्वारा अनुचित आचरण एवं कार्य के प्रति लापरवाही इलेक्ट्रिनिक मीडिया में दिखायी गयी थी। इस संबंध में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एरो) द्वारा उक्त बीएलओ के निलंबन की त्वरित कार्रवाई की गयी। साथ ही बीएलओ द्वारा किये गये कार्यों की पुनः समीक्षा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एरो) द्वारा की गयी है। छूटे हुए मतदाताओं से संपर्क कर गणना प्रपत्र प्राप्त किया जा रहा है। आज भी 144 मटिहानी विधान सभा के बरौनी प्रखंड की प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षीय पदाधिकारी के द्वारा उक्त निलंबित बीएलओ को गलत दिशा-निर्देश देने का वाक्य संज्ञान में आया है। (अडियो क्लिप के माध्यम से)। यह पदाधिकारी, न ही एरो है और न ही बीएलओ सुपरवाइजर है। यह प्रखंड स्तर पर डाटा संग्रह्ण का कार्य कर रही थी। इनके द्वारा बीएलओ से बातचीत के क्रम में जो अंत में दिशा-निर्देश दिया गया वह अनुचित था। (संबंधित बीएलओ का गणना प्रपत्र संग्रह्ण एवं अपलोडिग नगण्य था।) इआरओ के द्वारा इस प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी का वेतन स्थगित करते हुए निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही 145-साहेबपुर कमाल विधानसभा में एक यूट्यूबर द्वारा अनाधिकृत प्रवेश, संप्रादायिक पृच्छा और कार्य में बाधा के आलोक में संबंधित पदाधिकारी, कर्मी द्वारा त्वरित कार्रवाई की गयी है। इन घटनाओं के अलावा जो भी पुनरीक्षण संबंधित सुझाव स्थानीय स्तर से प्रिंट, इलेक्ट्रनिक, सोशल मीडिया द्वारा प्रकाशित की जा रही है। उन सभी मामालों में जिला प्रशासन अपने स्तर से जांच कराते हुए नियामनुसार कार्रवाई कर रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य की समीक्षा लगातार सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस क्रम में जितने भी कर्मी एवं वलेंटियर्स लगे है सभी अपने स्तर से पूर्ण निष्ठा से ये कार्य कर रहे हैं। आयोग के दिशा-निर्देश और समय-सीमा के अनुरूप पुनरीक्षण का कार्य ससमय पूर्ण कराने हेतु जिला स्तर से भी वरीय पदाधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। उक्त पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण भी किया जा रहा है।

मारपीट मामले में आधा दर्जन अभियुक्त गिरफ्तार

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के सहुरी गांव से गुरुवार को वीरपुर पुलिस ने आधे दर्जन भर लोगों को मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 151 के नामजद अभियुक्त सहुरी गांव निवासी स्व खलठू पासवान के पुत्र नंदकिशोर पासवान, एवं उसके पुत्र धर्मेंद्र पासवान, कौरव पासवान, पांडव पासवान एवं वीरपुर थाना कांड संख्या 152 के नामजद अभियुक्त सहुरी गांव निवासी स्व राम प्रकाश पासवान के पुत्र कोको पासवान उर्फ योगेंद्र एवं उसके पुत्र नीतीश कुमार उर्फ भोला पासवान को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय भेज दिया गया। दोनों पक्षों की ओर से मारपीट को लेकर एक दूसरे पर कई लोगों के खिलाफ आवेदन दिया गया था जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों की ओर से गिरफ्तार किया गया है।

एक नजर

एक बाल श्रमिक को कराया गया विमुक्त

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। धावा दल की टीम ने एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर, श्रम संसाधन विभाग, भोजपुर व स्थानीय पुलिस के सहयोग से सहार बाजार से 1 बाल श्रमिक को विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। वही टीम ने नियोजक बैद्यनाथ साह पर प्राथमिक दर्ज कराया गया। बाल श्रम से लिप्त बाल श्रमिक को मुक्त कराने के लिए सहार प्रखंड के बाजार के पास धावा दल की टीम ने जगह जगह पर छापेमारी की। इस दौरान किराना स्टोर, सहार बाजार से एक बालश्रमिक को विमुक्त कराया गया। धावा दल की टीम में कुमार गौरव श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सहार, अखिलेश कुमार सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गड़हनी प्रभार बड़हरा, आनंद रमन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी शाहपुर, ऋषिका सिंह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चरपोखरी व संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर से संजीत कुमार सिंह एवं स्थानीय पुलिस शामिल थे।

विवाहिता ने की आत्महत्या

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के सेमरियां गांव में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया है। आत्म हत्या उस वक्त किया है जब उसका पति राहुल कुमार सिंह महाराष्ट्र राज्य के नागपुर में प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहे है। इस मामले में अभी तक एफआईआर दर्ज नही हुआ है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है। लेकिन घटना के कारणों खुलासा अभी नही हो सका है। बताया जा रहा है कि बुधवार के दोपहर में बबीता देवी उर्फ गोलू अपने कमरा में गमछा से फांसी लगा लिया। मृतका बबीता देवी धोबहा थाना क्षेत्र के राजनारायण सिंह उर्फ राजू सिंह की पुत्री है। उसकी शादी वर्ष 2022 में हनुमानगढ़ी महुली मंदिर में सिन्हा थाना क्षेत्र के सेमरियां निवासी राहुल कुमार सिंह के साथ हुआ था। उसके दो बेटी 2.5 वर्षीय रिधि और 11 माह की सिद्धि है। इस घटना के बाद सिन्हा थाना पुलिस सेमरिया गांव पहुंची। इस दौरान शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया हैं। वही घर पर मौजूद सास गीता देवी, देवर अमित सिंह व गोतनी बंटी देवी को पुछताछ के लिए सिन्हा थाना में बैठाया है। थानाध्यक्ष चंद्रशेखर ने बताया कि अभी फर्दव्यान नही मिला है। शव के पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेजा गया है।

125 यूनिट फ्री बिजली की घोषणा जनहित में

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार के जनता के हित में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट बिजली बिल फ्री करने के राज्य के एनडीए सरकार के निर्णय का चम्पारण समाज कल्याण मंच के संस्थापक अध्यक्ष युवा समाजसेवी डॉ0 गोपाल कुमार सिंह ने स्वागत किया है। आम जनता के लिए समाजिक एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए 125 युनिट बिजली फ्री करने पर डॉ0 गोपाल ने इसे सराहनीय कदम बताते हुए मुख्यमंत्री नितीश कुमार का आभार प्रकट किया गया है।

प्रतिमा का किया गया अनावरण

विवेकानंद के आदर्शों पर भारत बनेगा विश्व गुरू : आलोक

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पीएम नरेंद्र मोदी के मोतिहारी आगमन को लेकर पूरे मोतिहारी नगर में गहमा-गहमी का आलम है। नगर साज-सज्जा और स्वच्छता का कार्य तेज गति से जारी है। वही समाहरणालय के मुख्य द्वार पर दो गज और गौ माता की प्रतिमा का अनावरण सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग जीवेश मिश्रा, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह आदि थे।

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभा संगम कार्यक्रम का समापन समारोह गुरुवार को 102 उच्च विद्यालय गौरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 30 प्रतिभागियों को पुरस्कार, मेडल एवं प्रतिभा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एबीवीपी के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह हाई स्कूल शिक्षक अविनाश शास्त्री ने कहा कि संगठन हमेशा से छात्र हितों के लिए काम करते आई है एवं छात्रों के अंदर छुपी उनकी प्रतिभा को संगठन मंच देने का काम कर रही है। संगठन हमेशा छात्रों को राष्ट्र

प्रथम की भाव जागने का काम करती है। कार्यक्रम में उपस्थित अभाविप बेगूसराय के विभाग संयोजक सह एलएनएमयु छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि एबीवीपी छात्र को राष्ट्र के अनुकूल बनाने का कार्य करती है। आज देश में विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने वाले शीर्षस्थ लोग विद्यार्थी परिषद से निकलकर कार्य कर रहे हैं। 1949 में ज्ञान की मशाल लेकर चलने वाला यह छात्र संगठन राष्ट्रीय विमर्श को एक नया आयाम दे रही है। राष्ट्रगान, राष्ट्रभाषा आदि विषयोंपर जनमत छात्र-छात्राओं को भारतीय परंपरा के अनुकूल परिदृश्य में तैयार करना विद्यार्थी परिषद की उपलब्धि रही है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता छात्रों को राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए छात्रों के अंदर राष्ट्रवाद की भावना जागने का काम कर रही स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श पर चलकर ही युवा देश को आगे ले जा पाएंगे और अपनी सभ्यता संस्कृति की रक्षा कर पाएंगे। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक कमल कश्यप ने कहा की छात्र-छात्राओं को इस प्रकार के कार्यक्रम से इसलिए जुड़ना चाहिए, क्योंकि उनके अंदर स्वयं के इतर भी सेवा करने का भाव उत्पन्न हो। विद्यार्थी परिषद ऐसे ही कार्य शैली के कारण दिनोदिन बढ़ते जा रही है। मौके पर जिला सोशल मीडिया संयोजक विकास झा एवं नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कई मायने में अन्य छात्र संगठन से अलग हैं। एबीवीपी की वर्ष भर सक्रियता एवं रचनात्मकता कार्य इन्हें छात्र-छात्राओं के बीच लोकप्रिय बनाए रखती है। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष आलोक कुमार, साहिल मिश्रा कॉलेज उपाध्यक्ष यश कुमार, नगर सह मंत्री सोनू कुमार, कॉलेज मंत्री अंकित कुमार, हिमांशु कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं सैकड़ो छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

भौतिक सत्यापन के बाद अपात्र मतदाता का नाम विलोपन को लेकर सर्वदलीय बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बीहट। प्रखंड कार्यालय बरौनी में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अनुरंजन कुमार की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर सर्वदलीय बैठक की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वर्तमान पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वैसे मतदाताओं की पहचान की जा रही है, जो वास्तव में निर्वाचन क्षेत्र में निवासरत हैं एवं मतदान के पात्र हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो मतदाता वर्षों से इस क्षेत्र से बाहर रह रहे हैं, या जिनकी मृत्यु हो चुकी है, ऐसे नामों को साक्ष्य के आधार पर मतदाता सूची से विलोपित किया जा रहा है। सभी बूथ लेवल अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने यह भी बताया कि नाम विलोपन की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी एवं साक्ष्य आधारित है। इसमें किसी भी प्रकार की मनमानी या भेदभाव की कोई गुंजाइश नहीं है। बैठक में राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से भी मतदाताओं को जागरूक करें और यदि किसी वास्तविक मतदाता को सत्यापन या दस्तावेज में किसी प्रकार की परेशानी हो रही हो, तो इसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। प्रखंड के सभी मतदाताओं से विशेष अपील की गई है कि वे अपने संबंधित मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी को जल्द अपना गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में बीएलओ सुधीर कुमार जदयू प्रखंड अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह, भाकपा पूर्व अंचल मंत्री नूर आलम, राजद प्रखंड अध्यक्ष हरिनंदन सिंह, सहायक अंचल मंत्री भाकपा नवीन सिंह, जदयू के सुरेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, अशोक रजक उपस्थित थे।

पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे ट्रेन का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)। दरभंगा से गोमती नगर के बीच चलने वाली नई अमृत भारत ट्रेन के शुक्रवार को शुभारंभ के मौके पर स्थानीय स्टेशन परिसर में भी रेलवे विभाग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसको लेकर संबंधित विभाग के द्वारा जोर-शोर से तैयारी चल रही है। बताया जाता है कि स्टेशन पर दोपहर ढाई बजे ट्रेन का आगमन का समय रखा गया है। इस दौरान ट्रेन को झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया जाएगा। स्टेशन अधीक्षक रामप्रवेश कुमार ने बताया कि समस्तीपुर मंडल से आए अधिकारियों के द्वारा मंच का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गण्यमान लोगों को आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। दोपहर 2:30 बजे ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। हालांकि अभी तक स्थानीय सांसद की आने की सूचना नहीं मिल पायी है। समस्तीपुर से आये अधिकारी कैम्प किये हुए है। बताया जाता है कि दरभंगा गोमती नगर एक्सप्रेस दरभंगा से 11 :45 में खुलेगी जो कमतौल जनकपुर रोड सीतामढ़ी बैरगनिया घोड़ासहन रक्सौल के रास्ते अयोध्या धाम होते हुए गोमती नगर (लखनऊ) तक जाएगी।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की व्यापक तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। भारत के प्रधानमंत्री के मोतिहारी आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था, समुचित यातायात व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को उप पुलिस महानिरीक्षक बेतिया प्रक्षेत्र, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त ब्रीफिंग की। प्रधानमंत्री का 18 जुलाई को मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आगमन हो रहा है। राज्यपाल बिहार एवं मुख्यमंत्री बिहार सहित बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पाषर्द एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांधी मैदान में लोगों की आने की संभावना है। इस अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण कृत संकल्पित है। इसको लेकर सभी तरह की प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर विधि व्यवस्था, सुचारू यातायात एवं भीड़ प्रबंधन के मद्देनजर बड़ी संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल्कि तैनाती की गई है।

जॉइंट ब्रीफिंग में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सुबह के 5:00 बजे से गांधी मैदान में आम जनों के लिए प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा। सभी आम नागरिक समाहरणालय के बगल से सर्किट हाउस की ओर जाने वाले पथ के किनारे गांधी मैदान में प्रवेश के लिए बनाए गए गेट नंबर 07 से लेकर गेट नंबर 12 तक से अंदर प्रवेश करेंगे। गेट नंबर 11 और 12 से महिलाये प्रवेश करेंगी वही गेट नंबर 7, 8, 9, 10 से आम जनता (पुरुष) का प्रवेश कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गांधी मैदान में प्रवेश करने वाले कोई भी व्यक्ति मोबाइल के अतिरिक्त कोई भी सामान लेकर नहीं जाएंगे। गांधी मैदान में प्रवेश के लिए कुल 12 गेट बनाए गए हैं जिसमें गेट नंबर 01 से लेकर गेट नंबर 05 तक अति विशिष्ट व्यक्तियों के प्रवेश लिए आरक्षित है। गेट नंबर 06 से मीडिया के प्रतिनिधिगण एवं विशिष्ट व्यक्ति प्रवेश करेंगे जो जिलाधिकारी आवास के सामने है। प्रवेश के समय सुरक्षा व्यवस्था दो लेयर में बनाई गई है और दोनों लेयर में डीएफएमडी लगाई गई है जहां पर संपूर्ण जांच के पश्चात ही प्रवेश हो सकेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सुबह 5:00 बजे कार्यक्रम स्थल सहित अपने प्रतिनियुक्ति के स्थल पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात संचालन में लगे पदाधिकारी सुबह के 4:00 बजे अपने-अपने कार्य स्थल पर उपस्थित होकर विधि व्यवस्था संधारित करना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान कार्यक्रम में आने वाले सभी आम जनता से अच्छा व्यवहार रखेंगे एवं उनके साथ सहयोगपूर्ण रवैया अपनाते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में सहयोग करेंगे।इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि जिला स्तर से प्रतिनियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है जिसे सभी पदाधिकारी अच्छे से पढ़ लेंगे। अपने दायित्व को समझ लेंगे एवं दिए गए निर्देशों का व्यवस्थित तरीके से अनुपालन करेंगे।

ग्रेजुएट छात्रों के लिए लगेगा जॉब कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय की ओर से आगामी 22 जुलाई को एक विशेष जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई कैम्पस, पन्हास, बेगूसराय में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जो अभ्यर्थी कई जगह एप्लिकेशन फर्म भेज चुके हैं या काफी समय से अच्छी नौकरी की तलाश कर रहे हैं। वे इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। इस रोजगार मेले में मैट्रिक पास से लेकर 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, बी टेक सहित विभिन्न प्रकार के डिग्री धारी युवाओं को नौकरियां दी जाएंगी। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया इस जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी आमढाने प्राइवेट लिमिटेड भाग ले रही है जो एमआरएफ टायर, यजाकि इंडिया, जेप्टो जैसी बड़ी कंपनियों के लिए भर्ती कर रही है। इस कैंप में 50 पदों पर युवाओं की सीधी बहाली की जाएगी। यहां पीकर एंड पेकर, इंस्ट्रक्टर एंड अपरेटर, मशीन सुपरवाइजर आदि पदों के लिए युवाओं की बहाली करेगी। आयु सीमा की बात करें तो 18 से 35 वर्ष होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 से 20,500 रुपया प्रतिमाह मिलेगी।

हर मतदाता की भागीदारी, राजद की जिम्मेदारी

बड़हरा में मतदाता सूची सुधार को ले राजद की विशेष टीम पहुंची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। राजद ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची में सुधार और वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस कार्य के लिए प्रदेश स्तर से गठित मतदाता सूची सुधार कमिटी बड़हरा क्षेत्र में सक्रिय हो चुकी है। इस कमिटी ने बुधवार को एक बैठक आयोजित कर राजद के एक्टिव कार्यकताओ व पदाधिकारियों को इसके लिए दिशा निर्देश देकर हर टोले तक पहुंचने की बात की। नेतृत्व संयोजक शिवशंकर कुशवाहा कर रहे हैं, जबकि युवा प्रदेश मुख्यालय प्रभारी कुमार रजक एवं प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम भी टीम का अहम हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। इसके लिए यह कमिटी पंचायत स्तर तक खुद पहुंचकर लोगों से संवाद करेगी और जिनके नाम सूची से कट गए हैं या जो अब तक शामिल नहीं हो पाए हैं, उनके नाम जुड़वाने में मदद करेगी। मौके पर मतदाता सूची सुधार कमिटी के संयोजक शिवशंकर कुशवाहा, युवा प्रदेश मुख्यालय प्रभारी कुमार रजक, राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम, प्रधान महासचिव प्रदीप सिंह चंदेल, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, भोजपुर उपाध्यक्ष इकराम आलम, लाल बाबू राय, पूर्व मुखिया बीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष बड़हरा जयराम राय समेत अन्य मौजूद थे।

पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

संख्या :-690Q भू0अ0, पलामू, दिनांक :-14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा-कठौधा खुर्द थाना सं0-351, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत जपला-नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/प्रयोजन निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा-कठौधा खुर्द थाना सं0-351, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 2.463 एकड़ यानि 0.9967 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

ग्राम-कठौधा खुर्द, थाना सं0- 351 कुल रकबा-2.463 एकड़

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	3	98	रैयती	धान-2	0.0840	शेख अब्दुल रजाक पिता शेख जमालुद्दीन				
2	8	73	रैयती	धान-2	0.0310	इन्द्रदेव सिंह वो चन्द्रधन सिंह वो रामनरेश सिंह पिता बेचन सिंह				
3	9	42	रैयती	धान-2	0.0840	ईश्वर दयाल सिंह सूर्यमान सिंह वो चन्द्रमान सिंह पिता सुखदेव सिंह				
4	9	96	रैयती	धान-2	0.0350	ईश्वर दयाल सिंह सूर्यमान सिंह वो चन्द्रमान सिंह पिता सुखदेव सिंह				
5	10	82	रैयती	धान-2	0.0680	उमेश चन्द्र तिवारी पिता त्रिभुवन तिवारी				
6	21	101	रैयती	धान-2	0.0220	जगदीश सिंह पिता ब्रहमदेव सिंह वो अभिमन्यु सिंह पिता शीतल सिंह वो जानकी सिंह वो मानकी सिंह वो प्रीत सिंह पिता देवनन्दन सिंह				
7	22	176	रैयती	धान-2	0.0030	जगदीश सिंह पित ब्रहमदेव सिंह				
8	27	49	रैयती	धान-2	0.006	देवमुरत तिवारी पिता मोदी तिवारी				
9	27	81	रैयती	टाड़-2	0.0560	देवमुरत तिवारी पिता मोदी तिवारी				
10	29	89	रैयती	टाड़-2	0.0170	देवराज सिंह पिता लाखा सिंह				
11	29	100	रैयती	टाड़-2	0.0620	देवराज सिंह पिता लाखा सिंह				
12	33	83	रैयती	टाड़-2	0.0750	नर्मदेश्वर तिवारी वो बिन्देश्वर तिवारी पिता बिरभद्र तिवारी				
13	33	99	रैयती	टाड़-2	0.069	नर्मदेश्वर तिवारी वो बिन्देश्वर तिवारी पिता बिरभद्र तिवारी				
14	33	102	रैयती	टाड़-2	0.0880	नर्मदेश्वर तिवारी वो बिन्देश्वर तिवारी पिता बिरभद्र तिवारी				
15	41	80	रैयती	टाड़-2	0.0380	विद्या तिवारी पिता मोदी तिवारी				
16	42	68	रैयती	धान-2	0.0130	बैजनाथ पाठक वो विश्वनाथ पाठक पिता नागेश्वर पाठक				
17	42	69	रैयती	धान-2	0.0010	बैजनाथ पाठक वो विश्वनाथ पाठक पिता नागेश्वर पाठक				
18	42	70	रैयती	धान-2	0.0440	बैजनाज पाठक वो विश्वनाथ पाठक पिता नागेश्वर पाठक				
19	52	43	रैयती	धान-2	0.0200	रामाधार सिंह पिता जीवधारी सिंह				
20	54	78	रैयती	धान-2	0.1600	रामखेलावन सिंह वो परिखा सिंह वो रूपदेव सिंह वो हरिहर सिंह वो नन्ददेव सिंह पिता राजा सिंह				
21	57	48	रैयती	टाड़-2	0.0090	रामनन्दन सिंह वो हरिनन्दन सिंह पिता मानदेव सिंह				
22	62	97	रैयती	टाड़-2	0.0830	शांति देवी पति चन्द्रिका राम				
23	70	44	रैयती	धान-2	0.0110	सगेश्वर सिंह पिता मुखदेव सिंह				
24	70	85	रैयती	टाड़-2	0.0750	सगेश्वर सिंह पिता मुखदेव सिंह				
25	70	175	रैयती	टाड़-2	0.0070	सगेश्वर सिंह पिता मुखदेव सिंह				
26	73	88	रैयती	टाड़-2	0.0170	सोबरतन बीबी पति शेख अब्दुल गनी अंसारी				
27	70	85	रैयती	टाड़-2	0.0750	सगेश्वर सिंह पिता पिता मुखदेव सिंह				
28	70	175	रैयती	टाड़-2	0.0070	शत्रुधन सिंह पिता सुमेसर सिंह				
29	78	46	गै0मा0	धान-2	0.0250	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
30	78	74	गै0मा0	परती	0.0150	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
31	78	76	गै0मा0	परती	0.6430	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
32	78	77	गै0मा0	बांध	0.032	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
33	78	123	गै0मा0	पुरानी परती	0.0210	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
34	78	124	गै0मा0	धान-2	0.0100	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
35	78	125	गै0मा0	धान-2	0.0130	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
36	78	168	गै0मा0	बांध	0.0410	अनाबाद झारखण्ड सरकार				
37	78	171	गै0मा0	पुरानी परती	0.0160	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
38	78	172	गै0मा0	पइन	0.007	आनाबाद झारखण्ड सरकार				
39	78	174	गै0मा0	पुरानी परती	0.0260	अनाबाद झारखण्ड सरकार				
40	78	181	गै0मा0	पइन	0.0350	अनाबाद झारखण्ड सरकार				
41	78	195	गै0मा0	टाड़-2	0.0150	अनाबाद झारखण्ड सरकार				
42	79	75	गै0 आम	टाड़-2	0.0130	आनाबाद सर्व साधारण				
43	79	129	गै0 आम	रास्ता	0.053	आनाबाद सर्व साधारण				
44	79	170	गै0 आम	रास्ता	0.1180	अनाबाद सर्व साधारण				
45	79	173	गै0 आम	रास्ता	0.1200	अनाबाद सर्व साधारण				

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्

संक्षिप्त समाचार

बिहार आइडिया फेस्टिवल 2025 का आयोजन 24 को

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला उद्योग केंद्र बेतिया द्वारा बिहार आइडिया फेस्टिवल 2025 का आयोजन 24 जुलाई को किया जायेगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्टार्टअप सेल, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, कुमारबाग, में किया जाएगा। यह आयोजन राज्य सरकार के दिशा-निदेर्शों के तहत युवाओं और नवप्रवर्तकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।इस फेस्टिवल का उद्देश्य प्रत्येक जिले से 500 नवीन विचार प्राप्त कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराना है ताकि वे व्यावसायिक व सामाजिक रूप से क्रियान्वित किए जा सकें।

2.17 करोड़ की योजनाओं का कार्यादेश वितरित

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में नगर निगम के 17 वार्डों में कुल 2.17 करोड़ की लागत वाली योजनाओं कायार्देश का वितरण किया। विभिन्न वार्डों में लिंक रोड व नालों का निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इन सभी योजनाओं को पूरा करने में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश उनके द्वारा दिया गया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि संबंधित वार्डों के उक्त मोहल्लों में सुविधाजनक आवागमन और सुगम जल निकासी में समस्या को लेकर नगर निगम बोर्ड ने संबंधित योजनाओं को पारित होने के आधार पर कायार्देश बांटा गया है।

तीस लीटर शराब जब्त,एक नामजद

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिउटाहा पुल के समीप एक झाड़ी से 30 लीटर चुलाई शराब को जब्त किया है। इधर पुलिस को देख धंधेबाज शराब को छोड़ फरार हो गया। मैनाटांड थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि चीउटाहा गांव के पास पुल के समिप एक व्यक्ति शराब छुपाकर रख रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से 30 लीटर शराब को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार व्यक्ति को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शिकारपुर थाना के फुलवरिया गांव के चुन्नू मुखिया के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रामपुर पंचायत के पचरौता गांव स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।धार्मिक उत्साह और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न कलश यात्रा में भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता समृद्ध वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं सर पर कलश धारण कर शामिल हुए।मंदिर परिसर से आरंभ हुई कलश यात्रा में महिला श्रद्धालुओं के अलावा ग्रामीण युवाओं और बच्चों ने भाग लेकर गाजे-बाजे के साथ बिरहा नदी में स्थानीय पुजारियो द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात जल भरकर कलश यात्रा का समापन मंदिर परिसर में हुआ। जहां विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।इस दौरान भाजपा नेता समृद्ध वर्मा ने कहा की श्रावण मास केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें शिव की उपासना, उपवास,भक्ति और सेवा से जीवन में शांति,सुख और समृद्धि आती है।

17 पंचायतों में खेल क्लब गठन की प्रक्रिया पूर्ण

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के सभी पंचायतों में खेल क्लब का गठन होगा। पंचायतों में अब खेल कें प्रति रुचि रखने वाले इसमें भाग लेकर पंचायत स्तर पर भी खेल को बढ़ावा दे सकते है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि खेल संस्कृति को विकसित करने के लिए नगर समेत पंचायतो में खेल क्लब के गठन किया जाना है। खेल क्लब के गठित होने से आम लोगों विशेष रूप से युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड के 17 पंचायतो में खेल क्लब के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। हालांकि अभी 10 पंचायत में गठन की प्रक्रिया चल रही है। जिन पंचायतो में खेल क्लब गठित हो चुका है उसमे चमुआ, भसुरारी, शेरहवा, धुमनगर, मनवा परसी, राजपुर तुमकड़िया, रखही चंपापुर, केसरिया, पुरैनिया हरसरी, सोमगढ़, परोराहा, नौतनवा, डुमरिया, भेड़िहरवा, हरदीटेढा, केहुनिया रोआरी और कुंडिलपुर पंचायत शामिल है। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि शेष पंचायतो में भी गठन प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन के आधार पर पंचायतवार क्लब चुनाव करा कर अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के पद पर चयन किया जाएगा ।

खेत में पानी पटाने को लेकर हुआ विवाद, एक गिरफ्तार

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना के पचमवा गांव में दो पक्ष में मारपीट की घटना घटी है। मामले में एक पक्ष के तीन लोग बूरी तरह से जख्मी हो गए हैं। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया रेफर कर दिया गया है। मामले में एक पक्ष के इम्तेयाज ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में सात लोगो को नामजद किया है। इधर मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान पचमवा गांव निवासी जिक्रुल्लाह गद्दी उर्फ भोला के रूप में किया हुई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

बनने के साथ टूटने और धंसने लगी साठी भसुरारी सड़क

ग्रामीण सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठा रहे सवाल ?

नारकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के भसुरारी से साठी जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से कराया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण में एक बार फिर गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो गया है। यह सड़क बनने के साथ हीं उखड़ने व धंसने लगी है। भसुरारी से बरवा जाने के क्रम में यह सड़क कई जगह धंस गई है तो कई जगह टूटनी भी शुरू हो गई है। वही कई जगहों पर तो इसे अभी से हीं मरम्मत भी किया जाने लगा है। जिसको लेकर लोगों में फिर इस सड़क के निर्माण में गुणवत्ता को लेकर संशय की स्थिति बन गई है। ग्रामीण सुभाष पासवान, आर्यन मिश्र, बलिंदर शर्मा,

अरुण प्रसाद, शानू मिश्रा, धर्मेंद्र यादव आदि लोगों का कहना है कि यह सड़क वर्ष 2017 में आई प्रलयंकारी बाढ़ में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। तब से इस सड़क की हालत काफी बदतर हो गई थी। आठ वर्षों के इंतजार के बाद सड़क तो बनना शुरू हुआ है। लेकिन इसकी गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है। इसी कारण यह सड़क आगे बन रही और पीछे उखड़ रही है। इतना ही नही कई जगह ये सड़क धंस भी गई है। ग्रामीणों ने सड़क के निर्माण में मानक के अनुरूप पत्थर व पिचिंग की मोटाई नही होने को लेकर सवाल खड़ा किया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर यहीं हाल रहा तो जल्द हीं यह सड़क पहले की तरह जर्जर हो जाएगी। बता दें कि इसी सड़क के निर्माण में अनियमितता को लेकर विते 29 अप्रैल को बेलवा के ग्रामीणों ने हंगामा व विरोध प्रदर्शन किया था। जिसके बाद वहां विधायक रश्मि वर्मा ने पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत करीब 9.5 किमी लंबी यह सड़क बनाई जा रही है। जिस पर करीब 13 करोड़ 6314447 रुपए खर्च किया जा रहा है। इधर सड़क निर्माण में अनिमितता को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता अजय सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण में गड़बड़ी की जांच कराई जाए। निर्माण में गुणवत्ता पर कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य कराने का निर्देश निर्माण एजेंसी को दिया जा रहा है।

तार टूटने से आधा दर्जन गांव में 30 घंटा बिजली आपूर्ति बाधित

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नरकटियागंज से लौरिया जाने वाली मुख्य सड़क पर मठिया चौक के समीप बिजली की हाई टेंशन तार टूट कर गिरने से लोगो को काफी परेशानी हुई। तार टूटने के कारण करीब आधा दर्जन गांव में लगभग 30 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। ग्रामीण इंद्रजीत कुमार, बद्री मांझी, फागु मांझी, सत्येंद्र साह व गोपाल शर्मा आदि ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब नौ बजे मठीया चौक के समीप मुख्य मार्ग पर अचानक बिजली की हाई टेंशन तार टूट कर गिर गया। हालांकि गनीमत रही कि तार गिरने से कोई हताहत नही हुई। लेकिन तार टूटने के बाद से करीब आधा दर्जन गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

खुशी हत्याकांड में एफआईआर कर्ता को जान से मारने की धमकी, विधायक अमरजीत कुशवाहा ने एसपी से की मुलाकात

बोले विधायक- धमकी बर्दाश्त नहीं, अगर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सिवान। जिले में बढ़ते अपराध और खुशी हत्याकांड के एफआईआर कर्ता को धमकी मिलने के बाद जिरादेई विधायक कॉमरेड अमरजीत कुशवाहा ने शुक्रवार को सिवान के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी से मुलाकात की। उन्होंने खुशी कुशवाहा की बुआ आरती देवी को फोन पर अपराधियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने और केस वापस लेने का दबाव बनाए जाने पर गहरी चिंता जताई। विधायक के साथ पीड़िता आरती देवी, इंकलाबी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष उपेंद्र गौड़, मजदूर यूनियन राज्य सचिव अमित कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और धमकी देने वाले अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

हरदिया और मलमलिया गोलीकांड पर भी उठाया सवाल

विधायक ने हरदिया और मलमलिया में हुई गोलीबारी की घटनाओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि हरदिया में तीन भाइयों पर गोली चली, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने प्रशासन पर सिर्फ खानापूर्ति करने का आरोप लगाया।

बिहार में अपराधी मस्त, सरकार पस्त की स्थिति- कुशवाहा

उन्होंने कहा कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है। राजधानी पटना में एक सप्ताह के भीतर व्यवसायियों की हत्या, लूट और महिलाओं के साथ दुष्कर्म की कई घटनाएं हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि खुशी हत्याकांड और अन्य मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी 21 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में इसे प्रमुख मुद्दा बनाया जाएगा और बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

न्याय मार्ग स्थित सीपीआईएम कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

पार्टी कांग्रेस के फैसलों को लागू करने व जन आंदोलन तेज करने पर हुआ मंथन

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सीपीआईएम के जिला कार्यालय, न्याय मार्ग श्रीनगर में जिला सचिव फूल मोहम्मद अंसारी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की सामान्य बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राज्य सचिव मंडल के सदस्य मोहम्मद अली मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद रहे। बैठक में हाल ही में तमिलनाडु के मदुरै में सम्पन्न 24वीं

पार्टी कांग्रेस में लिए गए निर्णयों को जमीनी स्तर पर लागू करने की रणनीति पर चर्चा हुई। मोहम्मद अली ने कहा कि सीपीआईएम देश की सबसे लोकतांत्रिक पार्टी है, जहाँ साधारण सदस्य भी खुलकर बहस और सुझाव रख सकता है। उन्होंने बताया कि पार्टी कांग्रेस ने सदस्यता शुल्क को ₹5 से बढ़ाने का निर्णय लिया है जबकि अवकाश की उम्र 73 वर्ष बनी रहेगी।

नव-फासीवाद के खिलाफ जन आंदोलन का आह्वान

मोहम्मद अली ने बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहे हैं और संविधान से 'धर्मनिरपेक्ष' व 'समाजवादी' शब्द हटाने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में नव-फासीवाद का खतरा बढ़ रहा है, जिससे निपटने के लिए व्यापक जन आंदोलन जरूरी है। पार्टी कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया है कि आम जनता के मुद्दों को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और आर्थिक-सामाजिक सवालों पर प्रतिरोध संगठित किया जाएगा।

सदस्यता अभियान और युवाओं को जिम्मेदारी

बैठक में बताया गया कि पार्टी युवाओं को योग्यतानुसार नेतृत्व दे रही है। समाजवाद और साम्यवाद को ही पूंजीवाद व साम्राज्यवाद का विकल्प बताते हुए पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अर्जुन यादव, डॉ. दयानंद सिंह, परमा चौधरी, अरुण कुमार सिंह, डॉ. लालजी नारायण, चन्द्रमा प्रसाद सहित कई नेता शामिल हुए।

राष्ट्रीय यूथ एक्सचेंज में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे आदित्य मधुकर

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हरियाणा में आयोजित होने वाली इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में बेतिया निवासी आदित्य मधुकर बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कार्यक्रम 23 से 25 जुलाई तक कुरुक्षेत्र, हरियाणा में आयोजित होगा। जिसमे अलग अलग विधाओं में देश के अन्य राज्यों के युवा प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। आदित्य मधुकर का चयन युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा भाषण डिक्लेमेशन प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह चयन उनकी अभिव्यक्ति क्षमता, नेतृत्व गुणों एवं सामाजिक चेतना को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इससे पूर्व भी आदित्य मधुकर 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, नासिक (महाराष्ट्र) तथा 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, नई दिल्ली में भाषण विधा के अंतर्गत बिहार का

प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके अनुभव और प्रस्तुति की कला ने उन्हें बार-बार राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाया है। इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में बिहार राज्य की ओर से दो विधाओं समूह लोकगीत और भाषण प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व हो रहा है, जिनमें से भाषण में बिहार से एक मात्र आदित्य मधुकर को चयनित किया गया है। जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने आदित्य मधुकर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह जिले के लिए गौरव का क्षण है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आदित्य बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और भी ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आदित्य के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

चीनी मिल के गार्ड द्वारा मारपीट कर जख्मी करने का आरोप

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना के कटघरवा निवासी महेश राम ने शिकारपुर थाने में चीनी मिल के तीन गार्ड पर मारपीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना 28 जून की है। मामले में पीड़ित के फर्द बयान पर शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि वह शौच कर के खेत के रास्ते घर जा रहा था। उसी दौरान चीनी मिल के गार्ड भसुरारी गांव निवासी ब्रिजेश यादव, विदेशी यादव और शेख साहेब ने उसे पकड़ लिया और जातिसूचक गालियां देने लगें। जब मना किया तो लाठी डंडे से उसे बूरी तरह पीट कर जख्मी कर दिया। हो हल्ला सुन स्थानीय लोग पहुचे और उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

जयप्रकाश विवि बीएड परीक्षा का कुलपति ने किया निरीक्षण

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो । जयप्रकाश विश्वविद्यालय बीएड सत्र 2024-26 प्रथम वर्ष परीक्षा 2025 दो परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हुई। विश्वविद्यालय परिसर स्थित मल्टीपर्पस हॉल तथा छपरा के राजेंद्र कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में प्रारंभ हुई। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने राजेंद्र कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

जल्द होगी आरोग्य वेलनेस सेन्टर की स्थापना, मरीजों को मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाए : डॉ. साजन दूबे

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जल्द ही पटना के बंगाली अखाड़ा, बारी पथ पर फआरोग्य वेलनेस सेन्टरय की स्थापना होगी। जहाँ गुप्त एवं यौन रोगों के इलाज की विश्वस्तरीय सुविधएँ मरीजों को मिलेगी । इस संबंध में आरोग्य वेलनेस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे ने बताया कि सेंटर की स्थापना की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही है। जल्द ही इसका उद्घाटन होगा । उन्होंने कहा कि इस सेंटर पर गुप्त एवं यौन रोगों का एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दोनों प(ति से इलाज होगा। मरीजों को सभी प्रकार की सुविध उपलब्ध करायी जायेगी । इसके अतिरिक्त पेट, चर्म एवं बांझपन जैसे रोगों का भी सपफल इलाज होगा। विदित रहे कि डॉ. साजन दूबे विश्वप्रसि

(आयुवेर्दाचार्य एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे के सुपुत्रा हैं । उन्होंने मुम्बई से एम.बी.बी.एस. की डिग्री प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त उनके पास आयुर्वेद का भी अच्छा अनुभव है। डॉ. साजन दूबे के दादा स्व. वैद्य सुभाष दूबे राज्य के नामचीन वैद्य थे। इसके अतिरिक्त उनके पिता डॉ. सुनील दूबे राज्य स्तर पर ही नहीं अपितु विश्व स्तर पर प्रसि(सेक्सोलॉजिस्ट हैं। दूबे क्लिनिक राज्य का 60 वर्ष पुराना क्लिनिक है। यहाँ से लाखों मरीज पूर्णतः स्वस्थ होकर सुखी पारिवारिक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। स्पष्ट है कि आयुर्वेद की पारिवारिक पृष्ठभूमि होने के कारण डॉ. साजन दूबे को आयुर्वेद का पूरा ज्ञान है। इस संबंध में आयुवेर्दाचार्य एवं समाजसेवी डॉ. सुनील दूबे ने बताया कि जल्द ही आरोग्य वेलनेस सेन्टर का उद्घाटन होगा । उन्होंने कहा कि सेंटर पर गुप्त एवं यौन रोग, चर्म, पेट एवं बांझपन इत्यादि का इलाज होगा । उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिस तरह उन्होंने मरीजों के इलाज के साथ-साथ समाजसेवा भी की है। डॉ. साजन दूबे भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मरीजों की सेवा के साथ ही समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका निभायेंगे ।

बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु नया बैच मंगलवार से शुरू

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एस एस सी एवम बैंकिंग की बैच 15 जुलाई से शुरू हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बैच में टेस्ट सीरीज बिल्कुल मुफ्त दी जाएगी एवम प्रतिदिन 3 घंटे की क्लास चलेगी। संस्थान ने पिछले 5 वर्षों में 10,000 से अधिक विद्यार्थियो के सफलता में भूमिका निभाई है। संस्थान के निदेशक सौरव झा ने बताया कि अभी सभी तरह के कोर्स पर छूट दी जा रही है एवम एस एस सी, रेलवे, बैंकिंग के बैच में नामंकन पर विद्यार्थियों के अंक के आधार पर छूट दी जा रही है। बैच से सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए 9835813365 पर सम्पर्क कर सकते है। सभी बैच में नामांकन जारी है और ऑफर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर है।

राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में नामांकन को लेकर छात्रों में उत्साह

पहले चरण में 200+ छात्रों ने लिया दाखिला, दूसरा राउंड 23 जुलाई से शुरू

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

सिवान। नए सत्र की शुरूआत के साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में नामांकन को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। संस्थान में पहले चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न ब्रांचों में नामांकन लिया। दूसरे चरण की प्रक्रिया 23 जुलाई से आरंभ होगी।

छात्रों में दिखा भरोसा, सभी ब्रांचों में भर रही सीटें

कॉलेज प्रशासन के अनुसार, मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस जैसी प्रमुख ब्रांचों में भारी संख्या में छात्र नामांकन के लिए पहुंच रहे हैं। छात्रों में संस्थान की शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन को लेकर विश्वास देखा जा रहा है।

शैक्षणिक गुणवता और अनुभवी फैकल्टी बनी पसंद की वजह

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पचौरी ने कहा, ह्लहमारे संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और अनुभवी फैकल्टी ने छात्रों का भरोसा जीता है। यह गर्व की बात है कि छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में हमारे संस्थान को अपना भविष्य बनाने के लिए चुन रहे हैं।

सुव्यवस्थित प्रक्रिया और हेल्प डेस्क से मिल रही सहूलियत

रजिस्ट्रार श्री शशिभूषण ने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सुविधा के साथ संपन्न कराया जा रहा है। छात्रों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

23 जुलाई से फिर शुरू होगा नामांकन, छात्रों को समय पर पहुंचने की अपील

प्रशासन ने सभी इच्छुक छात्रों से अनुरोध किया है कि वे समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ कॉलेज में उपस्थित होकर अपना नामांकन सुनिश्चित करें। नामांकन प्रक्रिया को सफल बनाने में संस्थान के सभी फैकल्टी और स्टाफ सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

भविष्य निर्माण की दिशा में बढ़ा एक और कदम

राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में हो रहे इस नामांकन को लेकर जिले भर के तकनीकी शिक्षा प्रेमियों में सकारात्मक माहौल बना हुआ है। छात्रों का यह रुझान साफ दिखाता है कि वे अपने करियर को लेकर गंभीर हैं और उन्हें संस्थान पर पूर्ण

जीएमसीएच में लेप्रोस्कॉपिक विधि से हुआ बच्चेदानी का ऑपरेशन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लेप्रोस्कोपिक विधि से सहजता से ऑपरेशन किया जा सके इसके लिए पहल आरंभ कर दी गयी है। गुरूवार को स्थानीय गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस विधि को प्रसारित करने के उद्देश्य से ऑपरेशन सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसका आयोजन जीएमसीएच प्रबंधन एवं भारतीय प्रसुति एवं स्त्री रोग सोसायटी संघ (फॉगसी) ने की। जीएमसीएच में एक महिला मरीज के ऑपरेशन का लाईव प्रर्दशन किया गया जिसमें जीएमसीएच एवं जिले के विभिन्न हिस्सो से आये चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों ने अपने सवालों को भी रखा जिसे ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों ने समाधान किया। दूरबीन से ऑपरेशन को बढ़ावा देने के लिए फॉगसी के अधिकारियों ने जिले के सरकारी व गैर सरकारी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों को वर्कशॉप में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की जानकारी दी। जीएमसीएच की अधीक्षक डॉ. सुधा भारती ने बताया कि अस्पताल के बी ब्लॉक स्थित ऑपरेशन थियेटर में परवतिया टोला की एक महिला के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। जिसमें फॉगसी की चिकित्सक डॉ. स्मृता सिंह, डॉ. ज्योति शामिल थी। वहीं जिले के विभिन्न हिस्सों से आए स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञों को ऑपरेशन का लाइव टेलीकास्ट दिखाकर ऑपरेशन करने के तरीके व सावधानियों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन में डॉ. मालविका कुमुद, डॉ. रश्मि कुमारी, डॉ. अर्चना, डॉ. पूजा, डॉ. शबनम फुलेमान, एनएसथिसिया के विभागाध्यक्ष चंदेश्वर चौधरी, डॉ. शशांक आदि मौजूद थे। अधीक्षक ने बताया कि सर्जरी की इस प्रक्रिया में पेट में छोटे चीरे लगाए जाते है और लोप्रोस्कोप का उपयोग करके गर्भाशय को हटाया जाता है। सर्जरी के दो दिन बाद मरीज को छुट्टी दे दी जाती है। इसमें बड़ा चीरा नहीं लगाया जाता है। बड़ा चीरा लगाकर ऑपरेशन करवाने से मरीज को आठ दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ता है।

चिकित्सकों ने देखा सीधा प्रर्दशन

पपीता की खेती से किसान बढ़ा रहे हैं आमदनी

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आज के समय में उद्यानिकी फसलें किसानों के लिए आय का एक बेहतर स्रोत बन रही हैं। विशेष रूप से पपीते की खेती ने किसानों के जीवन में आर्थिक समृद्धि की नई राहें खोल दी हैं। कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर, पश्चिम चंपारण के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि पपीता एक पर-परागण वाली फसल है, जिसकी व्यवसायिक खेती बीजों द्वारा तैयार पौध से की जाती है।डॉ सिंह ने बताया कि पपीते की प्रमुख उन्नत किस्मों में पूसा ड्वार्फ, पूसा मजेस्टी, पुणे सलेक्शन-3, रेड लेडी, ताईवान पिंक आदि शामिल हैं। इन किस्मों के बीज अगस्त से सितंबर के बीच 1 सेमी की गहराई में बोए जाते हैं। बीजों को बुवाई से पहले

रिडोमिल एम-जेड जैसी फफूंदनाशक दवा से उपचारित करना आवश्यक है, जिससे डंपिंग ऑफ रोग से बचाव होता है।तैयार पौध को 60.60.60 सेमी आकार के गड्ढों में अक्टूबर से नवंबर माह में रोपित किया जाता है। प्रत्येक गड्ढे में 20 किलोग्राम सड़ी गोबर खाद, 1 किग्रा नीम खली, 1 किग्रा हड्डी चूर्ण एवं 5ट10 ग्राम दानेदार कीटनाशक मिलाकर भरना चाहिए। खाद के साथ जल प्रबंधन भी आवश्यक है। गर्मियों में प्रति सप्ताह और सर्दियों में 15 दिनों के अंतराल पर सिंचाई जरूरी होती है। पौधारोपण के छह माह बाद यानी मार्च-अप्रैल में पपीते में फूल आने लगते हैं और बसंत से ग्रीष्म ऋतु तक फल परिपक्व होते हैं। डॉ. सिंह के अनुसार, वैज्ञानिक विधियों से खेती करने पर प्रति पौधा 50 से 60 किग्रा और प्रति हेक्टेयर 100 से 120 टन तक उत्पादन संभव है। पपीते की खेती से न केवल किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं बल्कि जैविक व वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर कृषि के क्षेत्र में नई मिसाल भी कायम कर रहे हैं।

चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चोरी की बाइक के साथ लौरिया पुलिस ने बाईक चोर को गिरफ्तार किया है। बाईक चोर की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के देउरवा निवासी मोहम्मद अरमान के पुत्र मोहम्मद सजाउल्लाह के रुप मे हुई है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि लौरिया थाना मे काण्ड संख्या 296/25 मामला दर्ज था।

Affidavit

I Mrityunjay kumar Singh S/O Rajdhari, R/o - near DAV public school narha panapur, Meghua, Nankardewa, East Champaran, Bihar- 845406 declare vide affidavit no. 1148 dated 17.07.2025 That my correct name is mentioned in my aadhar card as Mrityunjay Kumar Singh. That in my pension record my name incorrectly mentioned as Mritunjay Kumar Singh. That instead of Mirtunjay Kumar Singh I shall be known as Mrityunjay Kumar Singh for all purposes.

जहानाबाद जिले में नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन सतर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। हजारीबाग, चतरा एवं अन्य ऊपरी क्षेत्रों में विगत कुछ दिनों से हो रही भारी वर्षा के कारण मोरहर, दरधा एवं फल्गु सहित अन्य नदियों के कैचमेंट क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इसके फलस्वरूप जहानाबाद जिले के कुछ निचले इलाकों में संभावित जलप्रवाह और दबाव को देखते हुए प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है।प्राप्त सूचनाओं के अनुसार, जिले के घोसी एवं मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत कुछ स्थानों पर जमींदारी बाँध एवं संपर्क पथों पर जल का ओवर-टॉपिंग हुआ है, जिससे आंशिक क्षति की जानकारी प्राप्त हुई है।जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय के निदेर्शानुसार, क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत का कार्य बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय (नालंदा), ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल एवं विद्युत प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा तत्परता से प्रारंभ कर दिया गया है। नगर परिषद, जहानाबाद क्षेत्र में एहतियाती कार्यवाही के तहत जफरगंज मुहल्ले में पॉलिथीन शीट्स का वितरण कराया गया है, जबकि शकूराबाद क्षेत्र में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।उदेरास्थान बराज से जल के नियंत्रित रूप में छोड़े जाने से वर्तमान में जलभराव की स्थिति में सुधार हुआ है। स्थिति सामान्य बनी हुई है। साथ ही सिंचाई हेतु आवश्यक जलप्रवाह बनाए रखने के लिए कुछ गेटों को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। गुरुवार को जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया एवं घोसी प्रखंड के भारथू पंचायत सहित अन्य संभावित क्षेत्रों में राहत एवं सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता श्री अनिल कुमार सिन्हा एवं सहायक आपदा प्रभारी श्री ऋतिक तेजस्वी द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। सभी अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी कर रहे हैं एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं।जिले की आपातकालीन सेवाएं पूर्णतः कार्यरत हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थान एवं जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24ग7 संचालित हैं। जिला प्रशासन की ओर से किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों के लिए नंबर जारी किए गए हैं- 9905614917 / 9507716164 (जिला आपातकालीन संचालन केंद्र)। जिला प्रशासन की ओर से जिलेवासियों से अपील किया गया है कि नदियों,नहरों,जलस्रोतों के समीप जाने से बचें साथ ही बच्चों एवं पशुओं को भी दूर रखें।जल स्तर में अप्रत्याशित वृद्धि की स्थिति में तत्काल सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।जिला प्रशासन, जहानाबाद द्वारा सभी संबंधित विभागों को राहत एवं बचाव हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।नवीनतम जानकारी हेतु जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नियमित अपडेट जारी किए जा रहे हैं।

लगातार हो रही बारिश से मखदुमपुर में जमुना नदी का जल स्तर बढ़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मखदुमपुर(जहानाबाद)। जहानाबाद जिले में लगातार हो रही बारिश से मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र में जमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण नदी के प्रवाह क्षेत्र के निचले इलाकों में नदी का पानी घरों में घुसने का डर बना हुआ है। साथ ही इससे किसानों की भी चिंता बढ़ गई हैं। किसानों ने बताया कि जमुना नदी में जिस तेजी से पानी बढ़ रहा है। उससे खेतो में पानी भर जाएगा जिसके कारण रोपनी की गई धान एवं धान का बिचड़ा गलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए मखदुमपुर थानाध्यक्ष ने नदी के तटवर्ती इलाकों में बसे लोगों को सतर्क रहने की सलह दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी समय किसी भी प्रकार की असुविधा लगे तो तुरंत थाना को सूचित करें पुलिस आपकी सेवा के लिए तत्पर है। इधर टेहटा थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने टेहटा एवं सुगाँव के समीप से बह रही जमुना नदी के समीप मुआयना किया और लोगों को अनावश्यक नदी किनारे खड़े ना रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को नदी में बढ़े जलस्तर को लेकर आगाह करते हुए कहा कि इस समय नदी में पानी का जलस्तर काफी बढ़ गया है इसलिए आप लोग अपने बच्चों का खास ख्याल रखें ताकि नदी के किनारे बच्चे ना जाएं। साथ ही उन्होंने का नदी में बच्चों को नहाने से भी रोकने की जरूरत है।

संक्षिप्त समाचार

परिवार नियोजन कैंप का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता अंबा औरंगाबाद। मिशन विकास परिवार नियोजन पखवाड़ा के तहत गुरुवार को पीएचसी कुटुंबा में कैंप का आगाज किया गया।रेफरल अस्पताल कुटुंबा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल

किशोर सिंह ने कैंप का उद्घाटन किया। विदित हो कि इस माह 17, 23 और 29 जुलाई को कैंप लगाने की तिथि निर्धारित की गई थी। कैंप के पहले दिन कुल चार पुरुष नसबंदी हाइड्रोसील के साथ तथा ग्यारह महिला बंध्याकरण किया गया। वहीं पंद्रह महिलाओं को अंतरा इंजेक्शन लगाया गया। इस मौके पर बीएचएम, बीसीएम, बीएचएम, आशा एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब होगी ईसीजी मशीन से जांच

रफीगंज औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राज्य स्वास्थ्य समिति पटना के द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईसीजी मशीन लगाया गया है, जिससे दिल से संबंधित मरीजों के लिए सुविधा मिलेगी।

जिला कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार के द्वारा ईसीजी जांच के लिए लाइव इंचार्ज रविंद्र कुमार, रिंकी कुमारी, रंजीत कुमार ,नदीम अख्तर एवं जीएन एम प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, आशा सिंहा, सुषमा बा लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रफीगंज में अब ईसीजी मशीन का सुविधा हो गई है, जिससे हार्ड संबंधित जांच निशुल्क किया जाएगा। यह सुविधा 24 घंटा मुहैया रहेगी।

रफीगंज के नीमा चतुर्भुज गांव में शहीद सिपाही मनोज कुमार की मनाई गई 17वीं पुण्यतिथि

रफीगंज/औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रफीगंज थाना क्षेत्र के नीमा चतुर्भुज गांव में इस्त्रके शहीद सिपाही मनोज कुमार सिंह 17वीं

पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई ! इस दौरान स्वजनों के साथ कई समाजीक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया । शहीद पुत्र प्रांशु सिंह राजपूत ने बताया कि 17 जुलाई 2008 को सीमा सुरक्षा बल की 20वीं बटालियन में पंजाब प्रांत के फिरोजपुर फाजिल्का सीमा पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बिजली की स्पशार्घात से शहीद हो गए थे ! इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, शहीद सिपाही के पुत्र अभाविप दक्षिण बिहार प्रांत के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रांशु कुमार सिंह, बड़ा पुत्र इंजीनियर हिमाशु सिंह,भाजपा वरिष्ट नेता विनय कुमार सिंह,श्रीकांत सिंह,अंकित सिसोदिया , छात्र नेता हार्दिक सिंह राजपूत, किशू गुप्ता, समीर सिंह के साथ अन्य लोग ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया !

बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की ट्रेन से कटकर हुई मौत

मखदुमपुर (जहानाबाद)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के वाणावर कोटेश्वर धाम हॉल्ट के समीप जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन से गिर कर एक छात्र की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक आदित्य कुमार अरवल जिले के वलिदाद का रहने वाला था और वह बिहार पुलिस का परीक्षा देने नवादा गया हुआ था। परीक्षा देकर नवादा से लौटने के दौरान वाणावर कोटेश्वर धाम हॉल्ट के समीप छात्र की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मखदुमपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे लिया। इसके बाद छात्र का शव पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने परिजनों को सोप दिया है।

टेहटा बाजार से चार दिन से गायब महिला एवं बच्ची को पुलिस ने किया बरामद

मखदुमपुर (जहानाबाद)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के टेहटा बाजार स्थित मोहल्ले से चार दिन पूर्व महिला एवं उसकी नाबालिक बच्ची घर से अचानक गायब हो गई थी। जिसकी शिकायत परिजनों ने टेहटा थाने में किया था। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि चार दिन से गायब महिला एवं उसकी बच्ची बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि महिला एवं उसके पति के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। इसी को लेकर महिला अपनी छोटी बच्ची को साथ लेकर घर छोड़कर कहीं चली गई थी। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। हालाकि बताया जाता है कि वह महिला अपनी बच्ची के साथ खुद अपनी घर पर वापस आ गई है।

20 जुलाई के वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक

रफीगंज औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रफीगंज के बस स्टैंड के पास शंकर शौंडिक के आवास पर औरंगाबाद में 20 जूलाई को सम्राट अशोक भवन में वैश्य प्रतिनिधी सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी। प्रखंड संयोजक अध्यक्षता शंकर शौंडिक एवं संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधी दिलीप उर्फ कारू प्रसाद ने किया। स्थानीय लोगो ने लोजपा प्रदेश महासचिव प्रकाश चंन्द्रा , औरंगाबाद नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, जिला संयोजक जितेंद्र गुप्ता को अंगवस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया। प्रकाश चन्द्रा ने कहा कि वैश्य प्रतिनिधी सम्मेलन को सफल बनाने के जिले के हर प्रखंड में घुम-घुमकर वैश्य समाज को जागरूक कर आने के लिए कहा जा रहा है। समाज के साथ हर मोर्चे पर कदम से कदम मिलाकर चलने को कहा। समाज मे जो अच्छा कार्य करेगे उन्हे सम्मेलन मे सम्मानित किया जायेगा। शंकर शौंडिक एवं कारू प्रसाद ने कहा कि समाज के कार्यो में सभी बढ- चढ़कर हिस्सा ले। और सम्मेलन में अधिक से अधिक समाज के लोग हिस्सा ले। इस अवसर पर गिरिजा प्रसाद, प्रदिप उर्फ बाबू शौंडिक, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधी जितेंद्र कुमार, संतोष साहू, राजेश प्रसाद, सोहन साव, संजय योगी, नागेंद्र प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, बबल सोनी, संजय उर्फ मंत्री,राजू गुप्ता, चंदन सोनार, रंजय गुप्ता, भोला शौंडिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद द्वारा विभिन्न तिथियों को विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में दिनांक 20 जुलाई 2025 (रविवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे पर्यवेक्षण गृह, जहानाबाद में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की विषयवस्तु जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015, पॉक्सो एक्ट एवं नालसा डाउन स्कीम 2025 होगी।इस कार्यक्रम में श्री अरविंद कुमार सिंह (पैनल अधिवक्ता) एवं मो० गुलाम सरवर (पैरा लीगल वॉलंटियर) मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही, अधीक्षक, पर्यवेक्षण गृह, जहानाबाद का सहयोग भी प्राप्त रहेगा। इसके अतिरिक्त, दिनांक 27 जुलाई 2025 (रविवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वी सरेन पंचायत एवं टेहटा (जहानाबाद) में एक अन्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की विषयवस्तु नालसा (जनजातीय अधिकारों का संरक्षण एवं प्रवर्तन) योजना 2015 एवं "स्थायी लोक अदालत" होगी। इस अवसर पर सुजीत कुमार (पैनल अधिवक्ता) एवं सीता कुमारी (पैरा लीगल वॉलंटियर) होंगे।

राजद के कार्यकर्ताओं के साथ की गई बैठक

रफीगंज औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शहर के इमादपुर स्थित एक निजी होटल में राजद के प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें तेजस्वी यादव के कैंपेनिंग टीम से रकीब अहमद के द्वारा सभी पंचायत अध्यक्षों को ये बताया गया कि अभी जो बी एल ओ फॉर्म ले रहे हैं उसको एक टीम बनाकर गांव स्तर पर सभी गांव वासियों का जल्द से जल्द वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने एवं बचाने का कार्य करें। कार्यकताओं को सरकार बनने के बाद मिलने वाली योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। सरकार बनाने के लिए संकल्प लिया गया। इस मौके पर राजद के कैंपेनर रकीब अहमद,राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, नगर पार्षद टप्पू यादव, डॉ शिवनंदन यादव, नरेश यादव, दीपक कुमार,पिंटू कुमार, छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार, धर्मदेव यादव,बघौरा पंचायत समिति सुनील शर्मा,राजू यादव, कुंदन कुमार के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) की छात्रा प्रमुख बनीं रानी सिंह

औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) की छात्र इकाई की एक अहम बैठक गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छात्र जिला अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन की जिम्मेवारी जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सूरज कुमार राय ने निभाई। बैठक में संगठन के विस्तार के क्रम में रानी सिंह को

छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शशि देवी, दानिका, अंकित, गोलू, निशा, स्वीटी और पिंकी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में छात्राओं की आवाज और मजबूती से उठेगी। वक्ताओं ने कहा कि रानी के आने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत 17 अपीलीय मामलों की जिला पदाधिकारी ने की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जहानाबाद। जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त 17 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 10 मामलों पर विचार किया गया और कई मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। इस सुनवाई में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय प्राधिकारियों से जवाब-तलब किया। संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे तीन मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद , भूमि विवाद , जमाबंदी रद्दीकरण तथा रैयती करण से संबंधित थे। सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

वज्रपात से मृत शख्स के परिजनों को आपदा राहत के तहत मिला चार लाख रुपए का चेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड के वलीपुर के बधार में बुधवार को वज्रपात से हुई मौत के चौबीस घंटे के अंदर बज्रपात पीड़ित परिवार के लोगों को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता स्वरूप 4 लाख रुपए का चेक का भुगतान किया गया। बताया गया कि खेत में काम कर रहे मजदूर की हुई मौत के बाद अंचलाधिकारी सदाब आलम द्वारा मृतक के पत्नी उर्मिला देवी को आपदा राहत के तहत चार लाख रुपए का चेक मुखिया रंजीत कुमार के साथ संयुक्त रूप से दिया गया।यह हुलासगंज प्रखंड के लिए मिशाल से कम नहीं है। गौरतलब है कि बुधवार को वलीपुर के बधार में काम कर रहे मजदूर विनोद मांझी की मौत खेत में ही बज्रपात से हो गई थी।मृतक दुगार्पुर का रहने वाला बताया गया है। अंचलाधिकारी एवं मुखिया रंजीत कुमार के संयुक्त प्रयास से महज चौबीस घंटे में सहायतार्थ चार लाख का चेक मृतक के पत्नी को दिया जाना न केवल एक बडी उपलब्धि है इसकी चर्चा पुरे प्रखंड क्षेत्र में हो रही है।

अंडकोशीय शिव लिंग का एकमात्र मंदिर है जारू- बनवरिया का योगेश्वर नाथ मंदिर

जहानाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय से 7 किलोमीटर दक्षिण-पूरब दिशा में नागाजुर्नी पहाड़ी शृंखला में जारू- बनवरिया गाँव के पास ऊँची चोटी पर स्थापित अण्ड्कोशिय शिव लिंग की ऐतिहासिकता और स्थापत्यकला दोनो ही अद्वितीय मानी जाती है। फल्गु नदी के तट के बिल्कुल पास जहाँ पर वृहद रूप से ऊदेरास्थान सिंचाई परियोजना स्थापित है। प्राकृतिक रूप से कुदरत का दिया सुन्दर स्वरूप यहाँ लोगों को अपनी ओर ध्यान आकृष्ट करता है। योगेश्वर नाथ मंदिर पहाड़ के चट्टान को काटकर बनाया गया है। मंदिर के स्थापना के कालक्रम कई हजार वर्ष पुराना बताया जाता है। योगेश्वरनाथ मंदिर के पुजारी श्रवण बाबा ने बताया की बाणावर के बाबा सिद्धनाथ मंदिर से पहले इस मंदिर की स्थापना वाणासुर ने किया था। पुजारी

आगे कविता के भाव में योगेश्वर नाथ मंदिर के इतिहास को बताते हैं की वाणासुर की पुत्री उषा ने स्वप्न में भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध के सुन्दर स्वरूप को देखकर स्वप्न टूटने के बाद उनसे शादी के लीये विह्वल हो गयी। अपने तिलस्मी विद्या से उषा अनिरुद्ध को उड़ाकर ले आयी। बाद में कई महीनों के बाद जब वाणासुर को अपने दुश्मन के पुत्र और उषा के बीच संबंध की जानकारी हुई तो दोनो के बीच भीषण युद्ध हुआ। बाद में खुद भगवान शिव ने प्रकट होकर युद्ध समाप्त करने का आदेश वाणासुर को दिया।

जहानाबाद जिला स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। आगामी 1 अगस्त 2025 के अवसर पर जिला मुख्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले जहानाबाद जिला स्थापना दिवस के लिए कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे के निर्देश पर की गई। बैठक की शुरूआत में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती चांदनी कुमारी द्वारा स्थापना दिवस से संबंधित प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, वृक्षारोपण एवं स्वास्थ्य शिविर सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने निर्देश दिये कि 1 अगस्त को अब्दुल बारी नगर भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर साज-सज्जा, लाइटिंग, सफाई आदि की समुचित व्यवस्था हेतु नजरत उप समाहर्ता को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे इच्छुक प्रतिभागियों से आवेदन प्राप्त कर एक समिति गठित करते हुए कार्यक्रमों का चयन सुनिश्चित करें। स्थापना दिवस के अवसर पर जहानाबाद पर आधारित रील प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु जिला जन संपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है, साथ ही चयन हेतु एक निर्णायक मंडल भी गठित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को स्थापना दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।जिले के सभी विद्यालयों में चित्रकला, रंगोली, निबंध इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित कराने की जिम्मेवारी जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी गई है। नगर परिषद को सड़कों की साफ-सफाई, फॉगिंग इत्यादि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पीएचईडी को पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया है। सभी प्रखंडों में इस अवसर पर विभिन्न विभागों के स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिनमें जिले की उपलब्धियों का प्रदर्शन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी। जिला जन संपर्क पदाधिकारी को सभी विभागों के सहयोग से जिले की उपलब्धियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है।स्वास्थ्य पहल के तहत, सिविल सर्जन को 31 जुलाई की संध्या को सदर अस्पताल में विशेष रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क जांच शिविर आयोजित करने और 1 अगस्त को प्रभात फेरी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि वर्ष 1986 में गया जिले से विभाजित होकर अस्तित्व में आया जहानाबाद जिला, मगध क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है। फल्गु, दरधा एवं मोरहर जैसी नदियों से सिंचित यह क्षेत्र कृषिप्रधान है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से यह जिला राज्य के मध्यवर्ती क्षेत्र में स्थित होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्थापना दिवस न केवल जिले की उपलब्धियों के उत्सव का अवसर है, बल्कि यह नागरिकों को जिले की पहचान, विकास और उनके दायित्वों के प्रति सजग करने का माध्यम भी है।बैठक में अपर समाहर्ता विभागीय जांच श्री विनय कुमार सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्रीमती चांदनी कुमारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्रीमती अमु अमला, वरीय उप समाहर्ता सुश्री नेहा कुमारी, वरीय उप समाहर्ता सुश्री होमा इरफान सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आफत : धनरूआ के बहरामपुर पंचायत में घुसा बाढ़ का पानी

सैकड़ो एकड़ खेत हुए जलमग्न, प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ प्रखंड के बहरामपुर पंचायत में बाढ़ का पानी कई गांव में घुस गया है। जहां सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल जलमग्न हो चुकी है। लगातार नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। धनरूआ के कररूआ नदी, भुतही नदी और बलदाही नदी ऊफान पर है. इस क्षेत्र की कई नदियों में बाढ़ का पानी आ जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पटना-नालंदा की सीमा पर लोकाईन नदी उफान पर है. धनरूआ प्रखंड की कई नदियों में बाढ़ का पानी आ जाने से सबसे ज्यादा क्षति किसानों को हो रही है. बहरामपुर पंचायत के अरमल, चकरमल, चकिया पर, सिम्हारी खुर्द, छोटकी सिमहारी, बघवर, अमरपुरा, पिपरवावां, पचासा पर

आतापुर, बलवापर समेत कई गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है. इसके अलावा अरमल गांव में बने हुए तटबंध भी ध्वस्त होने का खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा अन्य पुलिया भी धवस्त होने के कगार पर है। अरमल गांव के नागेश्वर राम ने कहा लगातार नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। उन्हें इस बात की आशंका है कि 2016 की तरह धान की फसल नष्ट न हो जाये. हलांकि दरधा नदी में पानी नहीं आने से लोगों में कुछ राहत है। धनरूआ में इन दिनों कररूआ, भुतही, बलदाही नदी में ऊफान आया हुआ है। इसके अलावा अरमल के सुजीत प्रसाद, विनय प्रसाद, बघवर के लक्ष्मी प्रसाद, पिपरावां के रणधीर सिंह, लल्लू सिंह, सिमहाडी, औश के सुरेंद्र प्रसाद आदि किसानों ने कहा कि सैकड़ो एकड़ में लगे हुए धान की फसल मोरी डूब गई है। बाढ़ का पानी घुस गया है. धान की फसल को नुकसान पहुंचा है. जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। वही बहरामपुर पंचायत के गुड्डू कुमार ने बताया की कई जगहों पर तटबंध पर खतरा मंडराने लगा है, इसकी सूचना हमने संबंधित पदाधिकारी को दी हैं, सैकडों एकड खेत जलमग्न हो चुके हैं। वही अंचलधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया की बाढ़ प्रभावित है क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। तटबंधों को दुरुस्त करने के निर्देश किए गए हैं। इसके अलावा सभी कर्मचारियों को हाई आर्ट मोड पर रखा गया है।

स्वास्थ्य केंद्र में दस्त रोको अभियान की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। दस्त रोको अभियान बच्चों में दस्त की समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशन मे गुरुवार को मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे इस अभियान की शुरुआत की गई है जो 14 सितंबर तक चलेगी। यह बाढ़/प्राकृतिक आपदाओं के दौरान दस्त की संभावित उच्च घटनाओं से निपटने के लिए एक अभियान गतिविधि है। यह दो महीने का अभियान है, जिसमें 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के बीच 2 ओआरएस पैकेट और जिंक की 14 गोलियां एक साथ वितरित की जाती हैं। पीएचसी प्रभारी डॉ रामानुज ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आवश्यक है कि कार्यक्रम के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों का सूक्ष्म कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण किया जाए। डायरिया से होने वाले मृत्यु का मुख्य कारण निर्जलीकरण के साथ इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी होना है। ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग द्वारा डायरिया से होने वाली मृत्यु को टाला जा सकता है। अभियान के दौरान अंतर्विभागीय समन्वय द्वारा दस्त की रोकथाम के उपायों, दस्त होने पर ओआरएस एवं जिंक का प्रयोग की समझ, दस्त के दौरान उचित पोषण तथा समुचित ईलाज के विभिन्न पहलुओं का कियान्वयन किया जाना है। इसके सफल संचालन के लिए सभी आशा के द्वारा अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में जन्म से पांच वर्ष के सभी बच्चों का सूची बनाकर एक प्रति संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम को जमा करना है। एक प्रति साथ में रखना है। सूची के अनुसार जिस घर में 0-5 वर्ष के बच्चे है वहां प्रति बच्चे एक पैकेट ओआरएस एवं जिंक का एक स्ट्रीप दिया जाना है। कार्यक्रम अभियान में अंजु कुमारी, कमला कुमारी, प्रियंका कुमारी, राकेश कुमार पटेल प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

एक नजर

करंट से जवान की मौत

बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। राइस गांव निवासी प्रभाकर कुमार शुक्ला एटष्कके जवान 47 बटालियन गया में पदस्थापित थे, साथ ही नवादा गांव में अपने ससुराल के पास घर बनाकर रह रहे थे लेकिन मूल रूप से प्रभाकर कुमार शुक्ला बाढ़ अनुमंडल के पंडारक प्रखंड अंतर्गत परसामा पंचायत के राइस गांव के रहने वाले थे। बुधवार के दिन घर के पास बिजली के तार की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर सीआरपीएफ के जवान ने मौके पर पहुंचकर इनका पोस्टमार्टम गया में करवाया और गुरुवार के दिन बाढ़ के उमानाथ गंगा घाट पर अंतिम संस्कार करने के लिए अपने निजी वाहन से पार्थिव शरीर को लेकर उनके पैतृक गांव पहुंचे। उन्हें गंगा घाट पर भी सलामी दी गई। शुक्ला के मौत के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है वहीं परिवारों का रो रो कर बुरा हाल है आसपास के लोग उनके घर पहुंच कर सांत्वना देने में जुटे हुए हैं।

पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। गृहभेदन एवं चोरी के अन्य कांड में वांछित राजमोहन कुमार पिता ओमप्रकाश पासवान ग्राम दरियापुर खैरताली परसा बाजार को पुनपुन पुलिस ने बिहटा से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि परसा बाजार स्थित साई मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी एवं गृहभेदन एवम चोरी कांडों में वांछित अपराधी कई महीनों से फरार चल रहा था, और यह अपने ससुराल बिहटा में जाकर छुप कर रह रहा था, जहां से उसकी गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा पुनपुन थाना क्षेत्र के मां दुर्गा मंदिर में बीते 21 जून की देर रात तकरीबन एक बजे दो बाईक पर सवार चार अपराधियों ने मां दुर्गा के मंदिर मे घुस कर चांदी का मुकुट और दान पेटी तोड़कर पैसे चुरा कर भाग रहे थे जहां अपराधियों को पुनपुन पुलिस ने खदेड कर एक अपराधी को रंगे हाथ दबोच लिया था, बाकी तिन चोर भागने में सफल रहे थे,गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी किये हुए 01 मुकुट, 959 रुपया एवं लोहे का 3 रॉड जब्त किया गया था,उसी घटना मे फरार चल रहे एक और अपराधी को बिहटा से पकडा गया है।

दहेज हत्या मामले में आरोपित पति, सास, ससुर को सुनाई गई सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी सिविल कोर्ट में गुरुवार को अपर जिला सत्र न्यायाधीश-1, शंकेस चंद्रा की कोर्ट में दहेज हत्या मामले में आरोपित पति अमरेश कुमार पिता देवाशीष यादवस सास संजू देवी पति देवाशीस यादव, देवाशीष यादव पिता स्वर्गीय रामवरत यादव सभी पारथू निवासी थाना पिपरा को कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं में अलग-अलग सजा सुनाई गई है। जिसमें अभियुक्त अमरेश कुमार को धारा 304(उ) में 10 वर्ष की सजा तथा 20000 हजार रुपया का अर्थ दंड एवं धारा 120(उ) में 3 वर्ष की सजा एवं 5000 जुर्माना, जुर्माना अदा नहीं करने पर धारा 304(उ) में 6 माह को सजा तथा 120(उ) में 3 माह की संजा दोनो सजा साथ-साथ चलेगी। इसके अलावा अभियुक्त देवाशीष यादव - धारा 304(उ) में सात वर्ष की सजा एवं 10000 दस हजार जुर्माना, 120(उ) में 3 तीन साल की सजा एवं 5000 पाँच हजार जुर्माना, अदा नहीं करने पर बारा 304(उ) में 6 छह माह की सजा तथा धारा 120(उ) में त्तीन माह की सजा दोनो सजा साथ साथ चलेगी। एवं अभियुक्त संजु देवी, धारा 304 (उ)में 7 सात वर्ष की सजा, एवं 10000 दस हजार जुमीना, धारा 120(उ) से 3 तीन साल की सजा एवं 5000 पाँच हजार जुर्माना, जुमर्माना अदा नहीं करने पर बारा 304 बी. में 6 माह की सजा तथा धारा 120 बी में तीन माह की सजा दोनो सजा साथ साथ चलेगी। उक्त जानकारी मसौढी सिविल कोर्ट के अपर लोक अभियोजक धनंजय कुमार ने दी है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का एसडीएम ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ प्रखंड के बहरामपुर के कई गांव में बाढ़ का पानी घुस आया है। जिससे सबसे ज्यादा किसानों को इससे नुकसान देखने को मिल रहा है। जहां पर सैकड़ो बीघा में लगी हुई धान का खेत जलमग्न हो गए हैं। सूचना मिलते ही गुरुवार को एसडीएम अभिषेक कुमार, अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी के साथ धनरूआ के बहरामपुर पंचायत के सिम्हाडी बहरामपुर, अरमल, नुसरतपुर, छाती वही देवधा पंचायत के बहोरीचक में जाकर बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया, इसके अलावा अंचलाधिकारी को कई दिशा निर्देशित करते हुए सभी कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर

रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा जहां-जहां से तटबंध रिसाव की खबरें आ रही है उन सभी जगह पर लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए सख्त हिदायत दी गई है। बाढ़ के मद्देनजर अंचल कार्यालय में कंट्रोल रूम गठित करने सभी कर्मचारियों को हाई अलर्ट पर रखने का निर्देशित किया गया है। वही अरमाल सिम्हाडी और बहोरीचक तटबंध पर खतरा मंडरा रहा है। जहां पर एसडीएम ने कटावरोधी कार्य कर तटबंध दुरुस्त करने के लिए बैग पिचिंग करवाने का निर्देश दिया है। बहरहाल बहरामपुर पंचायत में तकरीबन 10 गांव में बाढ़ का पानी घुसने से पूरा का पूरा खेत जलमग्न हो चुका है। हालांकि अभी कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है सिर्फ खेत ही प्रभावित हो रहे हैं वहीं देवधा पंचायत में बहोरीचक में तटबंध रिसाव की भी खबरें आ रही है।

धनरूआ के चकजिया गांव में फैला डायरिया, 11 संक्रमित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पिछले एक सप्ताह से धनरूआ प्रखंड के देवधा पंचायत के चकजिया गांव में डायरिया फैलने से दहशत का माहौल है। खबर मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ की टीम मौके पर पहुंची जहाँ मरीजों का इलाज किया जा रहा है। दूषित पानी पीने से डायरिया फैलने की आशंका है। मेडिकल टीम के साथ पहुंचे डॉक्टर मनोज कोहली ने बताया कि पूरे गांव में तकरीबन 11 लोक संक्रमण का शिकार हुए हैं, दो लोगों का इलाज पटना में चल रहा

है, बाकी अन्य लोग अभी खतरे से बाहर हैं। सबो के बीच दवा का वितरण किया जा रहा है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए गांव में एक मेडिकल टीम भेजी है। टीम गांव में पहुंचकर मरीजों का इलाज कर रही है और डायरिया फैलने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। डायरिया संक्रमण में निर्मला देवी पति शैलेश प्रसाद, रौशन कुमार पिता राकेश प्रसाद, सिंपी कुमारी पिता रंजीत प्रसाद, सुशीला देवी पति उमेश प्रसाद, रईस कुमार प्रियांशु कुमार पिता विश्वकर्मा प्रसाद, गौरी देवी पति पंकज कुमार, कीर्ति कुमारी सोनी कुमारी, अनु कुमारी पिता अखिलेश प्रसाद आदी है।

19 को कपिल शो में दिखेंगे अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन सहित अन्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुंबई। 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर देखिए द ग्रेट इंडियन कपिल शो में जबरदस्त फिल्मी धमाका, जबसोन ऑफ सरदार 2की पूरी टीम शो पर हाजिर होगी। अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन, दीपक डोबरियाल, कुब्रा सैत, संजय मिश्रा और विंदू दारा सिंह ऽ सभी मिलेंगे कपिल और उनकी टीम से, लेकर आएंगे मस्ती, मसाला और ढेर सारे सरप्राइज़। एक मजेदार पल में, कपिल ने अजय देवगन की हर प्रकार की शैलीकी तारीफ की एक्शन से लेकर कॉमेडी और थ्रिलर तक जिस पर अजय देवगन ने अपने खास अंदाज़ में जवाब दिया, मैं असल में सिद्धू पाजी से सीखा हूं उन्होंने एक रुमाल क्रिकेट में डाला है, एक पॉलिटिक्स में और यहां तो पूरी चादर है। लेकिन एपिसोड में केवल हंसी नहीं, दिल छू जाने वाले पल भी हैं। रवि किशन ने अपनी पत्नी के बारे में एक भावुक किस्सा साझा किया, मैं रोज रात को उसके पैर छूता हूं मुझे अच्छा लगता है, पर वो पैर छूने नहीं देती, लेकिन जब वो सो जाती है, तब मैं कोशिश करता हूं।

धनरूआ में फाइनेंसकर्मी के साथ लूटपाट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ थाना क्षेत्र के राढा मोड़ के पास बीते बुधवार की देर शाम को एक फाइनेंसकर्मी के साथ लूटपाट की घटना हुई है, पीड़ित फाइनेंस कर्मचारी का नाम आशिक अंसारी पिता अख्तर अंसारी है जो मसौढ़ी से अपने घर नीमड़ा जा रहा था, वही तकरीबन रात 8:00 बजे के आसपास जब राढा मोड़ के पास पहुंचा तो वहां पर पांच निरुद्ध बालक उसे घेर कर उससे मोबाइल और कुछ पैसा छीनकर चंपत हो गए। जैसे ही पुलिस को इस घटना की जानकारी दी पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए महज 12 घंटों के अंदर घटना का उदभेदन करते हुए राढा गांव से एक निरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया। उसके ही निशानदेही पर कुल पांच निरुद्ध बालको की गिरफ्तारी की गई है और लूटी गई मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियों द्वारा लूट किए जाने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है।

जिला समिति की बैठक में जन सुराज के अध्यक्ष ने सरकार को घेरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश संगठन के महासचिव सुभाष सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जिला समिति की बैठक गुरुवार आयोजित की गई। अध्यक्षता महेश प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय योगदान देने की अपील की गई। जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार भारती ने बताया कि विधानसभा चुनाव की निकटता को देखते हुए समिति की बैठक बुलाई गई है, जिसका उद्देश्य है कि चुनाव से पहले हम इतने मजबूत हो जाएं की बूथ कमिटी के स्तर तक हम अपने कार्यकर्ताओं को सही ढंग से तैयार कर पाए। उन्होंने एडीजी कुंदन कृष्णन के इस बयान का खंडन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अप्रैल मई में किसानों को कोई काम नहीं रहता है इसलिए अपराध बढ़ जाते है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बेबुनियाद बाद और तर्कहीन बात शायद ही कोई कर सकता है। प्रशासन बिहार में फ़ेल हो चुकी है, ये लोग अपनी कमियों को छिपाने के लिए तरह तरह के बयान दे रहे हैं। कई घटनाएं हैं, जो नोटिस में आती है और कई नहीं आती है।

बिजली फ्री करना एनडीए सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : शाहनवाज हुसैन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गुरुवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने बिहार खादी ग्रामोद्योग के खादी मॉल निरीक्षण किया और कहा कि बिहार का सबसे बडा मॉल बिहार के मुजफ्फरपुर मे है और भी जमीन अधिग्रहण हुआ है इसे और बड़ा और विस्तार करना है। एनडीए सरकार के 125 यूनिट बिजली फ्री के संबंध मे कहा कि नीतीश कुमार हमेशा बिहार के लोगो की चिंता करते रहे है चाहे विकास की बात हो या मध्यम वर्ग के लोगो की आर्थिक स्थिती की बात, सब उनके नजर मे रहता है। बिहार बिजली मे

आत्मनिर्भर है और लोगो मे खुशी की लहर है। ये विपक्ष को हताश कर रहा और विधानसभा चुनाव मे गेमचेन्जर साबित होगा। मतदाता सत्यापन के मुद्दे पर कहा की जैनुन मतदाताओ को कोई दिक्कत नही है। विपक्ष इस सत्यापन की बात को लेकर महौल खराब कर रहा है। गलत और बाहरी लोगो को भारत मे मत करने का अधिकार कभी नही मिल पायेगा। दिलीप जायसवाल अच्छे, सच्चे राजनेताओ मे शुमार उनकी लोकप्रियता से घबराकर पीके जो की खुद इवेंट मैनेजर है ऐसा बयान दे रहे। जंगलराज, गुण्डाराज का खात्मा हो चुका है कुछ छुटभैये का आपसी विवाद मे हत्या हो रहा पर नीतीश और एनडीए सरकार मे सब पर रोक लगना तय है। उपस्थित लोगो मे मुजफ्फरपुर पूर्वी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, पश्चिमी के हरिमोहन चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय कार्यसमिति महिला मोर्चा डॉ ममता रानी, प्रदेश कार्यसमिती सुजीत चौधरी, किसान मोर्चा प्रभारी देवांशु किशोर, जिला सह कोषाध्यक्ष डॉ साकेत शुभम ठाकुर, मदरसा बोर्ड के सदस्य रहमान साहब आदि उपस्थित थे।

पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या :–690S भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–बेलबीगहा, थाना सं0–367, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला–नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–बेलबीगहा, थाना सं0–367, थाना–हुसैनाबाद, अंचल–हुसैनाबाद, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 3.8745 एकड़ यानि 1.5679 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–बेलबीगहा, थाना सं0– 367 कुल रकबा– 3.8745 एकड़

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	54	463	रैयती	टाड़–3	0.2080	बालकेश्वर दुसाध पिता महिपत दुसाध रामचन्द्रर दुसाध पिता कन्हाई दुसाध				
2	1	462/1447	रैयती	धान–2	0.003	अजय कुमार वो संजय कुमार पिता देवनन्दन राम जाति दुसाध				
3	54	462	रैयती	टाड़–3	0.1380	बालकेश्वर दुसाध पिता महिपत दुसाध रामयाद दुसाध पिता कन्हाई दुसाध				
4	54	460	रैयती	धान–2	0.0168	बालकेश्वर दुसाध पिता महिपत दुसाध रामयाद दुसाध पिता कन्हाई दुसाध				
5	1	459	रैयती	धान–2	0.0390	अजय कुमार वो संजय कुमार पिता देवनन्दन राम जाति दुसाध				
6	116	465	रैयती	टाड़–2	0.01820	वासीरूदिन अंसारी पिता राहत हुसैन अंसारी जाति जोलहा				
7	83	466	रैयती	टाड़–2 पेड़ 5	0.1110	रसुलन बीबी पिता कदल हुसैन अंसारी जाति जोलहा				
8	90	468	रैयती	टाड़–3	0.0790	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
9	90	480	रैयती	टाड़–2	0.1810	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
10	92	482	रैयती	धान–2	0.0730	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
11	90	479	रैयती	धान–2	0.008	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
12	92	505	रैयती	टाड़–3	0.0195	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
13	90	483	रैयती	धान–2	0.0060	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
14	90	504	रैयती	टाड़–2	0.0370	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
15	90	506	रैयती	टाड़–2	0.0330	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
16	90	502	रैयती	टाड़–3	0.0420	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
17	90	507	रैयती	टाड़–3	0.0340	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
18	90	509	रैयती	टाड़–2	0.0400	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
19	90	508	रैयती	टाड़–2	0.0080	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
20	90	510	रैयती	टाड़–3	0.0620	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह जाति राजपुत				
21	1	511	रैयती	टाड़–2	0.0660	अजय कुमार वो संजय कुमार पिता देवनन्दन राम				
22	9	513	रैयती	धान–2	0.1610	ईश्वर दयाल सिंह वो सुरेश सिंह पिता लखन सिंह				
23	97	614	रैयती	मंदिर महावीर स्थान	0.041	रामनन्दन सिह वगै0 पिता जदु सिंह				
24	41	214	रैयती	टाड़–2	0.2180	धनेश्वर भगत पिता गिरधारी भगत				
25	90	215	रैयती	टाड़–2	0.0790	रामचन्द्रर सिंह वो रामरहक सिंह पिता निशान सिंह				
26	70	212	रैयती	टाड़–2	0.117	विगन मेहता पिता गणेश मेहता वगै0 महेश महतो पिता सोमारू महतो				
27	74	213	रैयती	टाड़–2	0.001	मुंशी राम पिता पाचु राम जाति दुसाध				
28	69	181	रैयती	टाड़–2	0.0660	महाबीर सिंह पिता रामरतन सिह जाति कहार				
29	57	162	रैयती	टाड़–2	0.0590	ईश्वर दयान सिंह वो सुरेश सिंह पिता लिखन सिंह				
30	111	169	रैयती	टाड़–2	0.0250	लखपति कुवंर पति राजा सिंह वो सहोदर कुवंर जाति कुरमी				
31	111	160	रैयती	टाड़–1	0.126	लखपति कुवंर पति राजा सिंह वो सहोदर कुवंर जाति कुरमी				
32	50	159	रैयती	टाड़–3	0.1370	बद्रीनारायण सिंह वो बनारसी सिंह वो विशुदेव सिंह वो माधुरी नारायण सिंह पिता चन्द्रीका सिंह वो राजा सिंह पिता रामजतन सिंह				
33	111	158	रैयती	टाड़–1	0.101	लखपति कुवंर पति राजा सिंह वो सहोदर कुवंर जाति कुरमी				
34	50	156	रैयती	टाड़–2	0.1760	बद्रीनरायण सिंह पिता चन्द्रिका सिह जाति कुर्मी				
35	111	8	रैयती	टाड़–1	0.0460	लखपति कुवंर पति राजा सिंह वो सहोदर कुवंर पति चन्द्रिका सिंह जाति कुर्मी निवासी निज ग्राम पिता वृक्ष सिंह				
36	87	6	रैयती	टाड़–2	0.111	रामकली देवी वो मलिया देवी पिता नौबाब महतो वो ख्याली महतो पिता रतन महतो				
37	87	5	रैयती	टाड़–2	0.1090	रामकली देवी वो मलिया देवी पिता नौबाब महतो वो ख्याली महतो पिता रतन महतो				
38	87	4	रैयती	टाड़–2	0.0780	रामकली देवी वो मलिया देवी पिता नौबाब महतो वो ख्याली महतो पिता रतन महतो				
39	87	3	रैयती	टाड़–1	0.0910	रामकली देवी वो मलिया देवी पिता नौबाब महतो वो ख्याली महतो पिता रतन महतो				
40	111	2	रैयती	धान–2	0.1220	लखपति कुवंर पति राजा सिंह वो सहोदर कुवंर पति चन्द्रिका सिंह				
41	133	165	गै0मा0	टाड़–2	0.0630	आनावाद झारखण्ड सरकार				
42	133	166	गै0मा0	टाड़–3	0.0590	आनावाद झारखण्ड सरकार				
43	133	167	गै0मा0	टाड़–2	0.0490	आनावाद झारखण्ड सरकार				
44	133	168	गै0मा0	टाड़–2	0.0450	आनावाद झारखण्ड सरकार				
45	134	161	गै0 आम	रास्ता	0.0270	आनावाद सर्व साधारण				
46	134	7	गै0 आम	नाली	0.2810	आनावाद सर्व साधारण				
47	133	464	गै0मा0	टाड़–2	0.0040	आनावाद झारखण्ड सरकार				
48	133	514	गै0मा0	टाड़–2	0.0250	आनावाद झारखण्ड सरकार				
49	133	512	गै0मा0	टाड़–2	0.002	आनावाद झारखण्ड सरकार				
50	133	211	गै0मा0	टाड़–2	0.0410	आनावाद झारखण्ड सरकार				
51	133	163	गै0मा0	रास्ता	0.1380	आनावाद झारखण्ड सरकार				
52	133	164	गै0मा0	नाली	0.0540	आनावाद झारखण्ड सरकार				

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 357546 (Palamu)25-26*D

इवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

मॉक मतदान कर प्रक्रिया की जानकारी कर सकते हैं प्राप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के अवसर पर सभी मतदाताओं को इवीएम/वीवी पैट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने हेतु अनुमंडल कार्यालय सासाराम परिसर में स्थापित इवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा उद्घाटन किया गया। इवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर 10 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक

आम जन के लिए खुला रहेगा जहां वे मॉक मतदान कर मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सासाराम अनुमंडल कार्यालय के अतिरिक्त अनुमंडल कार्यालय, बिक्रमगंज एवं अनुमंडल कार्यालय डिहरी में भी इवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर खोले गये हैं जो बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की घोषणा होने तक कार्यरत रहेंगे।

अनुमंडल कार्यालयों में स्थापित इवीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर में एफएलसी ओके मशीनों का उपयोग किया जा रहा है जो एम3 मॉडल इसीआइएल निर्मित है। इन मशीनों में एक सीयू के साथ 24 बीयू जोड़े जा सकते हैं। प्रत्येक बीयू में 16 कंडिडेट बटन होते हैं। इस प्रकार एक सी.यू. के साथ 284 कंडिडेट के लिए मतदान किया जा सकता है। वी0वी0पैट में मतदान के समय पेपर स्लिप 07 सेकेन्ड तक दिखाई पड़ती है। इस स्लिप में कंडिडेट का क्रमांक, प्रतीक चिन्ह एवं उसका नाम अंकित रहता है। इसके पश्चात यह ड्रॉप बॉक्स में गिर जाती है, इसे मतदाता प्राप्त नहीं कर सकते है। ई0वी0एम0 मशीने स्टेंड एलोन अर्थात किसी नेटवर्क से जुड़ी नहीं है। इसलिए इन्हें टेंपर नहीं किया जा सकता है।

22 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, एससीएसटी एक्ट, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। 14 लीटर लीटर अंग्रेजी शराब, दो बाइक, एक देशी कट्टा, एक जीवित कारतूस जब्त किया गया।

उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 94 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

मुद्रा लोन आवंटन के एवज में घूस लेते सीबीआई की टीम ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। सासाराम शहर के यूनियन बैंक के प्रबंधक विजय कुमार एवं एक बिचौलिए विक्की कुमार को कुल तीन लाख रूपये के मुद्रा लोन आवंटन के एवज में छह हजार रूपये घूस लेते सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। इसकी शिकायत रौशन कुमार ने सीबीआई से की थी जिसके बाद यह बड़ी कार्रवाई की गयी। जिले में दो माह के भीतर निगरानी एवं सीबीआई की ओर से आधा दर्जन से भी अधिक भ्रष्ट पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसके बाद भी इसके भ्रष्ट नौकरशाह अपने आचरण में सुधार नहीं लाते जो चिंता का विषय है। बहुत ऐसे लोग हैं जो घूस देकर भी खामोश हो जाते हैं। उनके द्वारा इसकी शिकायत निगरानी या फिर सीबीआई से नहीं की जाती। अगर भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी कर्मियों के विरुद्ध आम-अवाम द्वारा आवाज नहीं उठायी गयी तो फिर भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ेगा। समय रहते आमजनों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए जिससे कि ऐसे भ्रष्ट कर्मियों को सबक सिखाया जा सके।

सोन नद उफान पर, 4.43 लाख क्यूसेक पानी सोन में छोड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा से गुरुवार सुबह सोन नदी उफान पर है। इंद्रपुरी बराज से चार लाख 43 हजार 458 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। इंद्रपुरी बराज के 65 गेट खोल दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व जिले के कैमूर पहाड़ी इलाके में तीन दिनों से हो रही वर्षा के कारण सोन नदी का जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। झारखंड के उत्तर कोयल नदी पर बने भीम बांध से बुधवार रात दो लाख 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वही मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय का जलस्तर 339 मीटर हो गया है। उसकी क्षमता 341 मीटर है। वहां से गुरुवार को भी एक लाख 14 हजार 770 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बाणसागर से चार दिनों से एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। वही उत्तर प्रदेश के रिंहद जलाशय से

आज 9007 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इस जलाशय की क्षमता 870 फीट है। इसमें भी क्षमता से थोड़ा ज्यादा पानी जमा है। इंद्रपुरी बराज के 69 गेट में से 65 गेट खोलकर 4.43 लाख क्यूसेक से अधिक पानी सोन नदी में छोड़ा गया है। शाहाबाद के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिले में तीन दोनों से हो रही भारी वर्षा के बाद आज से बराज से पश्चिमी संयोजक व पूर्वी संयोजक नहर में पानी की आपूर्ति बंद किया गया है।

क्या कहते हैं एसडीएम

सोन नदी के तटीय इलाके के लोगों को अलर्ट किया गया है। रोहतास नौहट्टा प्रखंड में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। सोन नदी किनारे के कई गांव में पानी आ गया है। लोगों को सोन नदी में आने जाने पर रोक लगा दिया गया है। सोन डीला को खाली करने को कहा गया है। स्थिति पर प्रशासन लगातार नजर रख रहा है।

क्या कहते हैं अधिकारी

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार इंद्रपुरी बराज पर ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से भारी मात्रा में पानी आने का सिलसिला जारी है। प्रशासन को इसकी सूचना दे दिया गया है। लगातार हो रहे वर्षा के कारण नहरों में पानी की आपूर्ति बंद कर दिया गया है।

सासाराम जंक्शन को मिली एक नई ट्रेन की सौगात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के सदस्य कुंडल सिंह, जावेद अख्तर ने बताया कि 26 जुलाई 2025 को गोड्डा दरौरी (अजमेर) एक्सप्रेस का परिचालन होने जा रहा है जिसका उद्घाटनकर्ता निशिकांत दुबे हरि झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस नई ट्रेन के मिलने पर सासाराम वासियों को अजमेर के लिए एक नई ट्रेन मिलने जा रहा है। 19603 /19604 गोड्डा दरौरी (अजमेर) एक्सप्रेस सासाराम जंक्शन पर ठहराव सुनिश्चित होने पर पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के लोगों ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को बधाई दिया और खुशी जाहिर किया। खुशी जाहिर करने वालों में कुंडल सिंह, जावेद अख्तर, प्रवीण कुमार वर्मा, नवल किशोर, सपना कुमारी, प्रियंका पांडेय, शालू सिंह, पूजा कुमारी, खुशी गुप्ता, काजल कुमारी, दीप रानी, युगल किशोर, नगमा बानो, छोटी कुमारी, पायल कुमारी, साक्षी कुमारी, समीक्षा कुमारी, मीरा देवी, सृष्टि कुमारी, धनंजय कुमार मेहता, गुंजन पटेल, अरविंद पटेल, लोकेश तिवारी, डी.डी. यादव, रमेश पांडेय, आदित्य उपाध्याय सहित अन्य शामिल हैं।

अपराधियों को स्पीडी ट्रायल करा कर सजा दिलाने में तेजी लाएं : डीआइजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अपराधियों को स्पीडी ट्रायल करा कर अपराधियों को सजा दिलाने में तेजी लाए। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्यप्रकाश ने चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर के एसपी व डीएसपी मुख्यालय के साथ गुरुवार देर शाम तक बैठक किया। उन्होंने गंभीर अपराधों की सूची तलब किया। सभी को जल्द से जल्द गंभीर कांडों में शामिल अपराधियों पर स्पीडी ट्रायल प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। डीआईजी ने बताया कि स्पीडी ट्रायल एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए विशेष अदालतें स्थापित की गई है। इसका उद्देश्य अपराधियों को सजा दिलाने

में लगने वाले समय को कम करना और न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने बताया कि स्पीडी ट्रायल से न्याय प्रणाली में तेजी आएगी और अपराधियों को सजा दिलाने में लगने वाला समय कम होगा। अपराध पर अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि स्पीडी ट्रायल से पीड़ितों को न्याय मिलने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने अधिकारों का संरक्षण मिलेगा। स्पीडी ट्रायल के लिए विशेष अदालतों की स्थापना की गई है जो अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने में मदद करेगा। बैठक में रोहतास के एसपी रौशन कुमार, कैमूर के एसपी हरिमोहन शुक्ला, भोजपुर के एसपी श्री राज, बक्सर एसपी शुभम आर्य समेत सभी जिला पुलिस मुख्यालय के डीएसपी शामिल थे।

घर छोड़ भाग रही महिला को आरपीएफ ने परिजन को किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सर्कुलेटिंग एरिया डिहरी ऑन-सोन में तैनात आरक्षी अभिमन्यु सिंह को ड्यूटी के दौरान सर्कुलेटिंग एरिया में एक डरी सहमी एक लड़की अकेली बैठी हुई देखे जिसकी सूचना उनके द्वारा ड्यूटी में तैनात अधिकारी को दिए। सूचना पाकर ड्यूटी में तैनात अधिकारी शोभनाथ राम साथ महिला आरक्षी प्रीति कुमारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर महिला यात्रियों के समक्ष पूछताछ किया गया तो अपना नाम पता काल्पनिक रेणु कुमारी उम्र करीब 20 वर्ष पिता राकेश रजवार, ग्राम-थाना बगोदर जिला-गिरिडीह (झारखंड) बतायी और बतायी कि मुझे मेरी मां डांटी है इसी कारण घर से भागी हूं और अपने पिता का मोबाइल नंबर बताई जिस पर संपर्क कर उक्त लड़की के पिता को सूचित किया गया और लड़की को सुरक्षित महिला आरक्षी की देखरेख में पोस्ट पर लाकर रखा गया। उक्त सूचना पाकर उक्त लड़की के पिता-माता पोस्ट पर उपस्थित हुए और अपनी बच्ची को सही सलामती देखे व पहचान किया। उक्त पहचान व सत्यापन करने के उपरांत उक्त लड़की को सही सलामत गवाह के समक्ष उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया।

भाजपा कार्यालय के सभागार का नाम स्व. इश्वर चौधरी के नाम करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया जी। गया जी के प्रथम प्रतिनिधि लोकसभा में करने वाले एवं अपना पूरा जीवन जनसंघ के साथ पैदल चलकर मानव सेवा करने वाले गया जी का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले स्व इश्वर चौधरी ने किया है, लेकिन आज उनको सभी लोगों ने भूला दिया इसकी आवाज उठाने वाले तैलिक साहू सभा के जिलाध्यक्ष संजू साव ने मांग किया है कि गया जिला भाजपा कार्यालय में स्व. इश्वर चौधरी की प्रतिमा स्थापित करने एवं भाजपा कार्यालय के सभागार का नाम स्व इश्वर चौधरी के नाम से करने की मांग की जिससे लोगों को उनके सेवा भाव को याद किया जाए।

रोहतास में जमीन विवाद बना खूनी संघर्ष का कारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू (रोहतास)। रोहतास जिला अंतर्गत अमझोर थाना क्षेत्र के अमरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक किसान की निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार के 55 वर्षीय पिता पारसनाथ सिंह के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार पारसनाथ सिंह रोज की तरह सुबह गोशाला में मवेशियों को चारा देने गए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की यह घटना इतनी नृशंस थी कि घटनास्थल पर खून का दृश्य देखकर ग्रामीण सिहर उठे। घटना की सूचना मिलते ही अमझोर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के अनुसार हत्या के पीछे प्रथम दृष्टया जमीन संबंधी पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में

लेकर पूछताछ की जा रही है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

राजनीतिक गलियारों में हलचल

जदयू के युवा प्रखंड अध्यक्ष के पिता की हत्या ने राजनीतिक गलियारों में भी हलचल मचा दी है। जदयू कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है और वे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

स्थानीय जनता में भय का माहौल

एक सम्मानित किसान और समाजसेवी की इस प्रकार गोशाला में घुसकर हत्या ने ग्रामीणों को स्तब्ध कर दिया है। लोगों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त है।

प्रशासन की चुनौती

बेखौफ अपराधियों द्वारा की गई यह वारदात रोहतास पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों की मांग है कि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए। यह मामला सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था पर सीधा हमला है। बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। स्थिति पर पुलिस की ओर से आगे की अपडेट की प्रतीक्षा की जा रही है।

नदी के जलस्तर में वृद्धि को लेकर अलर्ट जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। चंदौली जिले से गुरुवार को अपराह्न 6:00 बजे के आसपास प्राप्त आपात सूचना के अनुसार नौगढ़ बांध का जलस्तर 895.00 फीट तक पहुंच चुका है जिसके परिणामस्वरूप बांध से लगभग 13,500 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। इस स्थिति को देखते हुए अधिशासी अभियंता चंद्रप्रभा खंड सिंचाई विभाग, चंदौली द्वारा तत्काल चेतावनी जारी करते हुए कर्मनाशा नदी के किनारे स्थित तटवर्ती गांवों को सतर्क किए जाने का निर्देश दिया गया है। इस सन्दर्भ में कैमूर जिला प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि सभी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी तथा पंचायत स्तर के प्रतिनिधि तटवर्ती गांवों में लगातार निगरानी रखें। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रह रहे नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की तैयारी रखें एवं आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई करें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सतर्क रखा गया है तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष को दें। जनता से अपील की जाती है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए है एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचाव हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

परिवार नियोजन पखवारा मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास)। नासरीगंज पीएचसी सह रेफरल अस्पताल परिसर में परिवार नियोजन पखवारा मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन प्रमुख योगेश कुमार सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और डॉक्टरों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेले में परिवार नियोजन के अस्थायी वस्तुओं, गर्भनिरोधक गोलियां, सूई, कॉपर टी समेत अन्य सामग्रियों का स्टाल लगाया गया था। प्रभारी चिकित्सा पदधिकारी एनके आर्या ने बताया कि परिवार नियोजन पखवारा ग्यारह जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। इसके स्थायी व अस्थायी निवारण की सुविधा रेफरल अस्पताल में उपलब्ध है। स्थायी उपाय में रेफरल अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार को पुरुष व महिला नसबंदी किया जाएगा। पुरुष नसबंदी कराने वाले को तीन हजार व महिला नसबन्दी कराने वाली महिला को दो हजार की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ-साथ इन्हें जागरूक कर लाने वाले उत्प्रेरक को भी चार सौ की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि छोटा परिवार सुखी परिवार का नारा के साथ सभी को आज के बदलते परिवेश को देखते हुए जनसंख्या नियंत्रण पर बल देना चाहिए। इसको लेकर बैठक कर एमओआईसी ने सभी एएनएम, आशा व फैसिलेटर को लोगों को परिवार नियोजन को ले जागरूक करने का निर्देश दिया। अस्पताल प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महिला व पुरुष नसबन्दी को ले इच्छुक लोग रेफरल अस्पताल में पंजीकरण करा सकते हैं। परिवार नियोजन मेले में सौ अधिक लोगों को अस्थायी किट वितरण किया गया तथा स्थायी उपाय पुरूष व महिला नसबन्दी को ले जागरूक किया गया। मौके पर मुखिया वकील यादव, बीसीएम राशिद सलीम समेत समस्त एनएम, आशा कर्मी स्वास्थ्य कर्मी थे।

एसएसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना द्वारा आयोजित सिपाही संवर्ग परीक्षा के सफल, कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर बुधवार को जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन प्रक्रिया एवं केंद्रों की निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

करंट की चपेट में आने से सिंचाईकर्मी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चेनारी (रोहतास)। चेनारी थाना इंस्पेक्टर रंजन कुमार ने बताया कि करंट के चपेट में आने से सिंचाई कर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम में भेजा जहां अगली कार्रवाई जारी है। मृतक का नाम श्याम बाबू राम पिता-स्व. रामलाल मांझी ग्राम बेउर हसनपुर-थाना, जिला-पटना। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय), या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

संख्या :-690G भू0अ0, पलामू, दिनांक :-14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा-नावाडीह, थाना सं0-366, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला-नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा-नावाडीह, थाना सं0-366, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.1260 एकड़ यानि 0.0509 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

ग्राम-नावाडीह, थाना सं0- 366 कुल रकबा- 0.1260 एकड़

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0)			
							उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	53	601	गै0 आम	रास्ता	0.1260	आनाबाद सर्व साधारण झारखण्ड सरकार				

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू-अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 357529 Palamu(25-26)#D

पलामू समाहरणालय
प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

संख्या :-690E भू0अ0, पलामू, दिनांक :-14.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा-कठौधा कला, थाना सं0-348, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पलामू जिला अन्तर्गत **जपला-नवीनगर भाया बिहार सीमा पथ (कुल लम्बाई 15.575 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/कार्य परियोजना/ प्रयोजन निर्माण** हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा-कठौधा कला, थाना सं0-348, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.6290 एकड़ यानि 0.2545 हेक्टेयर मानक माप का भूखड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

ग्राम-कठौधा कला, थाना सं0- 348 कुल रकबा-0.6290 एकड़

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0)			
							उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	50	4	रैयती	धान-2	0.0160	नन्दलाल सिंह पिता मुन्द्रिका सिंह पिता रूपधारी यादव				
2	50	8	रैयती	धान-2	0.069	1. रविकान्त सिंह पिता स्व0 अवधेश सिंह 2. रूपमनी कुंवर पिता स्व0 गया प्रसाद सिंह 3. ममता कुमारी पति कंचन कुमार सिंह 4. रानी देवी पति प्रवीण कुमार सिंह 5. रानी देवी पति योगेन्द्र कुमार 6 पूनम देवी पति रंजन कुमार सिंह 7. मो0 सुलेमान अंसारी पिता स्व0 यासिम 8 अब्दुल रहमान 9. मो0 उस्मान पिता स्व0 यासिम				
3	50	9	रैयती	धान-2	0.0270	नन्दलाल सिंह पिता मुन्द्रिका सिंह पिता रूपधारी यादव				
4	143	1	गै0मा0 खास	सड़क	0.459	झारखण्ड सरकार				
5	144	3	गै0मा0 खास	पुरानी परती	0.023	झारखण्ड सरकार				
6	144	188	गै0मा0 खास	पुरानी परती	0.010	झारखण्ड सरकार				
7	144	2	गै0मा0 खास	बांध	0.006	–				
8	144	192	गै0मा0 खास	पुरानी परती	0.008	झारखण्ड सरकार				
9	144	189	गै0 खास	पुरानी परती	0.0110	झारखण्ड सरकार				

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू-अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 357527 (Palamu)25-26*D

डीएम-एसपी ने किया इवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड परिसर अंतर्गत अवस्थित इवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रत्येक तीन माह में इवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक रूप से निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। इसी आलोक में उक्त निरीक्षण संपन्न किया गया। निरीक्षण के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं प्रक्रियाओं के अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के

प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से जनता दल (यूनाइटेड) के प्रखंड महासचिव-सह-सदस्य रितेश कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी पंकज कुमार, राष्ट्रीय जनता दल, नगर निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय प्रभारी धनपत ठाकुर, लोक जनशक्ति पार्टी जिला उपाध्यक्ष, सीपीआई (एम) जिलाध्यक्ष कपिल कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी प्रतिनिधि अमर उजाला एवं जिलाध्यक्ष, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह शामिल थे।

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समस्त जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, संबंधित विभागों के प्रतिनिधिगण एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के अद्यतन कार्यों की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि

पुनरीक्षण अवधि में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों द्वारा गणना प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेजों का समुचित संकलन किया जाए तथा इस कार्य में बीएलओ की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो। साथ ही बीएलओ एवं बीएलए के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए नियमित संयुक्त बैठकें आयोजित करने तथा बीएलए के माध्यम से प्राप्त गणना प्रपत्र एवं दस्तावेजों को समयबद्ध रूप से संबंधित कार्यालय में समर्पित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर बीएलए की अद्यतन नामावली तैयार रखते हुए निर्वाचन की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

गैस एजेंसी से सिलेंडर चोरी का प्रयास, चोर रंगे हाथों गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। अंबा थाना क्षेत्र के बाबू चिल्हकी गांव स्थित कार्तिक एचपी गैस एजेंसी में बुधवार की रात सिलेंडर चोरी का प्रयास करने वाले युवक को एजेंसी के गार्ड ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद युवक ने गार्ड के साथ हाथापाई की कोशिश की, लेकिन गार्ड ने बहादुरी दिखाते हुए उसे काबू कर लिया और एक कमरे में बंद कर दिया। बाद में पुलिस को बुलाकर आरोपित को सुपुर्द किया गया। पकड़े गए युवक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के मटपा टोले नोनिया बिगहा निवासी रंजन कुमार के रूप में हुई है। एजेंसी संचालक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 10 दिनों से सिलेंडर चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। जब यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था, तब एजेंसी के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में एक युवक एजेंसी की बाउंड्री फांदकर घुसते हुए दिखा। तभी से गार्ड उसे रंगे हाथों पकड़ने की रणनीति बना रहे थे। बुधवार की रात करीब 12 बजे आरोपित पुनः एजेंसी में घुसा और सिलेंडर चुराने का प्रयास कर रहा था, तभी गार्ड ने उसे धर दबोचा। बताया जाता है कि आरोपी छह महीने पहले कुटुंबा थाना क्षेत्र के बसौरा गांव से हरिओम पाल का ऑटो भी चुरा चुका है, जिसे बाद में ग्रामीणों ने पकड़कर जम्होर थाना क्षेत्र में सौंप दिया था। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि एजेंसी संचालक द्वारा पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले किया गया है। गुस्साए लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्राथमिक इलाज के लिए उसे कुटुंबा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

तीन दुकानों में भीषण चोरी, सात लाख से अधिक की संपत्ति ले उड़े चोर

दुकानों के शटर का ताला तोड़कर घटना को दिया अंजाम, गश्ती व्यवस्था पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत दुल्ला बिगहा गांव स्थित एनएच-120 किनारे तीन दुकानों को चोरों ने निशाना बनाते हुए सात लाख से अधिक की संपत्ति चुरा ली। वारदात बुधवार की देर रात की बताई जा रही है, जिसकी जानकारी गुरुवार सुबह होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चोरों ने शटर का ताला तोड़कर तीन दुकानों में सेंधमारी की। सबसे पहले चोरों ने दोआल गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार के खाद गोदाम को निशाना बनाया, जहां से लगभग 150 बोरी डीएपी मिक्सर खाद की चोरी कर ली गई। इसके बाद उन्होंने बंदेया थाना क्षेत्र के मलहद पंचायत अंतर्गत झगरू पीपल टोला निवासी राजेंद्र मिस्त्री की हार्डवेयर दुकान में

सेंध लगाई और वहां से 10 समरसेबल, 6 हैंडपंप, 10 स्टार्टर सहित डीजल-पेट्रोल और अन्य हार्डवेयर सामान चोरी कर लिए। तीसरी वारदात दोआल गांव निवासी सुबोध कुमार की किराना दुकान में हुई, जहां से 8 बोरी चीनी, 10 टिन सरसों तेल, 10 टिन रिफाइंड और अन्य खाद्य सामग्री चोर उठा ले गए। तीनों दुकानों से कुल मिलाकर करीब सात लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गोह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि पीड़ित दुकानदारों के आवेदन पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। गौरतलब है कि तीनों दुकानें राष्ट्रीय राजमार्ग-120 के किनारे स्थित हैं

और इस प्रकार की घटना से पुलिस गश्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए रात्रि गश्ती को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दनियावां (पटना)। इस्लामपुर-फतुहा रेलखंड पर गुरुवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में अधेड़ व्यक्ति की जान चली गई। दनियावां बाजार हॉल्ट से कुछ दूरी पर हिलसा-दनियावां-फतुहा पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से 55 वर्षीय शंभू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उनके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर की गई, जिसमें वह फतुहा के गोविंदपुर मुहल्ला निवासी राजेंद्र प्रसाद के पुत्र के रूप में दर्ज हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त शंभू कुमार मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे और इसी दौरान ट्रैक पार करते समय उन्हें ट्रेन की आवाज का एहसास नहीं हुआ। जब तक वे संभल पाते, ट्रेन की चपेट में आ चुके थे। घटना के बाद रेल ट्रैक के पास स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

125 यूनिट मुफ्त बिजली के फैसले से जनता को बड़ी राहत : सुशील सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार में 1 करोड़ 67 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने के फैसले पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने एनडीए सरकार का आभार जताया है। उन्होंने इसे गरीब, मध्यम वर्ग और आम जनता के लिए राहत भरा कदम बताया। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है जो न सिर्फ उपभोक्ताओं को आर्थिक मदद देगा, बल्कि ऊर्ज़ा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ा कदम है। अगले तीन वर्षों में सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर घरों की छतों या

सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्ज़ा संयंत्र लगाए जाएंगे। इससे बिहार में हरित ऊर्ज़ा को बढ़ावा मिलेगा और बिजली उत्पादन की दिशा में आत्मनिर्भरता हासिल होगी। उन्होंने बताया कि कुटीर ज्योति योजना के तहत अत्यंत निर्धन परिवारों के लिए सौर ऊर्ज़ा संयंत्र लगाने का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। बाकी उपभोक्ताओं को भी सरकार की ओर से अनुदान मिलेगा ताकि वे सौर ऊर्ज़ा का लाभ उठा सकें। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने पहले पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये की थी और अब 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला किया है। यह सब सिर्फ एनडीए सरकार ही कर सकती है। पूर्व सांसद ने विश्वास जताया कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र समेत जिले के नागरिकों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय की सराहना करते हुए हर्ष जताया है।

आर्म्स एक्ट सहित अन्य अपराधों में 25 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। कार्रवाई के फलस्वरूप विभिन्न कांडों के 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आर्म्स एक्ट में 3, हत्या प्रयास में 5, शराब के शीर्ष कांडों में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 761 वाहनों की जांच की गई जिसमें 33500

रूपये जुर्माना वसूला गया हैं। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 3 हैं। वहीं कुर्की निष्पादन संख्या 1 हैं। 70 लीटर देसी शराब बरामद किया गया हैं। 1 देसी कट्टा एवं 1 खोखा जब्त किया गया हैं। विदित हो कि एसपी के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान को एसपी अम्बरीश राहुल खुद नेतृत्व करते हैं और पुलिस पदाधिकारी को दिशा निर्देश के बाद पुलिस छापेमारी कर बदमाशों की गिरफ्तारी करते हैं। एसपी कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके, उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

वज्रपात से दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। गुरुवार शाम हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना उपहारा थाना क्षेत्र के उपहारा गांव की है, जहां 30 वर्षीय अखिलेश साव की वज्रपात से मौत हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा। मृतक अपने पीछे पत्नी पूजा कुमारी, दो छोटे पुत्र आयुष्य और हर्षित व बहन प्रीधी कुमारी को छोड़ गया है। दूसरी घटना बन्देया थाना क्षेत्र के दरार गांव की है। यहां 55 वर्षीया ननकी देवी की वज्रपात से मौके पर ही मौत हो गई, जब वह मवेशी चरा रही थीं। दोनों घटनाओं से ग्रामीणों में शोक की लहर है।

बाढ़ के पानी का बढ़ा दवाब, सड़क टूटी, कलवर्ट ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। बारिश से झरही नदी में बढ़े पानी के दवाब से बनियां पंचायत के अंबेडकर नगर सैलवां पथ से मोती बिगहा रोड में बलुईखाप के समीप ह्यूमपाईप कल्भट ध्वस्त होने से कई गांवों का आवागमन बाधित हो गया है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। अंबेडकर नगर सैलवा पथ से मोती बिगहा रोड को जोड़ने वाली सड़क के बीच में बनिया बलुईखाड़ के समीप ह्यूमपाईप कलभरट जो आज के सात साल पहले ग्रामीण कार्य विभाग औरंगाबाद से पक्की सड़क निर्माण हुआ था। बर्षा एवं झरही नदी में बाढ़ के अत्यधिक दवाब पड़ने से सड़क टुट गई है जिससे लगभग पंद्रह गांवों के लोगों

को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 से सम्पर्क टूट गया है। इस सड़क से सैलवां, कोइरी बिगहा, बेलहर, चट्टी महुआवां, गोगाडी, थवई, जमुआईन, प्राणपुर सहित दर्जनों गांवों के लोगों को संपर्क टूट गया है। बनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बविता देवी एवं समिति प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह ने डीएम श्रीकांत शास्त्री को पत्र लिख कर मांग की है कि अविलंब जांच टीम भेज कर इस टूटे हुए रोड को बनवा कर सड़क में आवागमन बाधित को जल्द सुचारू रुप से चालू करवाया जाए। यह रोड़ अत्यंत ही व्यस्तम रोड है। रात हो या दिन इन सभी गांवों के लोगों का आवागमन इसी रोड से होता है। रोड़ में कल्भट का निर्माण करा कर रोड की मरम्मत कार्य कराई जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

फ्री बिजली देना मुख्यमंत्री का सराहनीय कदम : वीरेन्द्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों को बिजली की बिल से राहत दिलाई है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को घोषणा करते हुए कहा है कि 125 यूनिट तक बिजली घरेलू उपभोक्ताओं को फ्री में मिलेगी उसका कोई भी पैसा नहीं देना पड़ेगा। मुख्यमंत्री के इस सराहनीय पहल के लिए मैं जनता की ओर से उन्हें बधाई देता हूं और उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं। पूर्व सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर लिखा है कि हमलोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी

को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा।

चार मेघावी छात्राओं को केनरा बैंक प्रदान करेगा तीन-तीन हजार की प्रोत्साहन राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय की चार बच्चियों को केनरा बैंक के द्वारा तीन-तीन हजार की राशि प्रदान की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि केनरा बैंक के प्रबंधक नरेंद्र देव पांडे के द्वारा सीएसआर दायित्व के अंतर्गत अनुग्रह मध्य विद्यालय की चार एससी-एसटी छात्राओं क्रमशः सलोनी कुमारी, दिव्या कुमारी, खुशबू कुमारी एवं सलोनी कुमारी को विद्या ज्योति योजना के अंतर्गत तीन-तीन हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु चिन्हित किया है।

बैंक से वर्ग छह, सात एवं आठ की बच्चियों को मेघा के आधार पर चिन्हित करने आए एडवांस सेल्स मैनेजर केनरा बैंक विक्रम कुमार सिंह एवं कीर्ति सिन्हा ने जानकारी दी कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत बैंक की ओर से प्रायः कोई न कोई व्यय सामाजिक सरोकार से संबंधित कार्य के लिए किया जाता है। इसी क्रम में जिले के ख्यातिलब्ध पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विद्या ज्योति स्कीम के तहत एससी-एसटी वर्ग की छात्राओं को उनके पठन-पाठन कार्य में सुविधा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहन राशि देने का प्रबंधक के स्तर से निर्णय लिया गया है।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में 50 से अधिक ग्राहकों को मिला ऋण स्वीकृति पत्र

पंजाब नेशनल बैंक ने किया रिटेल आउटरीच का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पंजाब नेशनल बैंक विगत कई महीनों से जन-जन को अपनी बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के लिए विविध कार्यक्रम/गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को औरंगाबाद, रोहतास तथा अरवल जिले में रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। औरंगाबाद मुख्य शाखा तथा सासाराम मुख्य शाखा में एक विशेष शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 से अधिक ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बैंक के समस्त ग्राहकों के साथ-साथ अन्य जन समुदाय

को भी आवास, वाहन, सोलर, व्यक्तिगत आदि ऋण की सुविधा मुहैया कराना है। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय से आये उप महाप्रबंधक अमित कुमार ग्रोवर उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में सभी को बैंक की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आग्रह किया। इस आउटरीच के दौरान लगभग 40 करोड़ का लीड जेनरेट किया गया। मौके पर औरंगाबाद मंडल के उप मंडल प्रमुख, पीएलपी प्रमुख, औरंगाबाद तथा रोहतास के अग्रणी जिला प्रबंधक, स्थानीय शाखाओं के प्रमुख तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सोन नदी में बाढ़ आने से फंसे दो लोग, रेस्क्यू में जुटा प्रशासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अचानक बाढ़ आ जाने से दो लोग सोन नदी के टिला पर फंस गए। इस दौरान कई लोग तो तैर कर बाहर निकल गए। सूचना मिलते ही फंसे हुए लोगों के स्थान पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार दल बल के साथ पहुंचे और रेस्क्यू में जुट गए। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश हो रही है जिससे सोन नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। इंग्लिश के रामलाल चौधरी एवं गठौली के तुलसी गुप्ता फंसे हुए हैं। फंसे हुए लोग सोन नदी में ही खेती करते थे। इसकी सूचना एसडीआरएफ को दी गयी है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सोन नदी तट पर बसे लोग

सावधान रहे। अभी सोन नदी में कोई भी व्यक्ति न जाएं। अभी अचानक बारिश होने से और भी जलस्तर बढ़ने की संभावना है। विदित हो कि इंद्रपुरी डैम से बुधवार के मध्य रात्रि में करीब 4 लाख 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे अचानक सोन नदी का जल स्तर बढ़ा है। इसकी सूचना लोगों को नहीं थी। फिलहाल, प्रशासन अपना काम कर रही हैं।